CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 22°C
न्यूनतम : 11°C

देहरादून, रविवार 22 फरवरी 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 196 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 4 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



देश की छवि को नुकसान पहुंचाना ठीक नहीं: मायावती पेज 2



भारतीय बेटियों का ऐतिहासिक प्रदर्शन, पहली बार ऑस्ट्रेलिया में जीती टी-20 सीरीज खेल टाइम्स



भारतवंशी वकील नील कात्याल ने पलटा ट्रम्प टैरिफ का खेल पेज 11



कहीं आपके भी होश न उड़ा दे धुरंधर 2 का टीजर! बॉलीवुड

# ब्राजीली राष्ट्रपति ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की

## भारत-ब्राजील में क्रिटिकल मिनरल्स समझौता, पीएम मोदी बोले- पांच साल में 20 अरब डॉलर व्यापार का लक्ष्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा 18-22 फरवरी तक भारत के राजकीय दौरे पर हैं। शनिवार को उन्होंने पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान लूला डी सिल्वा ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की।

उन्होंने यह भी कहा कि आतंकवाद किसी धर्म या राष्ट्रीयता से जुड़ा नहीं है। दूसरी ओर भारत और ब्राजील के बीच क्रिटिकल मिनरल्स और रेयर अर्थ एलिमेंट्स को लेकर समझौता हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि यह समझौता मजबूत सप्लाई चेन बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि भारत और ब्राजील ने अगले पांच सालों में द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब डॉलर से अधिक करने का लक्ष्य रखा है। क्रिटिकल मिनरल्स और रेयर अर्थ एलिमेंट्स से जुड़ा समझौता दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी का एक प्रमुख हिस्सा है, जो ग्लोबल सप्लाई चेन में चीन की निर्भरता कम करने, ग्रीन एनर्जी ट्रांजिशन को सपोर्ट करने और विकासशील देशों की आवाज को मजबूत करने पर केंद्रित है। यह समझौता दोनों देशों को कच्चे माल के निर्यातक से आगे बढ़ाकर प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन और रिसाइक्लिंग में भागीदार बनाने पर जोर देता है। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने कहा कि भारत को लेकर ब्राजील की उम्मीदें बहुत बड़ी हैं।



■ राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने कहा: आतंकवाद किसी धर्म या राष्ट्रीयता से जुड़ा नहीं है

> यह समझौता मजबूत सप्लाई चेन बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है रक्षा क्षेत्र में भी भारत और ब्राजील के बीच सहयोग लगातार बढ़ रहा है, यह दोनों देशों के बीच आपसी भरोसे और रणनीतिक समझ का अच्छा उदाहरण है। आगे भी इस फायदे वाली साझेदारी को और मजबूत किया जाएगा...
> **- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

> भारत को लेकर ब्राजील की उम्मीदें बहुत बड़ी हैं, अगर हम साथ मिलकर काम करेंगे, तो भारत-ब्राजील के रिश्ते और मजबूत होंगे, दोनों देश मिलकर ग्लोबल साउथ को भी मजबूत करेंगे, ताकि दुनिया को दो बड़ी महाशक्तियों के बीच किसी नए शीत युद्ध जैसी स्थिति का सामना फिर कभी न करना पड़े...
> **- लूला डी सिल्वा, ब्राजील के राष्ट्रपति**

# भारत पर लगा 18% टैरिफ भी खत्म


### अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के टैरिफ को रद्द कर दिए जाने के फैसले से भारत पर लगा 18 % रेसिप्रोकल टैरिफ भी अब अवैध घोषित हुआ

### गुस्साए राष्ट्रपति ट्रम्प ने दुनियाभर के देशों पर नए कानून ( सेक्शन -122 ) का इस्तेमाल कर 15 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका में** सुप्रीम कोर्ट के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दुनियाभर के देशों पर लगाए गए टैरिफ को रद्द कर दिए जाने के फैसले से भारत पर लगा 18 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ भी अब अवैध घोषित हो गया है।

दरअसल, ट्रम्प ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए आईईईपीए कानून का इस्तेमाल कर अप्रैल 2025 में दुनिया के करीब 100 देशों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। सुप्रीम कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए कहा था कि ट्रम्प को आईईईपीए कानून का इस्तेमाल करने का अधिकार नहीं है। यह अधिकार राष्ट्रपति को नहीं, सिर्फ संसद को है। कोर्ट के इस फैसले के 3 घंटे के बाद ट्रम्प ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने दुनियाभर के देशों पर नए कानून (सेक्शन-122) का इस्तेमाल कर 15 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ट्रम्प ने एक आदेश पर हस्ताक्षर कर दुनियाभर के देशों पर 15 फीसदी का टैरिफ लगा दिया है। यह टैरिफ 24 फरवरी से लागू हो जाएगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया ब्रिटेन, भारत और यूरोपीय यूनियन समेत अमेरिका के साथ व्यापार समझौते करने वाले देशों को अब 15 फीसदी टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। यानी कि भारत पर अब टैरिफ 18 फीसदी की जगह घटकर 15 फीसदी रह जाएगा। उन्होंने टैरिफ को अवैध बताने वाले जजों की भी आलोचना की। ट्रम्प ने कहा कि मुझे कोर्ट के कुछ जजों पर शर्म आ रही है। वे देश के लिए कलंक हैं, उनमें हमारे देश के लिए सही काम करने की हिम्मत नहीं है। भारत के साथ ट्रेड डील पर ट्रम्प ने कहा कि इस डील में कोई बदलाव नहीं होगा। पीएम मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं। ट्रम्प ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के रद्द किए गए टैरिफ लागू करने के लिए मुझे संसद की जरूरत नहीं है। मैं इन्हें राष्ट्रपति के मिले अधिकारों के जरिये लागू कर सकता हूं। सुप्रीम कोर्ट में रिफंड को लेकर कोई साफ बात नहीं कही गई है। इसलिए अमेरिकी सरकार किसी भी कंपनी को टैरिफ के रूप में वसूला गया पैसा वापस नहीं करेगी। जज ने बहुत ही घटिया फैसला सुनाया है। मुझे लगता है कि अब इस मामले पर अगले दो साल तक कोर्ट में मुकदमा चलेगा।



■ सुप्रीम कोर्ट के रद्द किए गए टैरिफ लागू करने के लिए मुझे संसद की जरूरत नहीं : ट्रम्प

### टैरिफ पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का बारिकी से विश्लेषण कर रहा है भारत

**नई दिल्ली।** अमेरिका द्वारा अलग-अलग देशों पर लगाए गए टैरिफ पर वहां के सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि वह टैरिफ से संबंधित अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का बारीकी से विश्लेषण कर रहा है।

मंत्रालय ने वक्तव्य जारी कर कहा कि हमने कल टैरिफ पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का संज्ञान लिया है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने इस संबंध में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की है। अमेरिकी प्रशासन द्वारा कुछ कदमों की घोषणा की गई है। हम इन सभी घटनाक्रमों के प्रभावों का अध्ययन कर रहे हैं। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट के तहत टैरिफ लगाने के राष्ट्रपति ट्रम्प के अधिकार को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को अपना निर्णय सुनाते हुए इस टैरिफ को रद्द कर दिया है। यह एक्ट अमेरिकी राष्ट्रपति को आपात स्थिति में अलग- अलग तरह के मामलों में इस तरह के कदम उठाने का अधिकार देता है जैसे मामलों की जांच करना, जांच लंबित रहने के दौरान रोक लगाना, तथा आयात या निर्यात को रोकना या प्रतिबंधित करना।

# दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट, लालकिले की सुरक्षा बढ़ाई



शाह टाइम्स ब्यूरो

■ चांदनी चौक का मंदिर भी निशाने पर
■ धार्मिक और ऐतिहासिक जगहों की सिक्योरिटी बढ़ाई गई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खुफिया एजेंसियों से मिले इनपुट के बाद दिल्ली में सिक्योरिटी बढ़ाई गई है। लालकिले के आसपास आईईडी ब्लास्ट की आशंका को लेकर अलर्ट जारी किया है। खुफिया जानकारी के अनुसार पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) ने भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों को अपने निशाने पर रखा है।

सूत्रों के मुताबिक चांदनी चौक इलाके का मंदिर भी आतंकियों के टारगेट पर है। इसके चलते दिल्ली के प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों पर सुरक्षा बढ़ाई गई है। हालांकि इन सूचनाओं की अभी जांच की जा रही है, लेकिन एहतियात बरती जा रही है। दिल्ली पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां मिलकर स्थिति पर नजर रख रही हैं। संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी से निगरानी, वाहनों की जांच और अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। साथ ही बम स्क्वाड, डॉग स्क्वाड और क्विक रिएक्शन टीमों की तैनाती की गई हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की तुरंत पुलिस या आपात सेवाओं को सूचना देने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है, यह कदम केवल सावधानी के तौर पर उठाए गए हैं। यह अलर्ट 10 नवम्बर 2025 को लाल किले के पास हुए एक कार बम धमाके के बाद आया है। उस धमाके में 13 लोगों की मौत हो गई थी और 20 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। लालकिला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास विस्फोटकों से भरी कार फटने से आसपास खड़ी कई गाड़ियों में आग लग गई थी और इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी। 6 फरवरी को पाकिस्तान के इस्लामाबाद की मस्जिद में हुए धमका का बदला लेने के लिए लश्कर भारत में बड़ी आतंकी वारदात के फिराक में है।

# तीन राज्यों में SIR की फाइनल लिस्ट पब्लिश

■ राजस्थान में 5.15 करोड़, छत्तीसगढ़ में 1.87 करोड़ वोटर रजिस्टर्ड
■ अब तक छह राज्यों-यूटी की सूची जारी

**नई दिल्ली।** देश के 12 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव आयोग के वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का दूसरा फेज अपने अंतिम चरण में है। शनिवार को राजस्थान, छत्तीसगढ़ और केरल की फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश हुई।

राजस्थान में 5.15 करोड़, छत्तीसगढ़ में 1.87 करोड़ और केरल में 2.69 करोड़ वोटर के नाम फाइनल वोटर लिस्ट में है। अब तक कुल 6 राज्यों-यूटी की फाइनल लिस्ट आ चुकी है। गोवा और अंडमान-निकोबार की लिस्ट भी आ सकती है। इससे पहले लक्षद्वीप, पुड्डुचेरी और गुजरात की अंतिम मतदाता सूची जारी हुई थी। 23 फरवरी को तमिलनाडु और मध्य प्रदेश की लिस्ट आएगी। उत्तर प्रदेश-राजस्थान समेत 12 राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया 27 अक्टूबर 2025 से शुरू हुई थी। 23 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी तक नाम जोड़ने, हटाने और सुधार के लिए आवेदन लिए गए, जिनका निपटारा करने के बाद फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश की जा रही है।

# राजधानी दिल्ली में गर्मी बढ़ी

■ अगले हफ्ते 33 डिग्री तक पहुंच सकता है दिन का तापमान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने से धीरे-धीरे गर्मी बढ़ने लगी है। मौसम विभाग ने बताया कि राजधानी में तेज धूप खिलने के साथ न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से लगभग 2.4 डिग्री ज्यादा है।

विभाग ने संकेत दिया है कि अगले छह दिनों में तापमान बढ़ने का अनुमान है। न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री तक ज्यादा हो सकता है। शहर में दिन के तापमान में भी तेजी से बढ़ोतरी होने की संभावना है। अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री से ज्यादा बढ़कर अगले हफ्ते शुक्रवार तक 30 डिग्री के निशान को पार करके 33 डिग्री तक पहुंच सकता है।

# इतिहास में पहली बार होगा अरबों डॉलर का रिफंड

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका की** सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सबसे बड़े टैरिफ वाले फैसले को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने साफ कहा कि ट्रम्प ने जिस आपातकालीन कानून का इस्तेमाल करके दुनिया भर के देशों पर आयात टैक्स लगाया था, वह कानूनी रूप से सही नहीं था।

कोर्ट का कहना है कि आयात पर टैक्स लगाने का अधिकार राष्ट्रपति नहीं बल्कि अमेरिकी संसद (कांग्रेस) के पास होता है, लेकिन अब सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो गया है कि सरकार ने जो करीब 133 अरब डॉलर (लगभग 11 लाख करोड़ रुपये) टैरिफ के रूप में पहले ही वसूल कर लिए हैं, उनका क्या होगा। बड़ी-बड़ी कंपनियां अब अपने पैसे वापस मांग रही हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि आखिरकार कंपनियों को रिफंड मिल सकता है, लेकिन यह प्रक्रिया बहुत लंबी, जटिल और विवादों से भरी रहने वाली है। जानकारों के मुताबिक, रिफंड का फैसला अमेरिकी कस्टम विभाग, इंटरनेशनल ट्रेड कोर्ट और अन्य अदालतों के जरिए तय होगा। इसमें 12 से 18 महीने या उससे भी ज्यादा समय लग सकता है। कई कंपनियों ने तो पहले ही केस कर दिए हैं, ताकि वे रिफंड की लाइन में सबसे आगे रह सकें। आम लोगों को इस फैसले से सीधे पैसे वापस मिलने की उम्मीद नहीं है। वजह यह है कि टैरिफ का बोझ कंपनियों ने बढ़ी कीमतों के रूप में ग्राहकों पर डाल दिया था और यह साबित करना मुश्किल होगा कि किसी ग्राहक ने कितना अतिरिक्त पैसा दिया। कई बड़ी कंपनियां जैसे कास्टको, रेव्लान और बम्बल बी फूड्स पहले ही रिफंड के लिए मुकदमे दायर कर चुकी हैं, ताकि फैसला उनके पक्ष में आने पर उन्हें जल्दी पैसा मिल सके। आगे और भी कानूनी लड़ाइयां होने की संभावना है, क्योंकि कुछ निर्माता यह भी दावा कर सकते हैं कि कच्चे माल की कीमत बढ़ाने वाले सप्लायरों से भी हिस्सा लिया जाए।



■ अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से झटके के बाद बढ़ी ट्रम्प की मुश्किलें, अब 133 अरब डॉलर लौटाने की चुनौती

# अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बोले राहुल गांधी, प्रधानमंत्री फिर करेंगे समर्पण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का आयात शुल्क संबंधी फैसला पलटे जाने के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए शनिवार को कहा कि वह एक बार फिर अमेरिका के सामने समर्पण करेंगे।

राहुल गांधी ने कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में श्री मोदी की स्थिति कमजोर हुई है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा प्रधानमंत्री ने देशहित से समझौता किया है। उनका विश्वासघात अब सबके सामने है। श्री गांधी ने कहा कि श्री मोदी अब समझौते की शर्तों पर पुनः बातचीत नहीं कर सकते। वह एक बार फिर समर्पण करेंगे। उल्लेखनीय है कि अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न देशों पर भारी आयात शुल्क लागू करने के श्री ट्रम्प के फैसले को असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि यह शक्ति सिर्फ अमेरिकी संसद के पास है। श्री गांधी की यह टिप्पणी भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच बढ़ते राजनीतिक टकराव के बीच आई है। कांग्रेस ने बार-बार इस समझौते के समय, पारदर्शिता और शर्तों को लेकर चिंता जताई है।



■ कहा: अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में पीएम मोदी की स्थिति कमजोर हुई

## चौथा रोज़ा

### अल्लाह की अदालत में रोज़ेदार का वकील है चौथा रोज़ा

रोजा नेकी का छाता है। जिस तरह छतरी या छाता बारिश या धूप से अपने लगाने वाले की हिफाजत करता है, ठीक उसी तरह रोजा भी रोजेदार की हिफाजत की गारंटी है। शर्त यह है कि रोजा शरई तरीके से रखा जाए। अहकामे-शरीअत यह है कि रोजा रखने में बुग्ज, फरेब, फसाद, झूठ और बेईमानी से बचा जाए। जाहिर है कि कोई शख्स जब नेक नीयत और अच्छे जज्बे के साथ रोजा रखता है, अल्लाह की रजामंदी हासिल करने के लिए रोजा रखता है यह सोचकर रोजा रखता है कि अल्लाह सब देख रहा है यानी अल्लाह के खौफ का ख्याल करके रोजा रखता है तो उसमें पाकीजगी-ए-ख्यालात पैदा होती है जो नेक अमल के जरिये रोजे को रोजदार का पैरोकार बनाती है। यानी परहेजगारी के साथ रखा गया रोजा अल्लाह के सामने रोजादार की ईमानदारी का तो तरफदार है ही, पाकीजगी का पैरोकार भी है। परहेजगारी से रखा गया रोजा खुद सिफारिश बनकर रोजदार के लिए अल्लाह की नेमतों के दरवाजे खोलता है।




## संक्षिप्त समाचार

### अजित पवार के भतीजे का आरोप, प्लेन क्रैश बड़ी साजिश

**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के विधायक रोहित पवार ने अजित पवार के प्लेन क्रैश पर फिर सवाल उठाए। उन्होंने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्क्रीन पर डेटा और फोटो दिखाए। ब्लैक बॉक्स को लेकर शक जताया जा रहा था। उनके मुताबिक, दुर्घटना के समय सिर्फ एक धमाका नहीं हुआ था, बल्कि कई धमाके हुए थे। विमान में सामान रखने वाली जगह पर अतिरिक्त पेट्रोल के डिब्बे रखे गए थे, जिससे आग भड़की। सभी पहलुओं की गहराई से जांच होनी चाहिए।

### आपदा प्रबंधन नीति की मजबूती के लिए त्रिपक्षीय समझौता

**नई दिल्ली।** देश में आपदा प्रबंधन नीति को मजबूत बनाने के उद्देश्य से आपदा प्रबंधन और जोखिम न्यूनीकरण में अकादमिक कार्यक्रम शुरू कर, क्षमता निर्माण, नीति अनुसंधान और संचार को बढ़ावा देने के ख्याल से एक महत्वपूर्ण सहयोगात्मक ढांचा स्थापित करने के लिए आपसी सहमति के एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ज्योतिष पीठ शंकराचार्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का कोर्ट का आदेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज की एडीजे रेप एवं पोक्सो स्पेशल कोर्ट ने ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों के मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। एडीजे (पोक्सो एक्ट) विनोद कुमार चौरसिया ने 'पुलिस को मामले में एफआईआर दर्ज कर विधिवत विवेचना करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट के आदेश के बाद झूंसी थाने में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। यह अर्जी शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 173(4) के तहत दाखिल की गई थी। आरोप है कि संबंधित आश्रम में नाबालिग बच्चों के साथ यौन शोषण हुआ। आवेदक ने अदालत में कथित साक्ष्य के रूप में सीडी भी प्रस्तुत करने का दावा किया है। 13 फरवरी को आरोप लगाने वाले दोनों नाबालिगों के बयान अदालत में वीडियोग्राफी के साथ दर्ज किए गए थे।

### सीआरपीएफ का वाहन नहर में गिरने से सात जवान घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के पास शनिवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वाहन के नहर में गिर जाने से कम से कम सात जवान घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार यह हादसा सुबह डागपोरा-उमरहेयर रोड पर अहमदनगर क्षेत्र में हुआ। बताया गया है कि चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण गाड़ी सड़क से फिसलकर नहर में जा गिरी। घटना के तुरंत बाद राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया और सभी घायल जवानों को तुरंत श्रीनगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।


### ग्रामीण ऋण, सिचाई, विपणन और आधारभूत ढांचे में केंद्रित हस्तक्षेप की सिफारिश

# नाबार्ड रिपोर्ट में उप्र के विकास की असमान तस्वीर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** नाबार्ड की वर्ष 2026-27 के लिए जारी उत्तर प्रदेश की सामाजिक एवं आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में राज्य की सामा. जिक-आर्थिक और वित्तीय विकास के मानकों पर गहरी क्षेत्रीय असमानताएं सामने आई हैं। जनसंख्या वितरण, कृषि पर निर्भरता, जोत के आकार और बैंकिग पहुंच में अंतर के कारण प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में विकास की रफ्तार अलग-अलग सामने आई हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि समावेशी कृषि और ग्रामीण विकास के लिए क्षेत्र-विशिष्ट नीतियां और संसाधनों का लक्षित आवंटन आवश्यक है। रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश के कुछ हिस्सों में ऋण प्रवाह, वित्तीय मध्यस्थता और आधारभूत संरचना मजबूत है, जबकि अन्य




■ कृषि पर निर्भरता, जोत के आकार और बैंकिग पहुंच में अंतर के कारण विकास की गति प्रभावित

क्षेत्र अभी भी कृषि पर अत्यधिक निर्भर हैं और वहां संस्थागत ढांचा व बैंकिग पहुंच कमजोर है। नाबार्ड ने ग्रामीण ऋण, सिचाई, विपणन और आधारभूत ढांचे में केंद्रित हस्तक्षेप की सिफारिश की है।

रिपोर्ट के अनुसार पूर्वी क्षेत्र कृषि सेवा केंद्र, नर्सरी, पावर टिलर, मत्स्य सहकारी समितियों, भंडारण गोदाम और ग्रामीण बाजार ढांचे में अग्रणी है। पश्चिमी क्षेत्र स्वास्थ्य सुविधाओं, डिस्पेंसरी, रेलवे संपर्क और मंडी यार्ड के मामले में बेहतर स्थिति में है। इसके विपरीत बुंदेलखंड क्षेत्र स्वास्थ्य, कृषि और सहकारिता से जुड़े अधिकांश संक. ेतकों में सबसे निचले स्तर पर है, जिससे वहां विशेष विकास पैकेज की जरूरत बताई गई है। मध्य क्षेत्र कृषि इनपुट और मृदा परीक्षण में मध्यम स्थिति में है, लेकिन स्वास्थ्य और सहकारी संरचना को मजबूत करने की आवश्यकता है। पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों में जनसंख्या और क्षेत्रफल का बड़ा हिस्सा केंद्रित है, लेकिन वित्तीय और कृषि सूचकांक असमान विकास को दर्शाते हैं। बुंद. ेलखंड और पूर्वी यूपी में कृषि पर निर्भरता अधिक है, जहां छोटी और बिखरी जोतें उत्पादकता और आय क्षमता को सीमित करती हैं। पश्चिमी और मध्य क्षेत्रों में जमा, ऋण व क्रेडिट-डिपॉजिट अनुपात बेहतर है, जबकि पूर्वी यूपी और बुंदेलखंड में शाखा घनत्व कम, ऋण प्रवाह कमजोर और प्रति हेक्टेयर कृषि ऋण न्यूनतम है। बुंदेलखंड में बैंक शाखाओं की संख्या सबसे कम है। पूर्वी और बुंदेलखंड क्षेत्रों में ग्रामीण और बीपीएल आबादी का प्रतिशत अधिक है। अनुसूचित जाति की आबादी बुंदेलखंड और मध्य क्षेत्रों में अपेक्षाकृत ज्यादा पाई गई है।

### पश्चिमी क्षेत्र में पक्के मकानों और बिजली की उपलब्धता सबसे अधिक

पश्चिमी क्षेत्र में पक्के मकानों और बिजली की उपलब्धता सबसे अधिक है, जबकि बुंदेलखंड दोनों मामलों में पीछे है। स्वतंत्र शौचालय की उपलब्धता मध्य क्षेत्र में सबसे अधिक है, जबकि बुंदेलखंड और पूर्वी क्षेत्र में अपेक्षाकृत कम है। गांवों का विद्युतीकरण लगभग सार्वभौमिक है, लेकिन गांव स्तर पर डाकघरों की उपलब्धता खासकर पूर्वी क्षेत्र में कम है। राज्य के सकल फसल क्षेत्र में पश्चिमी क्षेत्र की हिस्सेदारी 36 प्रतिशत और पूर्वी क्षेत्र की लगभग 30 प्रतिशत है। बुंदेलखंड और मध्य क्षेत्र की हिस्सेदारी 16.16 प्रतिशत है। पश्चिमी क्षेत्र कम जनसंख्या हिस्सेदारी के बावजूद कृषि विकास और भूमि उपलब्धता के मामले में आगे है। बुंदेलखंड का जनसंख्या हिस्सा 4.85 प्रतिशत है।

# किसानों की समृद्धि के लिए सरकार प्रतिबद्धः योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सीएम ने 460 करोड़ की सहायता राशि किसानों व जरूरतमंदों के बैंक खातों में हस्तांतरित की

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रदेश के किसानों और जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत देते हुए कुल 460 करोड़ रुपये की सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की सुरक्षा और समृद्धि के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस राशि में फसल बीमा योजना के तहत 2.51 लाख किसानों को 285 करोड़ रुपये तथा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 3500 लाभार्थी परिवारों को 175 करोड़ रुपये प्रदान किए गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि फसल बीमा योजना के माध्यम से प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों को आर्थिक संबल दिया जा रहा है, जबकि कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के जरिए दुर्घटना से प्रभावित परिवारों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में आपदा प्रबंधन की पहली कड़ी 'आपदा मित्र' हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए इस अभियान को उत्तर प्रदेश ने प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि प्रदेश के 25 जिलों में एनसीसी, एनएसएस, एनवाईके एस और भारत स्काउट्स एंड गाइड्स से जुड़े 29,772 युवा स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया गया है। इन युवाओं को आपदा प्रबंधन, राहत और बचाव कार्यों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में वे तुरंत सहायता पहुंचा सकें। उन्होंने कहा कि सरकार ने आपदा प्रबंधन को प्राथमिकता देते हुए एक मजबूत और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र विक. सित किया है, जिससे किसी भी प्राकृतिक या आकस्मिक आपदा के दौरान संगठित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। सरकार के इस कदम को किसानों और आपदा प्रभावित परिवारों के लिए बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 22 फरवरी से सिंगापुर और जापान की महत्वपूर्ण विदेश यात्रा पर रवाना होंगे। यह दौरा प्रदेश के परिवहन ढांचे के आधुनिकीकरण, निवेश आकर्षित करने और अत्याधुनिक रेल तकनीकों के अध्ययन के लिहाज से अहम माना जा रहा है। सरकारी सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के विकास मॉडल, शहरी नियोजन और सार्वजनिक परिवहन व्यवस्थाओं का गहन अध्ययन करेंगे। विशेष रूप से जापान में वे हाई-स्पीड रेल और मैग्लेव तकनीक का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करेंगे।

जापान प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री मैग्लेव ट्रेन की 100 किलोमीटर की परीक्षण यात्रा में भाग लेंगे। यह ट्रेन चुंबकीय शक्ति के सहारे पटरी से ऊपर तैरते हुए चलती है और अत्यधिक गति से संचालित होती है। बताया जा रहा है कि परीक्षण के दौरान ट्रेन की 600 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार का प्रदर्शन किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि इस तकनीक के अध्ययन से उत्तर प्रदेश में भविष्य की उच्च गति रेल परियोजनाओं और क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के विकास में मदद मिल सकती है।

# देश की छवि को नुकसान पहुंचाना ठीक नहीं: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने नई दिल्ली में आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट' के दौरान हुए विरोध-प्रदर्शन पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने इस घटना को 'अति-अशोभनीय व निन्दनीय' करार देते हुए कहा कि ऐसे अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों में इस प्रकार का आचरण देश की गरिमा और छवि को प्रभावित करता है।

अपने आधिकारिक बयान में उन्होंने कहा कि नई दिल्ली में आयोजित इस समिट में देश और विदेश के कई प्रमुख लोग आमंत्रित थे और यह आयोजन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में रहा। उन्होंने कहा कि ऐसे में कार्यक्रम के दौरान कुछ लोगों द्वारा अर्धनग्न होकर विरोध प्रकट करना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने यह



■ बसपा प्रमुख ने एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान हुए विरोध-प्रदर्शन पर कड़ी आपत्ति जताई

प्रदर्शन किया, उनमें अधिकतर कांग्रेसी युवा बताए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि यह सम्मेलन अंतर्राष्ट्रीय स्तर का न होता तो बात अलग हो सकती थी, लेकिन वैश्विक मंच पर इस तरह की घटनाएं देश की इमेज को नुकसान पहुंचा सकती हैं। सुश्री मायावती ने सभी राजनीतिक दलों और युवाओं से अपील की कि विरोध दर्ज कराना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन उसका तरीका मर्यादित और जिम्मेदार होना चाहिए।

# भारत-अमेरिका व्यापार सौदे की घोषणा के पीछे हताशाः जयराम रमेश

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा के समय पर सवाल उठाते हुए शनिवार को कहा कि समझौते में देश के हितों का ध्यान नहीं रखा गया है। 'एक्स' पर एक विस्तृत पोस्ट में रमेश ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की उन टिप्पणियों का हवाला दिया, जो उनकी आयात शुल्क नीति को रद्द करने के अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद आई हैं।

कांग्रेस नेता के अनुसार ट्रम्प ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी उनके 'परम मित्र' हैं, भारत-अमेरिका व्यापार सौदा घोषणा के अनुरूप जारी रहेगा और उन्होंने व्यक्तिगत रूप से 10 मई 2025 को भारतीय सामान पर आयात शुल्क बढ़ाने की धमकी देकर 'ऑपरेशन सिंदूर' को



रोकने के लिए हस्तक्षेप किया था। रमेश ने अमेरिकी राष्ट्रपति के गत दो फरवरी के उस बयान का भी उल्लेख किया, जिसमें भारत-अमे. रिका व्यापार सौदे को अंतिम रूप देने की घोषणा की गई थी। उन्होंने ट्रम्प के हवाले से कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रति मित्रता और सम्मान के कारण तथा उनके अनुरोध पर, तत्काल प्रभाव से हम अमेरिका और भारत के बीच एक व्यापार समझौते पर सहमत हुए हैं। कांग्रेस नेता ने इस घोषणा के समय पर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि प्रधानमंत्री मोदी को भारतीय समयानुसार 2 फरवरी की रात को राष्ट्रपति ट्रम्प से भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा करवाने के लिए किसने मजबूर किया? उस दोपहर लोकसभा में ऐसा क्या हुआ था, जिसने मोदी को इतना हताश कर दिया और ध्यान भटकाने के लिए व्हाइट हाउस में अपने अच्छे दोस्त से संपर्क करने के लिए मजबूर किया? रमेश ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने राजनीतिक मजबूरी में काम किया। उन्होंने दावा किया कि यदि सरकार ने केवल 18 दिन और प्रतीक्षा की होती, तो भारतीय किसानों को उनकी पीड़ा और संकट से बचाया जा सकता था और भारतीय संप्रभुता की रक्षा की जा सकती थी। इस समझौते को हानिकारक बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की हताशा और समर्पण के कारण देश को भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के रूप में अग्निपरीक्षा से गुजरना पड़ रहा है।

# लखनऊ में यूजीसी एक्ट के विरोध में उग्र प्रदर्शन, पुलिस से झड़प

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शनिवार को यूजीसी की नई नीतियों के विरोध में छात्रों और युवाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान आंदोलनकारियों और पुलिस के बीच तीखी झड़प और धक्का-मुक्की हुई। हालात उस समय तनावपूर्ण हो गए जब प्रदर्शनकारी पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स पर चढ़ गए और सुरक्षा घेरा तोड़ने की कोशिश करने लगे।

प्रदर्शनकारी नारेबाजी करते हुए विधानसभा की ओर कूच कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए हजरतगंज क्षेत्र में भारी बैरिकेडिंग की थी, लेकिन भीड़ पीछे हटने को तैयार नहीं थी। बैरिकेडिंग लांघने की कोशिश में कई प्रदर्शनकारियों को हल्की चोटें आईं। भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। कुछ प्रदर्शनकारियों ने सांकेतिक रूप से कपड़े उतारकर सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अलंकार अग्निहोत्री ने केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था में किए जा रहे बदलाव छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हैं। उन्होंने दावा किया कि सरकार की नीतियों से सवर्ण समाज का मोहभंग हो रहा है और यदि युवाओं की मांगें नहीं मानी गईं, तो आंदोलन प्रदेशव्यापी रूप ले सकता है।

प्रदर्शन के कारण हजरतगंज और आसपास के प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था चरमरा गई। कई घंटों तक लंबा जाम लगा रहा, जिससे आम लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पुलिस प्रशासन ने अतिरिक्त बल तैनात कर स्थिति को नियंत्रित किया और कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर धरना स्थल से हटाया।

### क्रोएशिया के पीएम ने किया ताज का दीदार

**आगरा।** क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेनकोविक शनिवार को अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ ताजमहल देखने आगरा पहुंचे। वे दिल्ली से यमुना एक्सप्रेस-वे के रास्ते दोपहर करीब एक बजे आगरा स्थित एक निजी होटल पहुंचे, जहां भारतीय परंपरा के अनुसार उनका स्वागत सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया गया। इसके बाद वे गोल्फ कार्ट के जरिए ताजमहल परिसर में प्रवेश किया। प्रधानमंत्री प्लेनकोविक अपने परिवार के साथ करीब डेढ़ घंटे तक ताजमहल परिसर में रहे। इस दौरान गाइड ने उन्हें स्मारक के इतिहास और स्थापत्य से संबंधित जानकारी दी। परिवार ने स्मारक के सामने फोटो सेशन भी कराया। उच्चस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर ताजमहल को आम पर्यटकों के लिए अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया था।

## एआई शिखर सम्मेलन के दौरान युवा कांग्रेस के प्रदर्शन का किया बचाव

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर किसानों और डेटा सुरक्षा से समझौता करने का आरोप लगाते हुए एआई शिखर सम्मेलन के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन का बचाव करते हुए उसे सही ठहराया है। सुश्री श्रीनेत ने एआई सम्मेलन के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन का बचाव करते हुए शनिवार को कहा कि प्रदर्शनकारी साहसी हैं और उन्होंने किसानों, युवाओं और ऊर्जा सुरक्षा के समर्थन में आवाज उठाकर किसानों के लिए नुकसानदायक भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का विरोध कर निडर कदम उठाया है। गौरतलब है कि युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को भारतमंडपम में घुसकर भारत अमे. रिका व्यापार समझौते के विरोध में प्रदर्शन किया था। पुलिस के अनुसार प्रदर्शन कर रहे युवा कांग्रेस के लगभग 10 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया है। पुलिस का यह भी कहना है कि इन युवाओं ने कथित तौर पर धोखा देकर भारत मंडपम में प्रवेश किया और मोदी के खिलाफ नारेबाजी भी की। कांग्रेस नेता ने इस विरोध प्रदर्शन को गलत बताने वालों को आड़े हाथ लिया। और कहा कि मुझे यह जानने की उत्सुकता है कि युवा कांग्रेस के युवाओं ने क्या गलत किया है। युवा कांग्रेस इस देश की आवाज है। युवाओं ने शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन से कौन नाराज है। नारा. जगी किस बात की है।

# बंगाल में विकास के आंकड़ों से दिया विपक्ष को जवाब

नई दिल्ली, वार्ता

■ तृणमूल के वरिष्ठ नेता डेरेक ओ ब्रायन ने शुरू की राजनीतिक पहल 'मॉर्निंग वॉक'

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डेरेक ओ ब्रायन ने शनिवार को 'मॉर्निंग वॉक' नामक एक नई राजनीतिक जनसंपर्क पहल की शुरुआत की। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 'चौथे कार्यकाल के लिए पूरी तरह तैयार' हैं।

अपने दावे के समर्थन में उन्होंने यहां एक बयान जारी करके प्रमुख आर्थिक आंकड़ों का हवाला दिया। श्रंखला के पहले संस्करण 'मॉर्निंग वॉक- एक' की घोषणा करते हुए ओ ब्रायन ने कहा कि यह श्रृंखला पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार के प्रदर्शन को बताने वाले डाटा और तर्क पेश करेगी। सुश्री बनर्जी के नेतृत्व में हुई महत्वपूर्ण आर्थिक प्रगति का विवरण देते हुए ओ ब्रायन ने कहा कि ममता बनर्जी चौथे कार्यकाल के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने आंकड़े पेश करते हुए बताया कि राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) पांच गुना बढ़कर 21.5 लाख करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि राज्य की कुल अर्थव्यवस्था तीन गुना से अधिक बढ़कर 18 लाख करोड़ रुपये हो गई है और निर्यात दोगुना होकर 12 अरब अमेरिकी डॉलर (1,088.76 अरब रुपये) तक पहुंच गया है। राज्यसभा सांसद ने इस श्रंखला के हिस्से के रूप में एक वीडियो लिंक भी साझा किया है, जो यह संकेत देता है कि इस अभियान में अगले विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के पक्ष को मजबूत करने के लिए डिजिटल संपर्क और आर्थिक डेटा का इस्तेमाल किया जाएगा। तृणमूल कांग्रेस ने बुनियादी ढांचे में सुधार, सामाजिक कल्याण योजनाओं के वितरण और औद्योगिक विकास की ओर बार-बार इशारा करते हुए यह तर्क दिया है कि राष्ट्रीय और वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद पश्चिम बंगाल ने अपनी आर्थिक गति बनाए रखी है। राज्य का विकास पथ 2011 से सुश्री बनर्जी के नेतृत्व में प्रशासनिक स्थिरता और लक्षित कल्याणकारी योजनाओं को दर्शाता है। विपक्ष ने हालांकि राज्य सरकार के आर्थिक दावों पर सवाल उठाए हैं और कर्ज के स्तर, रोजगार सृजन तथा औद्योगिक निवेश को लेकर चिंताएं जताई हैं। प्रतिद्वंद्वी दलों का तर्क है कि विकास के ये मुख्य आंकड़े व्यवसायों और नौकरी चाहने वालों की चुनौतियों को पूरी तरह से नहीं दर्शाते हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रयागराज में वसूली के आरोप में मेरठ के दो दरोगा गिरफ्तार

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के धूमनगंज क्षेत्र से मेरठ पुलिस ने वसूली के आरोप में अपने ही विभाग के दो दरोगाओं को गिरफ्तार किया है। दोनों पिछले दो दिनों से प्रयागराज में छिपे हुए थे और पुराने मोबा. इल नंबर बंद कर नए नंबर का इस्तेमाल कर रहे थे। पकड़े गए दरोगाओं की पहचान लोकेंद्र साहू और महेश कुमार के रूप में हुई है। उन पर मेरठ के टीपीनगर निवासी धागा कारोबारी रासिक को फर्जी मुठभेड़ (एनकाउंटर) में फंसाने की धमकी देकर 20 लाख रुपये वसूलने का आरोप है। सूत्रों के अनुसार दोनों दरोगा दो दिन पहले प्रयागराज पहुंचे थे और एक अधिवक्ता के संपर्क में थे। पहले उन्हें हाईकोर्ट के पास मिलने के लिए बुलाया गया, लेकिन उन्होंने वहां आने से इनकार कर धूमनगंज के कन्हईपुर मोहल्ले स्थित अधिवक्ता के मुंशी के घर मिलने का स्थान तय किया। इसी बीच मेरठ पुलिस को उनके नए मोबाइल नंबर की जानकारी मिल गई। सर्विलांस के जरिए नंबर की लोकेशन प्रयागराज में मिली। इसके बाद मेरठ पुलिस की एक टीम गुरुवार को ही प्रयागराज पहुंच गई और शुक्रवार शाम करीब छह बजे धूमनगंज में छापा मारकर दोनों को हिरासत में ले लिया। बताया गया है कि कार्रवाई को पूरी तरह गोपनीय रखा गया। गिरफ्तारी के लिए स्थानीय धूमनगंज पुलिस की मदद नहीं ली गई। टीम ने केवल थाने में यह सूचना दी थी कि वह एक वांछित की तलाश में जा रही है। हिरासत में लेने के बाद मेरठ पुलिस दोनों को सीधे मेरठ लेकर रवाना हो गई।

## वाराणसी में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला फूंका

**वाराणसी।** दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए प्रदर्शन के विरोध में शनिवार को वाराणसी के जिला मुख्यालय पर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के जिला एवं महानगर कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का पुतला भी फूंका। भाजयुमो के जिला महामंत्री अमित पांडेय ने बताया कि राहुल गांधी के इशारे पर उनके कार्यकर्ताओं ने देश की छवि खराब करने की को. शिश की। उन्होंने कहा कि 'जिन्ना के मुन्ना' के खिलाफ यह विरोध प्रदर्शन किया गया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी इससे पहले भी विदेशों में जाकर देश की छवि खराब करते रहे हैं। उन्हें इतनी समझ भी नहीं कि जहां दुनिया भर के देश समिट में एकत्रित हुए हैं और भारत ने सकारात्मक छवि प्रस्तुत की है, वहां राहुल गांधी के कार्यकर्ताओं ने पहुंच कर भारत को बदनाम करने का प्रयास किया। नग्नता का प्रदर्शन कांग्रेस की मानसि. कता को दर्शाता है।

# कारपोरेट सामाजिक दायित्व को 'राष्ट्र निर्माण की पूंजी' बनाने की जरूरतः राधाकृष्णन

नई दिल्ली, वार्ता

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने परिवर्तन के लिए सरकार-उद्योग-समाज के समन्वय की आवश्यकता पर बल देते हुए कॉर्पोरेट जगत से लाभ को उद्देश्य के साथ जोड़ने का आग्रह किया और हर व्यक्ति का आह्वान किया कि बदलाव का वह जो भी संकल्प ले उसे पूरा किया जाना जरूरी है। राधाकृष्णन ने शनिवार को भारत मंडपम में एक राष्ट्रीय समाचारपत्र समूह की ओर से आयोजित राष्ट्रीय कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) शिखर सम्मेलन 2026 को संबोधित किया।

परिवर्तन के लिए सरकार-उद्योग-समाज के समन्वय को आवश्यक बताते हुए उन्होंने सबका सीएसआर को 'राष्ट्र निर्माण की पूंजी' बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वह कॉर्पोरेट जगत से लाभ को उद्देश्य के साथ जोड़ने का आग्रह कर कहना चाहते हैं कि जब आप कोई संकल्प लेते हैं, तो उसे पूरा अवश्य करें। उपराष्ट्रपति ने कहा कि जब संस्थाएं मिलकर काम करती हैं, तो समाज और राष्ट्र सामूहिक रूप से आगे बढ़ते हैं और देश के इस परिवर्तनकारी



दौर में ऐसा सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक दशक में भारत की प्रगति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत विश्व की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। देश में संरचनात्मक सुधार, समावेशी विस्तार, डिजिटल कनेक्टिविटी, वित्तीय समावेशन और अवसंरचना विकास के जरिए 25 करोड़ से अधिक नागरिकों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला गया है और सभी क्षेत्रों और समुदायों में आकांक्षाओं को बढ़ाया है।

विकास के अगले चरण में सरकार, उद्योग और नागरिक समाज के बीच गहन साझेदारी की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व अब हाशिए पर नहीं बल्कि राष्ट्रीय प्रगति के केंद्र में है। उन्होंने सीएसआर को उस क्षेत्र के रूप में वर्णित किया जहां उद्यम और सहानुभूति आपस में मिलते है, जहां वित्तीय विवरण मानवीय कहानियों से जुड़ते हैं और जहां विकास को एक उद्देश्य मिलता है। राधाकृष्णन ने आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण और 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य पर जोर देते हुए कहा कि विकास व्यापक होना चाहिए, समृद्धि समावेशी होनी चाहिए और सतत विकास अनिवार्य है। सीएसआर सार्वजनिक शिक्षा को मजबूत करके, दूरस्थ क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाकर, उद्योग- अनुकूल कौशल विकास को बढ़ावा देकर, महिला नेतृत्व वाले उद्यमों का समर्थन करके और नवीकरणीय ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन से निपटने की पहलों के माध्यम से हरित परिवर्तन को गति देकर एक परिवर्तनकारी भूमिका निभा सकता है।

### ईमानदार करदाता सबसे अधिक देशभक्त नागरिक

सीएसआर केवल कानून का पालन करना ही नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता है। ईमानदार करदाता सबसे अधिक देशभक्त नागरिक है और जब भारतीय कॉर्पोरेट जगत समुदायों, स्थिरता, युवाओं और नवाचार में निवेश करता है तो इससे सामाजिक पूंजी का निर्माण होता है जिससे दीर्घकालिक विकास सुनिश्चित होता है। उन्होंने व्यापार सुगमता, डिजिटल शासन और जीएसटी जैसे नीतिगत सुधारों का जिक्र करते हुए कहा कि इन उपायों से व्यवस्था में विश्वास और पारदर्शिता मजबूत हुई है। उनका कहना था कि सिर्फ नीतियों से ही किसी राष्ट्र का परिवर्तन नहीं हो सकताद्ध परिवर्तन तभी होता है जब सरकार, उद्योग और नागरिक समाज एक साथ मिलकर काम करते हैं, यही इस शिखर सम्मेलन का मूल भाव है। उपराष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि शिखर सम्मेलन से राज्यों और क्षेत्रों में नई प्रतिबद्धताएं और अनुकरणीय मॉडल सामने आएंगे। उन्होंने कॉर्पोरेट दिग्गजों से आग्रह किया कि वे साहसिक रूप से सोचें, रणनीतिक रूप से निवेश करें, प्रभाव का कड़ाई से आकलन करें और सीएसआर को व्यय के रूप में नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण पूंजी के रूप में देखें।

# दिव्य, भव्य और ऐतिहासिक होगा कुंभ मेला: सीएम

## हरिद्वार में मुख्यमंत्री ने की कुंभ मेला तैयारियों की समीक्षा, दिए जरूरी निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को हरिद्वार में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में कुंभ मेला-2027 की तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हरिद्वार में अगले वर्ष आयोजित होने वाला कुंभ मेला दिव्य, भव्य और ऐतिहासिक होगा। मेले के दौरान श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधा, सुगमता और सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस महाआयोजन की व्यवस्थाओं में कोई भी कमी नहीं रहने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कुंभ मेले से संबंधित कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण करने के सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें और लिए गए निर्णयों का अविलंब अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।



■ श्रद्धालुओं की सुविधा, सुगमता और सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता- जिसके लिए होंगे सभी जरूरी प्रबंध ■ मेले की तैयारियों को समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा करने के दिए सख्त निर्देश

मेला नियंत्रण भवन, हरिद्वार में आयोजित इस बैठक में मुख्यमंत्री ने मेले की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों पर हुई कार्रवाई तथा वर्तमान में चल रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री ने मेले से संबंधित सभी कार्य आगामी अक्टूबर माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले के लिए सभी प्रमुख स्थायी कार्यों को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है तथा अस्थायी कार्यों के प्रस्तावों को अंतिम रूप देकर उन्हें भी समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। जोन एवं सेक्टर स्तर पर की जाने वाली तैयारियों को तय लक्ष्यों और समयसीमा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपन्न करने के निर्देश दिए गए। निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग हेतु थर्ड पार्टी ऑडिट भी कराने के निर्देश दिए गए।

मुख्यमंत्री ने मेले के दौरान परिवहन एवं पार्किंग की प्रभावी एवं पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए वैकल्पिक मार्गों को चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवागमन तथा स्नान की समुचित व्यवस्था की जाए। संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए स्नान, आवागमन एवं ठहराव के लिए विस्तृत योजना तैयार की जाए। महिला एवं वृद्ध श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रबंध किए जाने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, सुबोध उनियाल तथा पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने भी प्रतिभाग करते हुए उपयोगी सुझाव दिए। इस अवसर पर मेलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने बैठक में मेले से संबंधित स्वीकृत कार्यों की प्रगति की जानकारी दी तथा प्रस्तावित कार्यों एवं व्यवस्थाओं पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया। बैठक में सचिव, शहरी विकास विभाग नितेश कुमार झा; सचिव, लोक निर्माण विभाग पंकज कुमार पाण्डे; आयुक्त, गढ़वाल मंडल विनय शंकर पाण्डेय; सचिव, पेयजल रणवीर सिंह चौहान; सचिव, सिंचाई युगल किशोर पंत; सचिव, पर्यटन धीराज गर्ब्याल; अपर पुलिस महानिदेशक ए.पी. अंशुमान तथा उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल की डीआरएम विनीता श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने मेले की तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में मेयर हरिद्वार किरन जैसल, मेयर रुड़की अनीता अग्रवाल, मेयर ऋषिकेश शंभू पासवान; विधायक रानीपुर आदेश चौहान, विधायक रुड़की प्रदीप बत्रा, विधायक हरिद्वार ग्रामीण अनुपमा रावत, विधायक ज्वालापुर रवि बहादुर; दायित्वधारी अजीत चौधरी, जयपाल सिंह चौहान, देशराज कर्णवाल, शोभाराम प्रजापति; पूर्व मंत्री एवं प्रदेश उपाध्यक्ष स्वामी यतीश्वरानंद; जिलाध्यक्ष भाजपा हरिद्वार आशुतोष शर्मा, जिलाध्यक्ष रुड़की डॉ. मधु; पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल राजीव स्वरूप; सचिव सी. रविशंकर, आनंद स्वरूप; जिलाधिकारी मयूर दीक्षित; वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर; मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा; अपर जिलाधिकारी श्री पी.आर. चौहान; अपर मेलाधिकारी दयानंद सरस्वती सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

### स्वयंसेवी संगठनों का भी लिया जाए सहयोग: धामी

कुंभ क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्य में स्वयंसेवी संगठनों का सहयोग भी लिया जाए। स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि बीमार श्रद्धालुओं को निकटतम स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने के लिए बोट एवं बाइक एंबुलेंस की व्यवस्था की जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि कुंभ मेले के सुव्यवस्थित एवं सफल आयोजन के लिए साधु-संतों, अखाड़ों, जनप्रतिनिधियों तथा धार्मिक एवं स्वयंसेवी संगठनों का सहयोग लिया जाए और उनके सुझावों को ध्यान में रखकर कार्य किए जाएं। उन्होंने कुंभ मेले में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती पर जोर दिया। साथ ही साइबर सुरक्षा, अग्निशमन व्यवस्था तथा रेस्क्यू कार्यों के लिए दक्ष कार्मिकों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा।

### सभी पुलों का सुरक्षा ऑडिट कराया जाए

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कुंभ क्षेत्र में निर्मित सभी पुलों का सुरक्षा ऑडिट कराया जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर उनकी मरम्मत समय पर पूर्ण की जाए। गंगा नदी के घाटों के अनुरक्षण के लिए यदि गंग नहर के क्लोजर की आवश्यकता हो तो उत्तर प्रदेश के अधिकारियों से समन्वय स्थापित किया जाए। घाटों के सुदृढ़ीकरण, सुरक्षा रेलिंग तथा फिसलन-रोधी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण की जाएं। कुंभ प्रारंभ होने से पूर्व सभी विद्युत लाइनों को भूमिगत कर लिया जाए। कुंभ क्षेत्र में भूमि प्रबंधन एवं आवंटन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसकी मॉनिटरिंग मेलाधिकारी स्वयं करें तथा क्षेत्र को अतिक्रमणमुक्त रखा जाए।

# सीएम ने कुंभ मेला हरिद्वार के लिए किया 234.55 करोड़ के 34 कार्यों का शिलान्यास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा वर्ष 2027 में आयोजित होने वाले कुंभ मेला हरिद्वार के दिव्य एवं भव्य आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए रु. 234.55 करोड़ की लागत से 34 प्रमुख अवसंरचना कार्यों का शिलान्यास किया गया। कुंभ मेला नियंत्रण भवन में शनिवार को आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप कुंभ मेला-2027 के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन के साथ-साथ हरिद्वार शहर के दीर्घकालीन विकास को सुदृढ़ करने में यह अवस्थापना कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे।



### शिलान्यास किए गए महत्वपूर्ण कार्य

1. घाट निर्माण एवं सिंचाई अवसंरचना (सिंचाई विभाग) कुल 07 कार्य-लागत: रु. 70.54 करोड़। अपर गंगा नहर के दाएं एवं बाएं तट पर विभिन्न स्थानों पर घाटों का निर्माण एवं पुनर्विकास। 90 मीटर स्पान का कम्पोजिट स्टील गर्डर द्वि-लेन सेतु निर्माण। 03 अस्थायी पुलों की स्थापना,मरम्मत एवं रख-रखाव।
2. सड़क एवं परिवहन अवसंरचना (लोक निर्माण विभाग) कुल 12 कार्य - लागत: रु. 127.23 करोड़। बहादराबाद-सिडकुल चार लेन मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण। राष्ट्रीय राजमार्ग-334 (दिल्ली - हरिद्वार - देहरादून) का चौड़ीकरण। नगर क्षेत्र में बीसी (बिटुमिनस कंक्रीट) द्वारा नवीनीकरण, फुटपाथ निर्माण एवं सौंदर्यीकरण। हरिद्वार मास्टर प्लान के अंतर्गत प्रशासनिक रोड कॉरिडोर का विकास।
3. पेयजल एवं जल आपूर्ति अवसंरचना (जल संस्थान) कुल 09 कार्य - लागत: रु. 18.11 करोड़। पंपिंग जलापूर्ति योजनाओं का पुनर्गठन। 1500 केएल क्षमता का ओवरहेड टैंक एवं ट्यूबवेल निर्माण। 10 मीटर व्यास के 05 आरसीसी इन्फिल्ट्रेशन कुओं का निर्माण।
4. श्रद्धालु सुविधाएँ एवं सहायक अवसंरचना कुल 06 कार्य - लागत: रु. 18.67 करोड़। चंडी देवी एवं मनसा देवी मंदिर मार्ग पर तीर्थयात्रियों के लिए सुविधाओं का विकास। बैरक एवं औषधि भंडारण कक्ष का निर्माण। मेला नियंत्रण भवन का नवीनीकरण एवं अतिरिक्त बैरकों का निर्माण।

# राष्ट्रीय सुरक्षा में समाज की साझी भूमिका जरूरी: चौहान

■ सीडीएस बोले, आधुनिक समय में युद्ध का स्वरूप तेजी से बदल रहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि पहुंचे भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ (सीडीएस) अनिल चौहान ने सामरिक सोच एवं राष्ट्रीय सुरक्षा विषय पर छात्र-छात्राओं से संवाद किया। शनिवार को गढ़वाल विवि पहुंचे सीडीएस चौहान को एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होने चौरास स्थित केंद्रीय पुस्तकालय पहुंचकर 227 महत्वपूर्ण पुस्तके भेंट कि।



गढ़वाल विवि के स्वामी मनमथन प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सीडीएस अनिल चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा केवल वर्दीधारी अधिकारियों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रत्येक नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं से सामरिक सोच विकसित करने और राष्ट्रीय हितों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। प्राचीन सामरिक परंपरा से आधुनिक रणनीति तक जनरल चौहान ने उल्लेख करते हुए कहा कि पौराणिक काल से ही देश में युद्धनीति और रणनीतिक चिंतन की समृद्ध परंपरा रही है।

उन्होंने धनुर्वेद में वर्णित व्यूह रचना और सेना संचालन का जिक्र किया, वहीं अर्थशास्त्र और चाणक्य की नीति में राज्य संरक्षण, शक्ति संतुलन और कूटनीतिक दूरदर्शिता पर प्रकाश भी डाला। उन्होंने कहा कि चाणक्य की रणनीतिक दृष्टि आज भी भारत की विदेश नीति में परिलक्षित होती है। राष्ट्रीय सुरक्षा के तीन घेरों की अवधारणा बाहरी, मध्य और आंतरिक घेरे पर सीडीएस ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। आधुनिक समय में युद्ध का बदलता स्वरूप चुनौती जनरल अनिल चौहान ने कहा कि आधुनिक समय में युद्ध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। पारंपरिक युद्धों के स्थान पर अब इंटेलिजेंस, साइबर स्पेस और सूचना आधारित युद्ध अधिक महत्वपूर्ण हो गए हैं। उन्होंने संकेत दिया कि भारत के सामने दो परमाणु संपन्न पड़ोसी देशों की चुनौती है, जिनसे सीमा विवाद और अवैध अतिक्रमण जैसे मुद्दे जुड़े हैं।

परमाणु संतुलन के कारण लंबे युद्ध की संभावना कम होती है, लेकिन आंतरिक अस्थिरता, आतंकवाद और सीमाई तनाव जैसी चुनौतियां बनी रहती हैं। उन्होंने कहा कि भारत को दीर्घकालीन युद्ध की तैयारी के साथ-साथ छोटे और स्मार्ट युद्ध की रणनीति पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका सीडीएस ने विस्तार से उत्तर दिया। मौके पर गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह, कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, कार्यक्रम समन्वयक प्रो. एमपीएस बिष्ट, डीएसडबल्यू प्रो. ओपी गुसाईं, देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी, कुलसचिव अनीज-उज-जमाल, वित्त अधिकारी प्रो. एनएस पंवार, डीन प्रदोन्नति प्रो. मोहन सिंह पंवार, चौरास परिसर निदेशक प्रो. आरएस नेगी, हैप्रेक निदेशक डॉ. विजयकांत पुरोहित, जन संपर्क अधिकारी आशुतोष बहुगुणा सहित आदि मौजूद रहे।

### डॉ. रावत ने जताया सीडीएस का आभार

**श्रीनगर।** कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने छात्रों को ऑपरेशन सिंदूर की याद दिलाते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में सबसे बड़ा काम जिसने किया है वह सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने किया है। डॉ. रावत ने श्रीनगर के पूर्व सैनिकों के साथ आत्मीयता से मिलने पर सीडीएस जनरल अनिल चौहान का आभार प्रकट किया।

# गढ़वाल व कुमाऊं में होगा एक-एक सिल्क पार्क का निर्माण: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने आज सहसपुर में क्षेत्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान केन्द्र केन्द्रीय रेशम बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय भारत-सरकार सहसपुर-देहरादून के तत्वाधान में आयोजित रेशम कृषि मेले का शुभारंभ किया। कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि शीघ्र ही गढ़वाल और कुमाऊं में एक एक सिल्क पार्क विकसित किए जाएंगे।



■ कृषि मंत्री जोशी ने रेशम कृषि मेले का किया शुभारंभ ■ रेशम उत्पादन से बढ़ेगी किसानों की आय, उत्तराखण्ड बनेगा आत्मनिर्भर: कृषि मंत्री

इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने रेशम विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कृषि मंत्री जोशी ने रेशम के क्षेत्र उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान केंद्र सहसपुर-देहरादून द्वारा प्रकाशित पुस्तक का विमोचन तथा रेशम संग्रहालय का और कृषि आधारित शहतूत वृक्षा रोपण का एकीकृत मॉडल का भी उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने परिसर में पौधा रोपण भी किया और रेशम कृषकों द्वारा अपने अनुभव भी साझा किए।

इस अवसर पर कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य बहुमूल्य प्रजाति के बाईवोल्टीन रेशम कोया उत्पादन के लिए देशभर में प्रसिद्ध है, जिसकी गुणवत्ता अंतरराष्ट्रीय स्तर की है। उन्होंने बताया कि राज्य के मैदानी एवं तराई क्षेत्र बाईवोल्टीन प्रजाति के कोया उत्पादन के लिए अत्यंत अनुकूल हैं। मंत्री जोशी ने कहा कि पर्वतीय एवं सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां भारी उद्योग स्थापित करना संभव नहीं है, वहां उपलब्ध श्रमशक्ति का उपयोग करते हुए किसानों को वन्या रेशम जैसे ओक टसर, मूगा एवं एरी रेशम उत्पादन से जोड़ा जा रहा है।

कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि वर्ष 2025-26 में राज्य कैबिनेट द्वारा रेशम कोयों का न्यूनतम समर्थन मूल्य पारित किया गया है, जिससे किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य प्राप्त होगा। साथ ही विभागीय औद्यानिक कार्यों में लगे दैनिक श्रमिकों की मजदूरी ₹195 प्रतिदिन से बढ़ाकर 480 प्रतिदिन की गई है, जिससे श्रमिकों को आर्थिक रूप से अधिक लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर स्थानीय विधायक सहदेव सिंह पुंडीर, निदेशक रेशम प्रदीप कुमार, पूर्व निदेशक डॉ.सरदार सिंह, प्रभारी छेत्रपाल सिंह, डॉ.हर्ष कुमार, डॉ. गुलजार अहमद खान सहित बड़ी संख्या में रेशम कृषक उपस्थित थे।

### रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए दी जा रही सुविधाएं

कृषि मंत्री जोशी ने बताया कि रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार तथा केन्द्रीय रेशम बोर्ड, भारत सरकार के माध्यम से संचालित केंद्रपोषित योजनाओं के अंतर्गत रेशम कीटपालकों को वृक्षारोपण, कीटपालन भवन निर्माण एवं उपकरणों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों की दक्षता और क्षमता में वृद्धि की जा रही है, जिससे कोया एवं वस्त्र उत्पादन बढ़ेगा और किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित होगी।

# मार्च तक निस्तारित हो जाएंगे अस्पतालों के लंबित दावे: ह्यांकी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण: आयुष्मान योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पतालों के लंबित दावों का निस्तारण 31 मार्च तक हर हाल में हो जाएगा। प्राधिकरण द्वारा इसके लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कार्मिकों को भी खास तौर पर तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।



■ एसएचए में कार्यरत सीआरसी व एमएसी ने अभियान मोड में शुरू किया कार्य

राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के अध्यक्ष अरविंद सिंह ह्यांकी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) से संचालित ट्रांजिक्शन मैनेजमेंट सिस्टम (टीएमएस) पोर्टल में तकनीकी दिक्कतों, दावों के त्रुटिपूर्ण प्रस्तुतीकरण व अन्य कारणों से वर्ष 2024-25 से आयुष्मान सूचीबद्ध अस्पतालों के हजारों मामले लंबित थे। उनके निस्तारण के लिए अब मिशन मोड पर कार्य किया जा रहा है। 31 मार्च तक शत-प्रतिशत दावों के निस्तारण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नई व्यवस्थाओं में लंबित दावों के निस्तारण हेतु क्लेम रिब्यू कमेटी व मेडिकल ऑडिट कमेटी की व्यवस्था एनएचए द्वारा दी गई है। अब पोर्टल पर योजना की सारी प्रक्रिया नियमित व सुचारू हो गई है। यह कमेटी लंबित दावों की समीक्षा करेंगी और जो दावे सही पाए जाएंगे उनका तत्काल भुगतान हो जाएगा। सीआरसी व एमएसी को अभियान मोड में कार्य कर लंबित मामलों का 31 मार्च तक निस्तारित करने का लक्ष्य दिया गया है। प्राधिकरण की क्लेम निदेशक डा सरोज नैथानी ने बताया कि सीआरसी में 65 हजार व एमएसी में 55 हजार से अधिक मामले लंबित थे। इनके निस्तारण के लिए अभियान चलाया जा रहा है। आठ हजार से अधिक मामलों का निस्तारण कर भुगतान की प्रक्रिया कर दी गई है। निर्धारित समय पर लक्ष्य हासिल कर दिया जाएगा।

# सीएम की मौजूदगी के बजाय अपने विधायकों को संयम सिखाये कांग्रेस: चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि विधान सभा सत्र के दौरान प्रश्नकाल हमेशा कांग्रेसी विधायकों के अमर्यादित और गैरजरूरी हो हल्ला के चलते अधिकतर नही हो पाया है। इसलिए कांग्रेस को अपने विधायकों को संयम का पाठ सिखाने की जरूरत है।



■ कांग्रेसी विधायकों के हुड़दंग की भेंट चढ़ता रहा है प्रश्नकाल

कांग्रेस अध्यक्ष गोदियाल के बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि वह प्रश्न काल मे सीएम के होने को जरूरी बता रहे है, लेकिन बेहतर यह होता कि वह कांग्रेस के विधायकों को प्रश्न काल निर्बाध रूप से चलाने की बात कहते। उन्होंने कहा कि सदन को चलाने के लिए विपक्षी विधायकों की भी जिम्मेदारी होती है और अब तक सत्र मे वह इसे दिखाने मे असफल ही रहे हैं।

चौहान ने कहा कि सत्र मे प्रश्नकाल अहम होता है जिसमे जनता के सवाल सरकार से पूछे जाते हैं। लेकिन कांग्रेसी विधायक जिस तरह से प्रश्न काल का बहिष्कार करते रहे है वह जनता से सरासर धोखघ है। उन्होंने कहा कि सदन मे उठने वाले सभी सवालों का जवाब मिलता है और यह व्यवस्था रही है, लेकिन इसके लिए जरूरी है कि प्रश्नकाल मे विपक्षी विधायक भागीदारी करे।

चौहान ने कहा कि विपक्ष का कार्य महज विरोध करना नही, बल्कि रचनात्मक भूमिका का निर्वहन कर सुझाव भी देना होता है। महज सुनियोजित और काल्पनिक मुद्दों को लेकर सरकार को निशाने पर लेने और दुष्प्रचार को लोकतंत्र मे सही नही माना जा सकता है।

उन्होंने कहा कि सदन नियम और परंपरा से चले सरकार यह चाहती है। विपक्षी विधायक जनता के सवालों को रखे और स्वस्थ चर्चा के साथ उन पर मंथन कर हल निकले यह धेय होना जरूरी है।

# उत्तराखण्ड में अर्ली वार्निंग सिस्टम होगा और मजबूत

■ विभिन्न जनपदों में स्थापित होंगे एडब्ल्यूएस व डॉप्लर रडार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राज्य में आपदा जोखिम को कम करने तथा समय पर सटीक चेतावनी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अर्ली वार्निंग सिस्टम को लगातार सशक्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। अगले कुछ माह में राज्य के विभिन्न जनपदों में आधुनिक तकनीक आधारित उपकरण स्थापित किए जाएंगे, जिससे मौसम और संभावित आपदाओं की जानकारी पहले से मिल सके और जनहानि व नुकसान को कम किया जा सके।

सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि रक्षा भू-स्थानिक अनुसंधान प्रतिष्ठान (डीजीआरई) द्वारा राज्य के 10 जनपदों में ऑटोमेटेड वेदर स्टेशन (एडब्ल्यूएस) स्थापित किए जाएंगे। सबसे अधिक आठ एडब्ल्यूएस उत्तरकाशी और टिहरी जनपद में लगाए जाएंगे। इसके अलावा पौड़ी में 07, देहरादून में 05, रुद्रप्रयाग और बागेश्वर में तीन-तीन, अल्मोड़ा में 02 तथा नैनीताल और हरिद्वार में एक-एक एडब्ल्यूएस स्थापित किए जाएंगे। इन उपकरणों के माध्यम से मौसम से जुड़ी सटीक और त्वरित जानकारी प्राप्त होगी, जिससे समय रहते चेतावनी जारी की जा सकेगी। इसके अलावा भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा देहरादून, अल्मोड़ा, चम्पावत और चमोली जनपदों में से किन्हीं तीन जनपदों में डॉप्लर रडार लगाए जाएंगे। डॉप्लर रडार के माध्यम से वर्षा, बादल और मौसम की गतिविधियों पर रियल टाइम निगरानी संभव होगी, जिससे आपदा प्रबंधन में और अधिक मजबूती आएगी। सभी संबंधित जनपदों को एडब्ल्यूएस तथा डॉप्लर रडार लगाए जाने हेतु भूमि चयनित कर शीघ्र प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। शनिवार को राज्य के सभी 13 जनपदों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक वित्त नियंत्रक अभिषेक कुमार आनंद, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो ओबैदुल्लाह अंसारी, डॉ बिमलेश जोशी के साथ ही विभिन्न विशेषज्ञ एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रत्येक उपकरण की होगी जीआईएस मैपिंग



सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि राज्य में आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्यों के लिए उपलब्ध सभी उपकरणों की जीआईएस मैपिंग भी की जाएगी। इसके लिए सभी जनपदों और विभागों को आईडीआरएन पोर्टल पर उनके पास उपलब्ध उपकरणों का पूरा विवरण जल्द से जल्द अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मानसून से पहले यह कार्य पूरा होने से किसी भी आपदा के समय संसाधनों की सही जानकारी तुरंत मिल सकेगी और राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी आएगी।

### हर जनपद में होगी डीडीआरएन की स्थापना

राज्य में आपदा के दौरान संचार व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए रुद्रप्रयाग जनपद की तर्ज पर अन्य जनपदों में भी डीडीआरएन (क्पेंजमत क्मकपबंजमक त्ंकपव छमजूवता) नेटवर्क स्थापित किया जाएगा। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास श्री विनोद कुमार सुमन ने सभी जनपदों को इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि डीडीआरएन एक लंबी दूरी तक काम करने वाला सुरक्षित संचार नेटवर्क है, जिसमें उच्च गति इंटरनेट, वॉयस एवं वीडियो कम्युनिकेशन जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होती हैं। आपदा के समय जब सामान्य मोबाइल या इंटरनेट सेवाएं बाधित हो जाती हैं, तब यह नेटवर्क प्रशासन, आपातकालीन सेवाओं और राहत एजेंसियों के बीच निर्बाध संपर्क बनाए रखने में मदद करता है।

पंजाब नैशनल बैंक pnb punjab national bank
एसएएमबी, दिल्ली, चौथी मंजिल, 7 भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066
ईमेल: zs8343@pnb.bank.in
शुद्धिपत्र
यह शुद्धिपत्र 08.02.2026 को इस समाचारपत्र में प्रकाशित खाता मैसर्स इएमएस एण्ड एक्सपोर्ट के बिक्री नोटिस के सन्दर्भ में है।
इस बिक्री नोटिस में खाते का नाम गलती से एक स्थान पर मैसर्स ईएमएस एण्ड एक्सपोर्ट की जगह मैसर्स स्वदेश ग्रीन इंफ्रा लि. लिखा गया है, जो उधारकर्ता को कूरियर के माध्यम से भेजा गया था।
दिनांक: 21.02.2026 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान: दिल्ली पंजाब नेशनल बैंक

# चढ़ाई पार कर डिंगाडी गांव पहुंचे डीएम, ढोल बाजे से स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरोला:** पुरोला विधानसभा के अति अति दुरस्त क्षेत्र आठ गांव सर-बड़ियार के डिंगाड़ी गांव में जन समस्याओं के समाधान करने पहुंचे जिलाधिकारी प्रशांत आर्य को अपने बीच देखकर ग्रामीणों ने ढोल बाजे के साथ स्वागत किया है।

शनिवार को जिलाधिकारी आलाधिकारियों के साथ करीब चार किलोमीटर की खड़ी चढ़ाई एवं टेढ़े-मेढ़े रास्तों को पार कर सीमांत डिंगाडी गांव पहुंचे। सरकार की ओर से आयोजित "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने की एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रशांत आर्य, जिलाधिकारी उत्तरकाशी ने की।

इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एक ही मंच पर मौजूद रहे, जिससे ग्रामीणों को अपनी समस्याएं सीधे जिम्मेदार अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर मिला। कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों ने सड़क, स्वास्थ्य सेवाएं, पुल निर्माण, डाकघर, मोबा. इल नेटवर्क, गेस्ट हाउस तथा आधार कार्ड से जुड़ी दिक्कतों सहित कई बुनियादी मुद्दों पर शिकायतें दर्ज कराईं।

ग्रामीणों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने संबंधित विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होंने मंच से कहा कि दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक योजनाओं और सुविधाओं का वास्तविक लाभ पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस प्रकार के जनसंवाद कार्यक्रमों का उद्देश्य भी यही है कि समस्याएं फाइलों तक सीमित न रहें, बल्कि धरातल पर समाधान दिखे।कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों द्वारा बात रखी गई कि हमारी सड़क, स्वास्थ्य, नेटवर्क आदी की कई मांगें वर्षों से लंबित हैं। इस पर जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि पुरानी लंबित समस्याओं की समीक्षा कर एक समयबद्ध कार्ययोजना बनाई जाएगी, ताकि वास्तविक प्रगति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का फॉलो-अप रिपोर्ट तैयार की जाए और आवश्यकता होने पर स्थल निरीक्षण भी किया जाए।जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि सर-बड़ियार जैसे दुर्गम और सीमांत क्षेत्रों में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और संचार जैसी मूलभूत सुविधाओं का विकास सरकार की प्राथमिक योजनाओं में शामिल है।

कार्यक्रम में पौंटी-सर-डिंगाड़ी क्षेत्र के ग्राम प्रधान एवं कुछ ग्रामीणों की अनुपस्थिति भी चर्चा का विषय बनी रही। इस संबंध में ग्राम प्रधान जसवीर सिंह द्वारा बताया गया कि गांव में थाती पूजन का नौ दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम चल रहा है, जिसके चलते पूर्व में कार्यक्रम की तिथि बदलने का आग्रह किया गया था। इस पर जिलाधिकारी ने स्थिति को समझते हुए बताया कि कार्यक्रम पूर्व में ही प्रचारित-प्रसारित किया जा चुका था, लेकिन मार्च माह में सर-बड़ियार क्षेत्र के लिए पुनः एक विशेष जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, ताकि कोई भी ग्राम पंचायत संवाद से वंचित न रहे।

# एसएसपी आयुष अग्रवाल ने किया पुलिस कार्यालय की वाचक शाखा का वार्षिक निरीक्षण

■ पुलिस कार्यप्रणाली को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए दिए गए सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद पुलिस की कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित और आम जनता के प्रति जवाबदेह बनाने की दिशा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आयुष अग्रवाल ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसी कड़ी में एसएसपी ने पुलिस कार्यालय स्थित वाचक शाखा का वार्षिक निरीक्षण किया। इस गहन निरीक्षण के दौरान कार्यालय में मौजूद अभिलेखों और पत्रावलियों की बारीकी से जांच की गई जिससे पूरे महकमे में सतर्कता का माहौल रहा। एसएसपी का मुख्य जोर पुलिस प्रशासन की कार्यकुशलता को बढ़ाकर उसे और अधिक प्रभावी बनाने पर रहा। वार्षिक निरीक्षण के दौरान एसएसपी आयुष अग्रवाल ने मुख्य रूप से अपराध रजिस्टर, शस्त्र लाइसेंस के लिए आए आवेदनों, जनपद के सक्रिय हिस्ट्रीशीटरों के रिकार्ड और महिला अपराध से जुड़ी संवेदनशील तथा महत्वपूर्ण पत्रावलियों की एक-एक कर गहन जांच की। फाइलों का अवलोकन करते हुए उन्होंने सभी प्रविष्टियों को समय पर और सही ढंग से अपडेट करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस के रिकार्ड में डेटा की सटीकता और कार्यों में पारदर्शिता हर हाल में बनी रहनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कार्यालय में लंबित प्रकरणों की प्रगति रिपोर्ट भी जांची और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान वहां उपस्थित पुलिस कार्मिकों को संबोधित करते हुए एसएसपी ने कहा कि एक सुदृढ़ और व्यवस्थित कार्यालय ही किसी भी प्रभावी पुलिस प्रशासन की असली आधारशिला होता है। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने कार्यों में समयबद्धता लाने और जनता के प्रति अपना उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस व्यापक वार्षिक निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य कार्यालय की कार्यकुशलता को बढ़ाना, डिजिटल और मैनुअल रिकार्ड्स का सही मिलान सुनिश्चित करना और पुलिस कर्मियों को कार्य करने के लिए एक बेहतर व सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराना था। निरीक्षण के दौरान गोपनीय कार्यालय से दिनेश मनवाल, वाचक निरीक्षक प्रविंद्र सिंह रावत और पीआरओ निरीक्षक प्रवीण बर्त्वाल आदि मौजूद रहे।

## कक्षा दसवीं की छात्राओं को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विदाई

**चिन्यालीसौड़:** जी०डी०एस० एकेडमी प्रेम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चिन्यालीसौड़ में कक्षा 10 के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 9 के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। गढ़वाली व पंजाबी नृत्य के साथ-साथ विभिन्न खेल गति. विधियों के माध्यम से विद्यार्थियों का मनोरंजन किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजपाल सिंह परमार ने विद्यार्थियों को जीवन का उद्देश्य समझाते हुए शिष्टाचार अपनाने तथा निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।वहीं विद्यालय के प्रबंधक सूर्य प्रकाश ने कहा कि विद्यार्थियों को अर्जुन की भांति मछली की आंख को लक्ष्य मानकर पूरी लगन से परिश्रम करना चाहिए, तभी प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया जा सकता है।

## चंबा-साबली मोटर मार्ग पर एआरटीओ की औचक चेकिंग से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल के सख्त निर्देशों पर जिले भर में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बीती रात चंबा-साबली मोटर मार्ग पर परिवहन और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने एक सघन प्रवर्तन अभियान चलाया। रात के समय चलाए गए इस औचक निरीक्षण से लापरवाह वाहन चालकों में भारी हड़कंप मच गया। चेकिंग के दौरान टीम ने नियमों की अनदेखी कर दूसरों की जान खतरे में डालने वालों के खिलाफ कड़ी विधिक कार्रवाई की।इस सघन प्रवर्तन अभियान के दौरान मोटर वाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत यातायात नियमों का खुलेआम उल्लंघन करते पाए गए कुल पंद्रह वाहनों के मौके पर ही चालान काटे गए। जांच के दौरान चेकिंग टीम ने एक निजी वाहन चालक को शराब के नशे में धुत होकर लापरवाही से वाहन चलाते हुए पकडकर पुलिस के हवाले कर दिया पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया और संबंधित वाहन को मौके पर ही बंद कर सीज करने की कार्रवाई की गई।जिला प्रशासन की ओर से इस चेकिंग अभियान के माध्यम से सभी वाहन चालकों को यह स्पष्ट संदेश दिया गया है कि सड़क सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। यातायात नियमों का उल्लंघन कर अपनी और दूसरों की जान जोखिम में डालने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की सख्त और दंडात्मक कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। बीती रात चलाए गए इस विशेष अभियान को सफल बनाने में एआरटीओ सत्येंद्र राज, निरीक्षक अनंतराम रावत, रोहन, प्रवर्तन से मोनिका, विपिन और होमगार्ड सुशील पूरी मुस्तैदी के साथ उपस्थित रहे।

# सूदूरवर्ती क्षेत्र की समस्याओं के लिए डीएम ने मौके पर किए 8 लाख स्वीकृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** जनपद में दो माह से संचालित जन-जन की सरकार,जन-जन के द्वार,प्रशासन चला गांव की ओर अभियान का शनिवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर जिलाधिकारी एवं क्षेत्रीय विधायक दुगेश्वर लाल जिले के अति सूदूरवर्ती सर बड़ियार क्षेत्र के डिंगाड़ी गांव में शिविर आयोजित किया। शिविर में कुल 16 समस्याएं एवं शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 13 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टाल स्थापित कर विभागीय योजनाओं की जानकारी आमजन को प्रदान की।

शिविर में भूपेंद्र निवासी डिंगाडी ने एपीएल से बीपीएल राशन कार्ड बनाने की मांग रखी। जिस पर जिला



पूर्ति अधिकारी ने बताया कि ग्राम सभा की खुली बैठक में चयन के उपरांत आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर कार्ड जारी किया जाएगा। डीएम ने

आधार कार्ड बनाने के लिए आठ गांवों के लिए एक संयुक्त शिविर ग्रामीणों की सहमति से किसी एक स्थान पर आयोजित करने के निर्देश दिए।वहीं सुरेश निवासी सर गांव ने सर से सरुताल ट्रैकिंग एवं कैम्पिंग की अनुमति की मांग की। प्रभागीय वनाधिकारी ने अनुमति देने का आश्वासन दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि बडियार क्षेत्र में लगे दो मोबाइल टॉवर सही ढंग से संचालित नहीं हो रहे हैं। टॉवर सक्रिय कराने की मांग उठाई गई। डीएम ने प्रबन्धक दूर संचार को कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## एक नजर .......

### एग्रीस्टैक योजना के लिए आज से लगेंगे शिविर, रोस्टर जारी

**रुद्रप्रयाग।** डिजिटल एग्रीकल्चर को बढ़ावा देने और किसानों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'एग्रीस्टैक योजना' के तहत रुद्रप्रयाग जनपद में पंजीकरण प्रक्रिया तेज हो गई है। स्थानीय कृषकों की सुविधा के लिए तहसील ऊखीमठ के विभिन्न क्षेत्रों में आज से 26 फरवरी तक विशेष कैंपों का आयोजन किया जाएगा।तहसीलदार ऊखीमठ, रमेश चंद्र सिंह ने बताया कि इन शिविरों के सफल संचालन के लिए राजस्व उप निरीक्षकों की तैनाती का रोस्टर जारी कर दिया गया है। कैंपों में राजस्व विभाग के साथ-साथ कृषि, उद्यान एवं पंचायती राज विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे ताकि किसानों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जा सके।उन्होंने बताया कि विकास खंड ऊखीमठ के न्याय पंचायत भवन मनसूना में राजस्व उप निरीक्षक गंभीर सिंह गुसांई वहीं कालीमठ जूनियर हाईस्कूल में राजस्व उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह, दैड़ा पंचायत भवन उषाणा, जयवीर सिंह राणा राजकीय प्राथमिक विद्यालय परकंडी, पंचायत घर जगोठ गणेशनगर, भटवाड़ी सुनार राजकीय इंटर कॉलेज कंडारा अजय नेगी इसके साथ ही बाड़व पंचायत घर चंद्रनगर, राजकीय इंटर कॉलेज फाटा में सुंदर लाल, गुप्तकाशी में कीर्ति राणा तथा पंचायत घर ल्वारा लमगोंडी में राजस्व उप निरीक्षक अमित पुंडीर को तैनात किया गया है। तहसीलदार ने सभी राजस्व उप निरीक्षकों को अपने-अपने क्षेत्रों में पंजीकरण से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र के किसानों से अपील की कि वे इन कैंपों में पहुंचकर अपना पंजीकरण अनिवार्य रूप से करवाएं, ताकि भविष्य में कृषि इनपुट, सब्सिडी और अन्य योजनाओं का लाभ लेने में कोई बाधा न आए।

### धामी ने स्व. श्रीनिवास पोस्ती को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**रुद्रप्रयाग।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुप्तकाशी पहुंचकर बीकेटीसी के वरिष्ठ सदस्य और प्रतिष्ठित तीर्थ पुरोहित स्व. श्रीनिवास पोस्ती के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने उनके आवास पहुंचकर दिवंगत आत्मा को पुष्पांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया।मुख्यमंत्री धामी ने स्व. पोस्ती के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका पूरा जीवन केदारनाथ धाम की परंपराओं के संरक्षण और देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं की निस्वार्थ सेवा में बीता। मुख्यमंत्री ने उन्हें सादगी और अटूट आस्था का प्रतीक बताया।

### सीएम ने स्व. अटल वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि

**रुद्रप्रयाग।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद के दौरे के दौरान गुप्तकाशी पहुंचकर भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता स्व. अटल वाजपेयी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री दिवंगत कार्यकर्ता के आवास पहुंचे और उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।मुख्यमंत्री ने शोक. ।कुल परिजनों से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी और कहा कि दुःख की इस घड़ी में सरकार और संगठन परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को यह भारी कष्ट सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। स्व. अटल वाजपेयी के योगदान को याद करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा, " अटल जी का जीवन जनसेवा और संगठन के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण था। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के उत्थान और पार्टी को मजबूती प्रदान करने में लगा दिया। उनका निधन संगठन के लिए एक अपूरणीय क्षति है और उनकी ओर से किए गए कार्य कार्यकर्ताओं के लिए सदैव प्रेरणा का केंद्र रहेंगे।

# मातृभाषा गढ़वाली का हो संरक्षण: प्रो . नगवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।**गोपेश्वर महाविद्यालय में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। अंग्रेजी विभागीय परिषद द्वारा इस दिवस को गढ़वाली भाषा संरक्षण दिवस के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. एमपी नगवाल ने कहा कि वैश्वीकरण के दौर में स्थानीय भाषाओं के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि गढ़वाली एक समृद्ध भाषा है और इसे नई पीढ़ी के लिए संरक्षित किये जाने हेतु दैनिक व्यवहार में अधिकाधिक प्रयोग करने की आवश्यकता है।

विशिष्ट अतिथि लोक गायक धनपति शाह ने अपनी स्वरचित कविताओं एवं गानों से मातृभाषा को बचाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम संयोजक अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं लोक संस्कृति कर्मी डॉ दर्शन सिंह नेगी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य गढ़वाली



मातृभाषा को मान्यता, संरक्षण एवं उसके व्यापक उपयोग के प्रति जागरूकता फैलाना है।

उन्होंने अपने संबोधन में मातृभाषा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि मातृभाषा समाज की सांस्कृतिक पहचान और भावनात्मक अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को गढ़वाली भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में आयोजित गढ़वाली भाषण प्रतियोगिता में पल्लवी चमोला ने प्रथम, कार्तिक तिवारी ने द्वितीय तथा दीया कंडारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गढ़वाली काव्य-पाठ में लक्ष्मी ने प्रथम, कार्तिक तिवारी ने द्वितीय तथा जसवंत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। औखांण प्रतियोगिता में जसवंत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

गढ़वाली लोकगीत प्रतियोगिता में अपेक्षा प्रथम, उमा द्वितीय तथा जसवंत तृतीय स्थान पर रहे।गढ़वाली लोकनृत्य प्रतियोगिता में गायत्री ने प्रथम, अपेक्षा ने द्वितीय तथा आरती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के समापन पर विजेताओं को प्रमाण-पत्र एवं पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पीटीए उपाध्यक्ष लोकेन्द्र रावत, कोषाध्यक्ष शांति प्रसाद नौटियाल, सुनील पुंडीर, दर्शन बर्त्वाल, विवेक सोनी, मीना तिवारी, ममता भट्ट, डॉ राजेश चन्द्रियाल, डॉ दिनेश पंवार, डॉ भावना मेहरा, डॉ दिग्पाल कंडारी, डॉ रंजू बिष्ट, डॉ मनीष मिश्रा अंग्रेजी परिषद के अध्यक्ष प्रेम सिंह, मोहित कुमार आदि उपस्थित रहे।

## शिविर में 40 शिकायतें दर्ज, 182 लोगों को मिला योजनाओं का लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** विकासखंड यमकेश्वर की न्याय पंचायत बनचूरी में शनिवार को 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान के तहत बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में आयोजित इस शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया तथा पात्र लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ा गया। आयोजित शिविर में कुल 40 शिकायतें दर्ज की गयी। संबंधित विभागों की सक्रियता के चलते अधिकांश शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को समयबद्ध कार्रवाई के लिए दर्ज किया गया। शि. विर के दौरान विभिन्न योजनाओं के तहत 182 लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं के लाभ दिया गया। कार्यक्रम में 456 से अधिक ग्रामीणों ने प्रतिभाग कर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखी कार्यक्रम की अध्यक्षता पीडी डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय ने की। । उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो मामले मौके पर निस्तारित नहीं हो सके हैं, उनका प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए ।शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन योजनाओं की जानकारी, बाल विकास विभाग द्वारा पोषण योजनाओं का पंजीकरण, राजस्व विभाग द्वारा प्रमाण पत्र संबंधी सेवाएं, पूर्ति विभाग द्वारा राशन कार्ड संबंधी समस्याओं का समाधान, वन विभाग, आयुष विभाग सहित कुल 23 विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाए। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सीता चौहान, जिला पंचायत सदस्य कविता डबराल व बच्चन सिंह बिष्ट, अधिशाषी अभियंता जल निगम आशीष मिश्रा, एडीओ पंचायत दिनेश रावत सहित अन्य अधिकारी और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# मदमहेश्वर घाटी में स्वरोजगार की नई राह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ।** मदमहेश्वर घाटी के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्वरोजगार और आजीविका संवर्धन की दिशा में कृषि विज्ञान केंद्र जाखधार, गुप्तकाशी ने एक सराहनीय पहल की है। केंद्र के वैज्ञानिकों की ओर से ग्राम पंचायत गैड़ के राजस्व ग्राम बष्टी में एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय काश्तकारों, महिला स्वयं सहायता समूहों और युवाओं को बुरांस के प्रसंस्करण और जैविक खेती की आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया गया।

इस दौरान डॉ. अंकित डोगरियाल ने काश्तकारों को संबोधित करते हुए कहा कि बुरांस का फूल केवल सुंदरता का प्रतीक नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संपदा है। उन्होंने बताया कि जूस, स्क्वैश और सॉस जैसे मूल्यवर्धित उत्पाद तैयार कर ग्रामीण अपनी आय में भारी वृद्धि कर सकते हैं। कार्यक्रम में बुरांस जूस और सॉस बनाने की




विधि का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। डॉ. निवेदिता ने बुरांस के औषधीय महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह जूस शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है, जिससे बाजार में इसकी मांग निरंतर बढ़ रही है। मृदा स्वास्थ्य पर चर्चा करते हुए डॉ. अंशुल आर्य ने रासायनिक उर्वरकों के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया। उन्होंने काश्तकारों को जैविक पद्धति अपनाने की सलाह देते हुए जीवामृत, घनजीवामृत, वर्मी कम्पोस्ट और पारंपरिक कीट प्रबंधन की बारीकियां सिखाईं। उन्होंने कहा कि मदमहेश्वर घाटी जैसे उच्च हिमालयी क्षेत्रों के जैविक उत्पादों की बाजार में 'ब्रांडिंग' कर ग्रामीण अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकते हैं। प्रगतिशील काश्तकार बलवीर राणा ने इस प्रशिक्षण को क्षेत्र के लिए अत्यंत उपयोगी बताया और वैज्ञानिकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन का अनुरोध किया ताकि क्षेत्र के युवा आत्मनिर्भर बन सकें।

इस अवसर पर मंजू देवी, विमला देवी, सर्वेश्वरी देवी, विजया देवी, बिछना देवी, अब्बल सिंह राणा, विजय सिंह राणा, नागेन्द्र पंवार, आशीष पंवार, अंकित कोटवाल, आशीष राणा, आनन्द बजवाल और सुरजीत कोटवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## आपदा से क्षतिग्रस्त रास्ते दे रहे मौत को दावत, प्रधान ने सिस्टम पर उठाए सवाल

■ भटवाडी के डासला गांव में आपदा के घाव हरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** बीते वर्ष जिले में आई भिषण आपदा के 6 माह बाद भी आपदा के घाव हरे हैं। सरकार ने भलेह ही आपदा के लिए बजट जारी कर दिए हो, लेकिन गंगोत्री विधानसभा के संगम चट्टी क्षेत्र के ग्राम प्रधान श्रीमती बिना देवी का वायरल वीडियो सरकारी सिस्टम की हकीकत के लिए काफी है।गौरतलब है कि मानसून सीजन में उत्तरकाशी जिले में भूस्खलन से भारी तबाही हुई, जिसके निशान अभी भी मौजूद हैं। इस आपदा में उत्तरकाशी के धराली- हर्षिल वैली दर्जनों लोगों की मौत और सैंकड़ों लोग के लापता हो गए और पूरा गाँव मलबे में तब्दील होने से लोगों के घाव अभी भी हरे हैं। बचाव अभियान और पुनर्निर्माण के



बावजूद, टूटी सड़कें और गांव की पगडंडी व्यवस्था सामान्य जनजीवन को बहाल करने में बड़ी चुनौती बनी हुई है।

ग्राम प्रधान डासला,बीना देवी और महिला मंगल दल अध्यक्षा डासला रामी देवी ने बताया कि इस गांव के टूटे रास्ते की मरम्मत के लिए प्राक्कलन तैयार कर कलेक्ट्रेट के चक्कर काटे लेकिन धनराशि स्वीकृत नहीं हुई। उन्होंने बताया कि इस मामले में जिलाधिकारी से भी मुलाकात की लेकिन अभी तक कुछ भी हासिल नहीं हुआ ।

# धराली और भटवाडी में मानसून सीजन से पूर्व हों सुरक्षात्मक कार्य: विनीता

■ पूर्व प्रमुख विनीता रावत ने की आपदा सचिव से मुलाकात, गंगा नदी के कटाव से भटवाड़ी कस्बे का खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** विकास खंड भटवाडी कस्बे में वर्ष 2010 से लगातार गंगा नदी के कटाव और भूस्खलन से खतरा मंडरा रहा है। जिससे यहां की कास्तकारों की कृषि भूमि, बस्ती समेत चढ़ती का अस्तित्व पूरी तरह से संकट में है। वहीं धराली -हर्षिल वैली में आपदा ने भारी तबाही मचाई है।

पूर्व प्रमुख भटवाडीः श्रीमती विनीता रावत एवं भाजपा नेता जगमोहन सिंह रावत ने आपदा प्रबंधन पुनर्वास सचिव से की



मुलाकात कर

बीते मानसून सीजन में धराली में आई भीषण बाढ़ से धराली समेत भटवाडीः कस्बे में सुरक्षात्मक कार्य करवाने की मांग उठाई है। उन्होंने बताया कि धराली की भीषण त्रासदी के उफान नदी नालों ने हर्षिल झाल चढ़ेथी भटवाड़ी में बस्ती बाजार को अत्यधिक बहाव से काफी कटाव एवं खघ्तरा हो गया है । उन्होंने सुझाव दिया कि ये बड़ा प्रोजेक्ट है उसमें तो समय लगेगा लेकिन बरसात से पहले नदी का बहाव को चेनलाईज कर दिया जाए और कुछ रोक थाम हेतु जाले, आरसीसी ब्लॉक डाले जाय। इधर आपदा प्रबंधन सचिव विनोद सुमन ने जिलाधिकारी उत्तरकाशी से वार्ता की की स्थाई ट्रीटमेंट में तो समय लग रहा है तात्कालिक समाधान के लिए उक्त सुझाव ही महत्वपूर्ण सही रहेंगे ताकी चढ़ेथी भटवाड़ी बाजार बस्ती को बरसात से पहले सुरक्षित कर सके जिसमें जिलाधिकारी उत्तरकाशी प्रशांत आर्य ने इस कार्य के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य करने का आश्वा. सन दिया है ।

## एमडीडीए का कड़ा संदेश : नियमों से नहीं किया जाएगा समझौता

# जाखन और सिनोला में अवैध निर्माण सील

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) द्वारा प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माणों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जाखन और सिनोला क्षेत्र में दो अलग-अलग मामलों में सख्त कार्रवाई की गई। नियमों के विपरीत किए जा रहे निर्माण कार्यों को चिन्हित कर संबंधित भवनों को सील कर दिया गया। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि बिना स्वीकृत मानचित्र, स्वीकृति से अधिक अथवा भवन उपविधियों के विपरीत किए जा रहे किसी भी निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शहर के सुव्यवस्थित विकास के लिए नियमानुसार कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

**जाखन में बहुमंजिला अवैध निर्माण पर की सीलिंग**

प्रथम प्रकरण जाखन, राजपुर रोड क्षेत्र से संबंधित है। यहां कपिल



कुमार थापा द्वारा बहुमंजिला भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। प्राधिकरण को प्राप्त शिकायतों और निरीक्षण आख्या के आधार पर प्रवर्तन टीम ने स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि निर्माण कार्य स्वीकृत मानचित्र के अनुरूप नहीं किया जा रहा था। निर्धारित मानकों का उल्लंघन करते हुए अतिरिक्त निर्माण किया जा रहा था। संबंधित व्यक्ति को पूर्व में नोटिस जारी कर निर्माण कार्य

**■ प्राधिकरण की टीमों ने विशेष अभियान के तहत की बड़ी कार्रवाई**

तत्काल रोकने के निर्देश दिए गए थे। बावजूद इसके, निर्माण गतिविधियां जारी रखी गईं। निर्देशों की अवहेलना को गंभीरता से लेते हुए प्राधिकरण ने नियमानुसार उक्त स्थल पर सीलिंग की कार्रवाई की।

**सिनोला में तृतीय तल पर अवैध निर्माण पकड़ा**

दूसरा मामला सिनोला सप्लाई रोड, देहरादून से संबंधित है। यहां एक पूर्व निर्मित भवन के तृतीय तल पर बिना स्वीकृति अतिरिक्त निर्माण किया जा रहा था। मौके पर प्रवर्तन टीम द्वारा जांच करने पर स्पष्ट हुआ कि निर्माण के लिए आवश्यक मानचित्र स्वीकृति प्राप्त नहीं की गई थी। प्राधिकरण द्वारा पूर्व में चेतावनी एवं नोटिस जारी किए गए थे, किंतु निर्माण कार्य बंद नहीं किया गया। नियमों की निरंतर अनदेखी को

**अवैध निर्माण को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: बंशीधर तिवारी**

प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि एमडीडीए क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर का सुनियोजित विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए भवन उपविधियों का पालन अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि बिना स्वीकृत मानचित्र या स्वीकृति से अधिक निर्माण करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। श्री तिवारी ने नागरिकों से अपील की कि निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व सभी आवश्यक अनुमतियां अवश्य प्राप्त करें, अन्यथा दंडात्मक कार्रवाई के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**नियमों की अनदेखी करने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई :बर्निया**

सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि अवैध निर्माणों के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा। नोटिस के बावजूद नियमों की अनदेखी करने वालों पर सीलिंग सहित कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने भवन स्वामियों से प्राधिकरण के निर्देशों का पालन करने की अपील की।

देखते हुए संबंधित परिसर को विधिक प्रक्रिया पूर्ण कर सील कर दिया गया।

**अधिकारियों के निर्देश पर हुई संयुक्त कार्रवाई:** इन दोनों मामलों में कार्रवाई संयुक्त सचिव गौरव चटवाल के आदेशों के अनुपालन में की गई। अभियान का संचालन सहायक अभियंता शैलेन्द्र सिंह रावत के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम द्वारा किया गया।टीम ने मौके पर पहुंचकर विधिसम्मत प्रक्रिया का पालन करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से सीलिंग की कार्रवाई सुनिश्चित की। आवश्यकतानुसार स्थानीय प्रशासन का सहयोग भी लिया गया। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि अवैध निर्माण शहर की नियोजित विकास व्यवस्था को प्रभावित करते हैं। इससे यातायात दबाव बढ़ता है, जल निकासी प्रणाली बाधित होती है तथा अग्नि सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मानकों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अनियोजित बहुमंजिला निर्माण से क्षेत्र की आधारभूत संरचना पर अतिरिक्त भार पड़ता है, जिससे आम नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा दोनों प्रभावित होती हैं। इन परिस्थितियों को देखते हुए एमडीडीए द्वारा 'शून्य सहनशीलता' की नीति अपनाई गई है। एमडीडीए ने सभी भवन स्वामियों, निर्माणकर्ताओं एवं नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व विधिवत मानचित्र स्वीकृति अवश्य प्राप्त करें।

## शिक्षा निदेशक के साथ मारपीट प्रकरण में विधायक से जवाब तलब करेगी भाजपा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने शिक्षा अधिकारी के साथ हुए घटनाक्रम को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए निंदा की है। संगठन घटना मे आरोपी विधायक का मामले मे जवाब तलब करेगी। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने स्पष्ट किया कि पार्टी किसी भी तरह की अराजकता और हिंसा के पूर्णतया खिलाफ है।

उन्होंने कहा कि जनसमस्या उठाना एक पहलू हो सकता है, लेकिन उसके लिए किसी को भी कानून के उल्लंघन की इजाजत नहीं दी जा सकती हैं। फिलहाल संज्ञान में आई इस घटना को पार्टी ने पूरी तरह गंभीरता से लिया है। इस संदर्भ में शीघ्र पार्टी अपने रायपुर विधायक उमेश काऊ से प्रकरण को लेकर जबाब तलब करेगी। जिसमें उन तमाम परिस्थितियों को लेकर भी विस्तार से जानकारी ली

**■ भट्ट ने बोर्ड परीक्षा मे छात्रों के भविष्य को देखते शिक्षक समुदाय से की संयम की अपील**

जाएगी, जिसके चलते यह सब घटित हुआ। वहीं इस पूरे प्रकरण में कानून अपना कार्य करेगा, जो भी दोषी पाए जाएंगे उनपर सख्त कार्रवाई के पक्ष में पार्टी है। प्रदेश अध्यक्ष ने शिक्षा कर्मियों से भी सयंम बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं पर घटना का कोई असर न पड़े इसके लिए शिक्षक समुदाय को संयम दिखाना होगा, क्योंकि यह छात्रों के भविष्य से जुड़ा विषय है। पार्टी संगठन इस घटना के बाद आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही की पक्षधर है और कानूनी कार्यवाही के साथ छात्रों के भविष्य पर सोचना भी जरूरी है।

## विस सत्र: सवालों से भाग रही सरकार: आर्य

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के उस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है, जिसमें उन्होंने कांग्रेस पर विधानसभा सत्र में केवल हंगामा करने का आरोप लगाया था। आर्य ने दो टूक कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष पर आरोप लगाना सबसे आसान काम है, लेकिन जनता के सवालों का सामना करना सबसे कठिन।

उन्होंने कहा कि जब सरकार प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों पर स्पष्ट जवाब देने से बचती है और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से जुड़े लगभग 40 महत्वपूर्ण विभागों के प्रश्नों के लिए सोमवार तक नियत नहीं होता, तो स्वाभाविक है कि विपक्ष अपनी आवाज बुलंद करेगा। इसे 'हंगामा' कहना लोकतांत्रिक परंपराओं का सीधा अपमान है।

आर्य ने सवाल उठाया कि क्या



विधानसभा सत्र केवल सरकारी उपलब्धियों के बखान और पूर्व-लिखित भाषणों के पाठ के लिए बुलाया जाता है? क्या बेरोजगारी से जूझते युवा, पलायन से खाली होते गांव, बदहाल स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा व्यवस्था की चुनौतियां, बढ़ता भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दे सदन में नहीं उठाए जाएंगे?

नेता प्रतिपक्ष ने स्पष्ट कहा कि विपक्ष का दायित्व है सरकार से सवाल पूछना, नीतियों पर चर्चा की मांग करना और जनभावनाओं को सदन तक पहुंचाना। कांग्रेस के सभी

**■ विपक्ष की आवाज को 'हंगामा' कहना लोकतंत्र का अपमान: नेता प्रतिपक्ष**

**■ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के बयान पर आर्य ने दी तीखी प्रतिक्रिया**

विधायकों ने नियमों के तहत चर्चा की मांग रखी है और आगे भी रखते रहेंगे। चाहे नियम 310 हो या अन्य संसदीय प्रावधान, हर लोकतांत्रिक माध्यम का उपयोग किया जाएगा।

उन्होंने सरकार से सीधे सवाल किएख्रअगर सब कुछ ठीक है तो प्रश्नकाल से परहेज क्यों? अगर विकास जमीन पर दिख रहा है तो तथ्यों से दूरी क्यों?

आर्य ने कहा कि लोकतंत्र संवाद से चलता है, एकतरफा घोषणाओं से नहीं। सदन सरकार का मंच नहीं, बल्कि जनता की आवाज का मंच है। विपक्ष की आवाज को 'हंगामा' कहकर दबाने की कोशिश दरअसल उन लाखों नागरिकों की आवाज दबाने का प्रयास है, जिनकी समस्याएं कांग्रेस उठा रही है।

नेता प्रतिपक्ष ने साफ शब्दों में कहा कि कांग्रेस न तो डरने वाली है और न ही झुकने वाली। जनता के अधिकारों, पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए संघर्ष सदन के भीतर भी होगा और सड़क पर भी।

उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि सरकार सत्र को केवल 'अपनी ढपली-अपना राग' अलापने का औपचारिक कार्यक्रम बनाना चाहती है, तो उसे याद रखना चाहिए कि लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष ही संतुलन की गारंटी होता हैख्रऔर कांग्रेस यह संतुलन बनाए रखने के लिए हर संवैधानिक लड़ाई लड़ेगी

## कांग्रेस का देशद्रोही कृत्य अक्षम्य, जनता 27 के चुनाव में सिखाएगी करारा सबक: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

देहरादून। भाजपा ने अंतर्राष्ट्रीय एआई मंच पर देश के अपमान की कांग्रेसी कोशिश के खिलाफ प्रदेशव्यापी प्रदर्शन किया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा, उत्तराखंड की राष्ट्रभक्त जनता कांग्रेस की ऐसी देश विरोधी साजिश से आक्रोश में है। वह कांग्रेस पार्टी को इस देशद्रोही कृत्य के लिए कभी माफ नहीं करने वाली है और 27 के चुनावों में करारा सबक सिखाएगी।

पार्टी के प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि, कांग्रेस के यूथ विंग के बड़े बड़े नेताओं जो कल अंतरराष्ट्रीय मंच पर किया वह अक्षम्य है। क्योंकि साजिश की तरह शातिराना ढंग से पंजीकरण एवं अन्य औपचारिकताओं को पूरा कर, समिट के अंतिम दिन रंग में भंग डालने की दृष्टि से अंजाम दिया गया। वो तो शुक्र है, कार्यक्रम को एक दिन 21 तारीख तक बढ़ाया गया था और देश के अपमान का



**■ देश के अपमान की कोशिश पर, जनता का आक्रोश हैं भाजपा का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन**

यह कांग्रेसी षडयंत्र पूरी तरह फ्लॉप हो गया। अब कांग्रेस युवाओं की नाराजगी के लाख तर्क दे, लेकिन एक बात सौ फीसदी सत्य है कि यह पूरा पाप का घटनाक्रम उन्होंने अपने आलाकमान की शह पर किया है। उन्होंने कहा, अब ये तो पूरी तरह साबित हो गया है कि कांग्रेस, हार की हताशा निराशा में राष्ट्र विरोध की हद तक पहुंच गई है। इनके नेता राहुल गांधी विदेश जाते हैं तो देश की बदनामी करते हैं और जब विदेशी मेहमान आते हैं तो उसमें भी राष्ट्र को अपमानित करने का काम करते हैं। आज समूचे देश में कांग्रेस पार्टी के इस कृत्य के खिलाफ जबरदस्त रोष व्याप्त है। एक के बाद इनके द्वारा राष्ट्रीय अस्मिता के खिलाफ किए जा रहे ऐसे पाप, माफी लायक नहीं हैं। प्रदेश की राष्ट्रवादी जनता कांग्रेस के खिलाफ अपने इस गुस्से का इजहार 27 के चुनाव में लोकतंत्रिक तरीके से करने वाली है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने जानकारी दी कि कांग्रेस नेताओं द्वारा कल दिल्ली में में किए शर्मनाक और देश विरोधी हरकत के खिलाफ आज प्रदेश की जनता भाजपा के नेतृत्व में सड़कों पर उतरी है। जिसके क्रम में प्रदेश भर में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा जनसहभागिता के साथ कांग्रेस के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया गया है। पार्टी के युवा मोर्चा और महिला मोर्चा ने कांग्रेस पार्टी के लोगों को आईना दिखाया है और उनकी कुत्सित सोच को जनता के सामने उजागर किया है।

## मारपीट से नहीं चलता लोकतंत्र: हरीश रावत

**देहरादून।** राजधानी देहरादून में प्रारंभिक शिक्षा विभाग के निदेशक के साथ हुई मारपीट की घटना पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए साफ शब्दों में कहा कि विधायक किस दल का है, यह मुद्दा नहीं हैख्र मुद्दा यह है कि वह जनप्रतिनिधि है और उसे अपने पद की मर्यादा का पालन करना चाहिए।

उन्होंने दो टूक कहा कि लोकतंत्र के भीतर हिंसा, मारपीट और दबाव की राजनीति का कोई स्थान नहीं है। जनता की समस्याएँ होती हैं, उनके समाधान के लिए संवाद होता है, तर्क होता है, कभी-कभी धरना-प्रदर्शन भी होता हैख्रलेकिन सरकारी कर्मचारियों पर हाथ उठाना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकता।

पूर्व मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि चाहे अधिकारी छोटा हो या बड़ा, उसकी भी अपनी प्रशासनिक सीमाएँ होती हैं। यदि कोई अधिकारी बात नहीं सुन रहा है, तो लोकतंत्र में उसके ऊपर जाने की पूरी व्यवस्था है। मुख्यमंत्री और मंत्रियों तक बात पहुँचाने का संवैधानिक मार्ग खुला है।

## डिजिटल एजुकेशन की दिशा में जिला प्रशासन के कदम तेज

**देहरादून।** मुख्यमंत्री के निर्देशन में जिला प्रशासन, देहरादून द्वारा विद्यालयी शिक्षा को आधुनिक, तकनीकी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। जनपद के सरकारी विद्यालयों में स्मार्ट क्लास सुविधा विकसित करने के उद्देश्य से कुल 880 स्मार्ट टीवी क्रय किए गए हैं, जिनके माध्यम से विद्यार्थियों को डिजिटल, इंटरएक्टिव एवं दृश्य-आधारित शिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे जिले के अपने सरकारी विद्यालय भी निजी विद्वालयों की भांति आधुनिक शिक्षा से जुड़ेगें। जिला प्रशासन द्वारा जिले में पिछले ढेड वर्ष से सरकारी विद्यालयों को प्रोजेक्ट ''उत्कर्ष'' के तहत सुविधा सम्पन्न बनाया जा रहा है। सभी विद्यालयों को फर्नीचरयुक्त कर दिया है तथा विद्यालयों में खेल अवस्थापना सुविधा, शौचालय, विद्युत, पेयजल, मंकीनेट, लाईब्रेरी आदि समुचित व्यवस्थाएं की गई है। जिलाधिकारी सविन बसंल के निर्देशानुसार क्रय की गई सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्री-डिस्पेच इंस्पेक्शन (पीडीआई) कराया जाएगा। इसके अंतर्गत जिला सूचना विज्ञान अधिकारी तथा मुख्य शिक्षा अधिकारी स्वयं कंपनी के विनिर्माण स्थल पर जाकर उपकरणों का भौतिक निरीक्षण करेंगे।इस क्रम में संबंधित अधिकारीगण कंपनी के प्रतिष्ठान, पांडिचेरी में स्मार्ट टीवी की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों, सुरक्षा प्रावधानों तथा निर्धारित विनिर्देशों के अनुरूपता की विस्तृत जांच करेंगे। निरीक्षण में संतोषजनक पाए जाने के पश्चात ही सामग्री को जनपद में भेजने की अनुमति प्रदान की जाएगी। जिला प्रशासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विद्यालयों को उच्च गुणवत्ता वाले उपकरण प्राप्त हों और सार्वजनिक धन का उपयोग पारदर्शी एवं जवाबदेही के साथ किया जाए। जिला प्रशासन के इस प्रयासों से सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को आधुनिक डिजिटल सामग्री से सीखने का अवसर मिलेगा, शिक्षण प्रक्रिया अधिक रोचक, प्रभावी एवं सहभागितापूर्ण बनेगी, शिक्षकों को ऑडियो-विजुअल माध्यम से पढ़ाने में सुविधा होगी।

## घर-घर कूड़ा शुल्क संग्रहण से मिला 63 लाख का राजस्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी देहरादून में स्वच्छता प्रबंधन के क्षेत्र में एक अभिनव पहल ने सफलता की नई मिसाल प्रस्तुत की है। नगर निगम देहरादून द्वारा राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत पंजीकृत महिला स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से संचालित घर-घर कूड़ा संग्रहण शुल्क अभियान ने न केवल सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया है, बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

नगर निगम आयुक्त नमामि बंसल ने बताया कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन से संबद्ध महिला समूहों को कूड़ा उठान शुल्क

**■ निगम की पहल 'स्वच्छ देहरादून, सशक्त महिलाएं' से बदली तस्वीर**

**■ देहरादून के 100 में से 57 वार्डों में महिला समूह को सौंपी गई कमान**

संग्रहण का दायित्व सौंपा गया है। समूहों द्वारा निर्धारित समय में प्रभावी शुल्क संग्रहण कर निगम को उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे राजस्व में वृद्धि के साथ कार्य प्रणाली में भी सुधार हुआ है।

नगर निगम ने शहर के 100 वार्डों में से 57 वार्डों में कूड़ा शुल्क संग्रहण की जिम्मेदारी महिला स्वयं सहायता समूहों को सौंपी है। इन समूहों द्वारा त्रैमासिक (प्रत्येक तीन माह) आधार पर घर-घर जाकर निर्धारित शुल्क का संग्रहण किया जा रहा है। अभियान के प्रारंभिक चरण में ही जुलाई, अगस्त और सितंबर माह के दौरान 63 लाख रुपये से अधिक की राजस्व प्राप्ति दर्ज की गई है।

इस पहल की विशेषता यह है कि कुल प्राप्त मुनाफे का 25 प्रतिशत भाग सीधे संबंधित महिला समूहों को प्रदान किया जा रहा है। इससे महिलाओं को स्थायी आय का स्रोत मिला है तथा वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। यह व्यवस्था न केवल पारदर्शी और व्यवस्थित है, बल्कि इससे नगर निगम की कार्यप्रणाली में भी सुधार आया है।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान**

60/1, एक्वा हाऊस, इन्दिरा नगर (अनुराग चौक के पास), देहरादून-248006

Phone No/Fax. 0135-2532509, Email Id: eemdujs@rediffmail.com

पत्रांकः 4558/निविदा सूचना/2025-26 दिनांकः 21/02/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मुख्य महाप्रबंधक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जनपद देहरादून की अनुरक्षण खण्ड शाखा के हरबर्टपुर इकाई के अन्तर्गत चारधाम यात्रा हेतु यमनोत्री मार्ग पर स्थित हरबर्टपुर बस स्टैण्ड एवं कटापत्थर में पूर्व निर्मित टी०टी०एस०पी० की मरम्मत एवं जुड्डो में टी०टी०एस०पी० निर्माण एवं तत्सम्बन्धित कार्य हेतु शाखा में पंजीकृत ठेकेदारो/फर्मों से मुहरबंद निविदायें दिनांक **09.03.2026** की सायं 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख अधोहस्ताक्षरी अथवा मनोनीत अधिकारी द्वारा कार्यालय अधिशासी अभियंता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून में खोली जाएंगी, निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में (राजकीय/सार्वजनिक अवकाश को छोडकर) निर्धारित शुल्क जमा कर दिनांक **07.03.2026** सांय 5.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकतें हैं।

| क्र0 सं0 | ईकाई का नाम | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरबर्टपुर इकाई | हरबर्टपुर इकाई के अन्तर्गत चारधाम यात्रा हेतु यमनोत्री मार्ग पर स्थित हरबर्टपुर बस स्टैण्ड एवं कटापत्थर में पूर्व निर्मित टी०टी०एस०पी० की मरम्मत एवं जुड्डो में टी०टी०एस०पी० निर्माण एवं तत्सम्बन्धित कार्य। | 15200.00 | 1000+ 18%GST | डी0 एवं उच्चतर | 01 माह |

**नोट-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी एवं शर्तें विभागीय नोटिस बोर्ड पर चस्पा है।**

**अधिशासी अभियन्ता**

एक नजर .......



### मुख्यमंत्री ने ब्लॉक प्रमुख भिकियासैंण स्व. सतीश नैनवाल को अर्पित की श्रद्धांजलि

**अल्मोड़ा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को भिकियासैंण पहुंचकर विधायक रानीखेत प्रमोद नैनवाल के भाई तथा भिकियासैंण के ब्लॉक प्रमुख रहे स्वर्गीय सतीश नैनवाल के पीपलपानी संस्कार में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने स्व. सतीश नैनवाल के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि भगवान उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान कर परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति दें। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय सतीश नैनवाल सामाजिक सरोकारों से जुड़े एक सक्रिय जनप्रतिनिधि थे, जिन्होंने क्षेत्र के विकास और जनसेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके असामयिक निधन से क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने परिवारजनों को ढांढस बंधाते हुए आश्वस्त किया कि राज्य सरकार शोक की इस घड़ी में उनके साथ खड़ी है।

### सीएम ने किया अपात्रों की पेंशन बन्द कर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही का अनुमोदन

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य सरकार के सरकारी पेंशन प्राप्त कर रहे वृद्धावस्था एवं विधवा पेंशन के संदिग्ध 1377 पेंशनर्स का जनपदों से सत्यापन कराते हुए सभी अपात्रों की पेंशन बन्द करते हुए उनके विरूद्ध विधिक कार्यवाही किये जाने का अनुमोदन प्रदान करते हुए प्रत्येक स्तर पर उत्तरदायित्व निर्धारित करने के निर्देश प्रदान किये हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो इसके कड़े निर्देश दिए गए हैं, उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के स्तर पर सरकारी पेंशन प्राप्त करने वालों द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत वृद्धावस्था एवं विधवा पेंशन आदि का भी लाभ प्राप्त करना नियमों के प्रतिकूल है। ऐसे कृत्यों की गहनता से की गई जांच में दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं, भविष्य में इस प्रकार के मामलों की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए भी सजकता से कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।

### भविष्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता स्वास्थ्य सेवा की आधारशिला बनेगी

**देहरादून।** स्वास्थ्य विज्ञान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में हुआ। इस सम्मेलन में भारत तथा विदेशों से आए वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, स्वास्थ्य इंजीनियरों, उद्योग निकायों और स्वयंसेवकों ने स्वास्थ्य विज्ञान तथा उद्योग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका और उसके बढ़ते प्रभाव पर विचार-विमर्श किया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रोफेसर श्रीपाल पाटिल, डीन, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरोसाइंसेज, बेंगलुरु ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग से दवा निर्माण तथा स्वास्थ्य सेवा से जुड़े कार्य अधिक सरल, अधिक सटीक और अधिक प्रभावी बनेंगे। डॉ. एस. फारूक, अध्यक्ष हिमालयन वेलनेस कंपनी ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता भविष्य की स्वास्थ्य सेवाओं की आधारशिला है।

**यूजेवीएन लिमिटेड**

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी०एम०एस० रोड, देहरादून-248006

दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508

सी0आईएन0 सं0: U40101UR2001SGC025866, वेबसाइटः www.ujvnl.com

UJVNL

पत्र सं0: 153 दिनांकः 21/02/2026

**निविदा सूचना**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद) मोरी त्यूनी परियोजना, यूजेवीएन लिमिटेड, डाकपत्थर, इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित करता है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः-

**निविदा संख्या : 01/EE (Civil)/MT/2025-26**

कार्य का नाम : कार्यालय अधिशासी अभियन्ता मोरी त्यूनी परियोजना के कार्यों के प्रयोगार्थ हेतु एक हल्का नोन ऐसी डीजल वाहन (महिन्द्रा मेक बोलेरो/टी0यू0वी0 300 या समकक्ष) वाहन ड्राइवर सहित एक वर्ष के लिए किराये पर लगाने का कार्य"

अनुमानित लागत : 4,84,500.00 (जी0एस0टी0 व ईधन अतिरिक्त)

वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 24.02.2026, सायं 17:00 बजे से

निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 19.03.2026, सायं 16:00 बजे तक

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें, निविदा प्रपत्र निगम की वेवसाइट "**www.ujvnl.com**" से डाउनलोड किये जायेगें।

**अधिशासी अभियन्ता (जानपद)**
**मोरी त्यूनी परियोजना, डाकपत्थर,**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड, देहरादून**

Contact No:- +91-135-2769738 Fax: +91-135-2769738

email: eepmgsydehradun@rediffmail.com

पत्रांक 236 /पी0एम0जी0एस0वाई0/सिं0ख0-दे0दून/ दिनांकः 19/02/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा लो0नि0वि0/सिंचाई मे पंजिकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य की मोहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक **05.03.2026** तक किसी भी कार्यदिवस में 10:00 बजे पूर्वाह्न से 5:00 बजे सायं तक निर्धारित शुल्क देकर कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड देहरादून से क्रय किये जा सकते है तथा दिनांक **06.03.2026** को अपरान्ह 3.00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड देहरादून के निविदा बॉक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदायें दिनांक **06.03.2026** को अपराहन 3:30 बजे कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि के द्वारा, उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ वांछित धरोहर धनराशि एन.एस.सी./डाकघर बचत बैंक पास बुक एवं भारत सरकार में किसी अनुसूचित बैंक की जमा रसीद के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड, देहरादून के नाम से बन्धक हो लगाना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100/- के रेवेन्यू स्टाम्प पेपर पर रू0 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर वैधता की शर्तो के साथ हस्ताक्षर कर संलग्न करना आवश्यक होगा। इसके बिना निविदा पर विचार नही किया जायेगा। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि रू0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 | निविदा की वैधता अवधि | ठेकेदारों की पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Balance work of PBMC Maintenance (2 Years) at Lambgrant Bandarjood to Lalwala Khalsa Motor Road Uder PMGSY | 14000.00 | 1000+ 18%GST | 90 दिन | मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत श्रेणी-डी एवं उच्चतर |
| 2 | Balance work of PBMC Maintenance (4 Years) at Purukul to Bhitarli Kimari Motor Road under PMGSY | 50000.00 | 2000+ 18%GST | 90 दिन | मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत श्रेणी-डी एवं उच्चतर |

**सामान्य शर्तें**

निविदा सम्बन्धी शर्ते प्रपत्र जी0पी0डब्ल्यू0-8, जी0पी0डब्ल्यू0-9 व निविदा प्रपत्र एम0एफ0 83, 79/97 तथा मैन्यूअल फॉर्म-69/70 एवं शासनादेश संख्या-2611/111(2) 07-75 (सा0)/2000 दिनांक 26.10.2007 के अनुसार मान्य होंगी, तथा अन्य समस्त शर्तें एवं प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

**अधिशासी अभियन्ता**
**पी0एम0जी0एसवाई0, सिंचाई खण्ड**
**6- इन्दिरा नगर, देहरादून**

## सड़क निर्माण कार्य समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण हों, प्रदेश बने गढ्डा मुक्त : सतपाल महाराज

शाह टाइम्स संवाददाता




**हरिद्वार।** प्रदेश की सड़क अवसंरचना को सुरक्षित, सुगम और टिकाऊ बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने कार्यों की रफ्तार तेज कर दी है। इसी क्रम में पर्यटन एवं लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने हरिद्वार स्थित सीसीआर सभागार में लोक निर्माण विभाग (राष्ट्रीय राजमार्ग एवं पीएमजीएसवाई) द्वारा संचालित सड़क निर्माण व अनुरक्षण कार्यों की समीक्षा की। बैठक में मंत्री ने निर्देश दिए कि जिन सड़कों पर पैचवर्क प्रस्तावित है, वहां कार्य शीघ्र पूरा कर प्रदेश को गड्ढा मुक्त बनाया जाए।

समीक्षा के दौरान मंत्री ने कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएं। उन्होंने आधुनिक तकनीक के उपयोग, नियमित मॉनिटरिंग और मानकों से समझौता न करने के निर्देश दिए। दुर्घटना संभावित स्थलों पर चेतावनी संकेतक, रिफ्लेक्टर व साइन बोर्ड लगाने तथा पूर्ण सड़कों पर यातायात शुरू करने से पूर्व परिवहन विभाग से आवश्यक स्वीकृति लेने को भी कहा गया।

मीडिया से बातचीत में मंत्री ने बताया कि देहरादून के सुद्धोवाला से मसूरी तक वैकल्पिक सड़क कनेक्टिविटी के लिए डीपीआर तैयार कर अलाइनमेंट का कार्य पूरा हो चुका है, जिससे भविष्य में यातायात दबाव कम होगा। उन्होंने जानकारी दी कि पैचवर्क संबंधी 1456 शिकायतों में से 1444 का निस्तारण किया जा चुका है और शेष पर कार्रवाई जारी है।

मंत्री ने कहा कि कैंची धाम क्षेत्र में जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए कैंची धाम बाईपास कार्य स्वीकृत हो गया है। योजना के तहत जून तक बैली ब्रिज तैयार कर यातायात डायवर्ट किया जाएगा। वहीं सिंगटाली पुल निर्माण के लिए वन विभाग से अनुमति मिलते ही कार्य शुरू होगा, जिससे क्षेत्रीय संपर्क मजबूत होगा।

उन्होंने बताया कि प्रमुख मार्गों पर वैज्ञानिक ढंग से रोड साइनेज लगाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि वाहन चालकों को स्पष्ट दिशा-निर्देश मिलें और दुर्घटनाओं में कमी आए। सरकार का लक्ष्य केवल सड़क निर्माण नहीं, बल्कि सुरक्षित और सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था स्थापित करना है।

बैठक में वर्ष 2027 में प्रस्तावित कुंभ मेला 2027 की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। मंत्री ने बताया कि मेले को दिव्य व भव्य बनाने के लिए विभिन्न विभागों को धनराशि स्वीकृत कर दी गई है तथा कुंभ क्षेत्र में स्थायी निर्माण कार्यों पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि आमजन को दीर्घकालीन लाभ मिल सके। स्वच्छता व्यवस्था और निर्माण गुणवत्ता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक में लोक निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पांडे, प्रमुख अभियंता राजेश शर्मा, मुख्य अभियंता रंजीत सिंह रावत तथा अधीक्षण अभियंता हरिद्वार डी.पी. सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी देते हुए समयबद्ध कार्य पूर्ण करने का भरोसा दिलाया। मंत्री ने कहा कि प्रदेश की सड़कों को सुरक्षित, मजबूत और आधुनिक बनाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है और इसका लाभ जनता को शीघ्र मिलेगा।

## जिला सैनिक परिषद की प्रथम त्रैमासिक बैठक सम्पन्न

### पूर्व सैनिकों के मुद्दों पर प्राथमिकता के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिला सैनिक परिषद की प्रथम त्रैमासिक बैठक अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक का संचालन जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर डा० सरिता पंवार द्वारा किया गया। बैठक में डॉ. पंवार ने अपर जिलाधिकारी, उपस्थित अधिकारियों एवं पूर्व सैनिकों का स्वागत करते हुए पिछली त्रैमासिक बैठक के बिंदुओं की समीक्षा प्रस्तुत की तथा की गई कार्यवाही से अवगत कराया। साथ ही पूर्व सैनिकों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी ने शहीद स्मारक हेतु भूमि चिन्हीकरण, शहीद सैनिक कैप्टन जगदीश चन्द्र भट्ट की स्मृति में शहीद द्वार निर्माण, अवैध निर्माण की रोकथाम तथा लालढांग बाजार क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने जैसे विषयों पर संबंधित विभागों एवं जिला सैनिक कल्याण कार्यालय को नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने पूर्व सैनिकों से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने का आश्वासन भी दिया। अंत में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी डॉ. सरिता पंवार ने सभी अधिकारियों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। बैठक में नगर निगम के अधिशासी अभियंता, जूनियर इंजीनियर, पूर्व सैनिक, ब्लॉक प्रतिनिधि तथा सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय हरिद्वार के कार्मिक उपस्थित रहे।

## ज्वालापुर में बिना लाइसेंस संचालित 40 से अधिक मांस दुकानों की रिपोर्ट खाद्य सुरक्षा विभाग को भेजी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर निगम द्वारा ज्वालापुर क्षेत्र में किए गए मांस की दुकानों के सर्वेक्षण की रिपोर्ट खाद्य सुरक्षा विभाग को सौंप दी गयी है। गत माह नगर निगम के मुख्य सफाई निरीक्षक विकास छाछर, विकास चौधरी एवं सफाई निरीक्षक सुरेंद्र कुमार ने ज्वालापुर में मांस की दुकानों का सर्वेक्षण किया गया था। सर्वेक्षण में खाद्य सुरक्षा विभाग के लाईसेंस के बिना ही संचालित हो रही 40 से अधिक दुकानों को चिन्हित किया गया था। सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार होने के बाद नगर निगम ने खाद्य सुरक्षा विभाग को प्रेषित कर वैध लाईसेंस के बिना मांस की दुकानें संचालित कर रहे विक्रेताओं की सूची उपलब्ध कराते हुए नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही तथा आवश्यकता होने पर दुकानों को बंद कराने का अनुरोध किया है। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में स्वच्छता, जन स्वास्थ्य एवं खाद्य सुरक्षा मानकों से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। भविष्य में भी निरीक्षण अभियान निरंतर जारी रखे जाएंगे।



## कांग्रेस का होली मिलन समारोह 1 मार्च को

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कांग्रेस नेताओं ने बैठक कर होली मिलन कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर चर्चा की। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोम त्यागी के कार्यालय पर आयोजित बैठक में 1 मार्च को मध्य हरिद्वार स्थित बेंकट हॉल में भव्य होली मिलन कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व राज्य मंत्री डा. संजय पालीवाल एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रदीप चौधरी ने कहा कि होली पर्व भाईचारा व आपसी मेलजोल बढ़ाने का संदेश देने वाला पर्व है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोम त्यागी एवं मनोज सैनी ने कहा कि हिंदू संस्कृति में मनाए जाने वाले सभी पर्व एकता, भाईचारे एवं सौहार्द का संदेश देते हैं। सभी मिलकर होली का पर्व मनाएं और देश की एकता अखंडता बनाए रखने में सहयोग करते हुए जात पात व धर्म के नाम पर नफरत फैलाने वालों को जवाब दें। विकास चंद्रा एवं आशु भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस के होली मिलन समारोह में सभी युवा नेता और कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। बैठक में भगवती प्रसाद सेमवाल, डा.दिनेश पुंडीर, सागर बेनीवाल, अनंत पांडे, उदित विद्याकुल, मुन्ना मास्टर, उज्जवल वालिया, रजत त्यागी आदि मौजूद रहे।



## नशीली दवाओं के सुरक्षित भंडारण व नशा मुक्ति पर लालढांग मेडिकल एसोसिएशन की बैठक आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** श्यामपुर क्षेत्र के लालढांग मेडिकल एसोसिएशन ने हरिद्वार-नजीबाबाद मार्ग स्थित एक होटल में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से दवाओं के सुरक्षित रखरखाव सरकारी नियमों के पालन और समाज को नशा मुक्त बनाने के संकल्प पर चर्चा की गई। नियमों का पालन और पारदर्शिता अनिवार्य बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचीं ड्रग इंस्पेक्टर अनीता भारती ने बताया कि मेडिकल संचालकों को नारकोटिक नशीली पदार्थों से संबंधित दवाओं के सुरक्षित भंडारण और उनके स्टॉक रजिस्टर को नियमित रूप से अपडेट रखने के सख्त निर्देश दिए। अभिलेखों के संधारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्यामपुर कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज रावत ने संचालकों से नशा मुक्ति अभियान में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मेडिकल स्टोर संचालक युवाओं को नशे की लत से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। लालढांग मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी सदस्यों से अपील की कि वे चिकित्सा क्षेत्र की गरिमा बनाए रखें और नशे के दुरुपयोग के खिलाफ सक्रिय रूप से कार्य करें। इस अवसर पर क्षेत्र के कई मेडिकल संचालक उपस्थित रहे डॉ. बी.के. विश्वास, गौतम सिंह, अमरनाथ, सत्यम सैनी, गगन कर्णवाल, मनीष, श्रीकांत, गौरव, अरमान अंसारी आदि मौजूद रहे।

## 5.31 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 5.31 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। सिडकुल थानअध्यक्ष नितेश शर्मा ने बताया कि शनिवार को पुलिस टीम को सूचना मिली कि राठौर प्लाजा के पास वाली सड़क पर एक संदिग्ध व्यक्ति नशीले पदार्थ के खड़ा है। सूचना मिलते ही सक्रिय हुई टीम ने घेराबंदी कर मुनीर पुत्र शमशाद, निवासी नगला इमरती रुड़की को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 5.31 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी को मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

पुलिस टीम में उप निरीक्षक बबलू चौहान, का, वीरेंद्र चौहान,का, कुलदीप सिंह शामिल रहे।

## संत समाज ने ब्रह्मलीन माता लाल देवी को किया नमन

### श्रद्धा एवं विश्वास की पूर्तिमूर्ति थी ब्रह्मलीन माता लाल देवी : स्वामी परमानंद

शाह टाइम्स संवाददाता




**हरिद्वार।** ब्रह्मलीन माता लाल देवी के अवतरण दिवस के अवसर पर संत समाज ने उनका भावपूर्ण स्मरण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। भूपतवाला स्थित लाल माता मंदिर में भक्त दुर्गादास के संयोजन और सभी 13 अखाड़ों के संत महापुरूषों के सानिध्य में आयोजित संत समागम को संबोधित करते हुए अखंड परमधाम के अध्यक्ष एवं राम मंदिर ट्रस्ट अयोध्या के ट्रस्टी युग पुरूष स्वामी परमानंद गिरी ने कहा कि ब्रह्मलीन माता लाल देवी श्रद्धा एवं विश्वास की प्रतिमूर्ति थी। उन्होंने जीवन भर मानव कल्याण एवं स्त्रियों को सम्मान देने मे निर्णायक भूमिका निभाई। उनके आदर्शों पर चलकर राष्ट्र की उन्नति में अपना योगदान दें। अवधूत मंडल आश्रम के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश एवं महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी ने कहा कि माता लाल देवी उच्च कोटि की साध्वी थी। जप तप को समर्पित उनका जीवन सदैव समाज को प्रेरणा देता रहेगा। निर्मल अखाड़े के अध्यक्ष श्रीमहंत ज्ञानदेव सिंह महाराज ने कहा कि त्याग और तपस्या से परिपूर्ण जीवन जीने वाली ब्रह्मलीन माता लाल देवी का सनातन के प्रचार प्रसार में भी उल्लेखनीय योगदान रहा। महंत देवानंद सरस्वती ने कहा कि भक्त दुर्गादास जिस प्रकार ब्रह्मलीन माता लाल देवी के जीवन आदर्शों का पालन करते हुए मानव सेवा में योगदान दे रहे हैं। वह सभी के प्रेरणादायी है। सभी संत महापुरूषों का आभार व्यक्त करते भक्त दुर्गादास ने कहा कि ब्रह्मलीन माता लाला देवी द्वारा स्थापित परंपरा का विस्तार करना ही उनके जीवन का उद्देश्य है। बाबा हठयोगी, महंत राघवेंद्र दास, स्वामी ज्योर्तिमयानंद, स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी हरिहरानंद, महंत विष्णुदास, महंत जमनादास, महंत विनोद महाराज, महंत श्याम प्रकाश, स्वामी दिनेश दास, रूड़की विधायक प्रदीप बत्रा, गंगा सभा अध्यक्ष नितिन गौतम, पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिरूद्ध भाटी, पार्षद आकाश भाटी सहित बड़ी संख्या में संत महापुरूषों और श्रद्धालुओं ने ब्रह्मलीन लाल माता को नमन किया।

## पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा ने किया सड़कों का लोकार्पण

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** नगर पालिका शिवालिक नगर के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने वार्ड 11 सुभाष नगर में आंतरिक सड़कों का निर्माण पूरा होने पर लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि वार्ड के लोगों द्वारा लंबे समय से सड़कों के निर्माण की मांग की जा रही थी। आधुनिक मानकों एवं गुणवत्ता के साथ सड़कों का निर्माण पूरा होने से लोगों को जलभराव व आवागमन की सुविधा मिलेगी। पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा ने अपने कहा कि पूरे पालिका क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनसहयोग और जनविश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है, और इसी विश्वास के साथ नगर पालिका शिवालिक नगर निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। इस दौरान सभासद राधेश्याम कुशवाहा व डा.राजकुमार यादव, अनिल राणा, मंडल अध्यक्ष कैलाश भडारी, मीडिया प्रभारी गौरव गुर्जर, महामंत्री अंशुल शर्मा, पवनदीप, किरन सिंह, शांति देवी, ईशांत तनेजा, जानवी देवी, पूनम देवी, सुदा, उपेंद्र, पूजा, हरबीर सिंह, हर्ष चौधरी, हर्षित चौधरी, पंकज मलिक, अनीता शर्मा, सौरभ सक्सेना, पवन, कार्तिक बक्शी, आदित्य मलिक, राजकुमार, अक्षय चौधरी, राजपाल, विनय अग्रवाल, शिवपूजन आदि मौजूद रहे।

## हिल बाईपास मार्ग पर बाइक व स्कूटी की भिंड़त में रेलवे टेक्नीशियन की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पुराना औद्योगिक इलाके में हिल बाईपास मार्ग पर मोटरसाइकिल और स्कूटी की आमने-सामने टक्कर में रेलवे के टेक्नीशियन की मौत हो गई। बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दो घायलों को हालत नाजुक होने पर एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है। शुक्रवार की रात हादसा रात करीब दस बजे हिल बाईपास स्थित मारुति टू वैल्यू स्टोर के सामने हुआ। कापुर भट्टपुरा, थाना रजतपुर जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी मोनित इन दिनों ज्वालापुर में रहकर रेलवे स्टेशन पर तकनीशियन के पद पर कार्यरत थे। वह स्कूटी से ड्यूटी के लिए हरिद्वार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही मोटरसाइकिल से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन सड़क पर काफी दूर तक घिसटते चले गए। सूचना पर शहर कोतवाली प्रभारी रितेश शाह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल भिजवाया। मेला अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के मोनित को मृत घोषित कर दिया। घायल बाइक सवारों की पहचान प्रदीप उर्फ भास्कर (23) निवासी टिबड़ी रानीपुर, राहुल (35) निवासी बुलंदशहर और अंतरिक्ष (24) निवासी टिबड़ी रानीपुर के रूप में हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद राहुल और अंतरिक्ष को गंभीर हालत में एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया, जबकि प्रदीप का उपचार मेला अस्पताल में चल रहा है। शहर कोतवाल रितेश शाह ने बताया कि दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## संत समाज ने दी ब्रह्मलीन साध्वी भगवती दीदी को श्रद्धांजलि

### त्याग, तपस्या और सेवा की प्रतिमूर्ति थी साध्वी भगवती दीदी : साध्वी शरण ज्योति

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** जय मां मिशन के अध्यक्ष ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर स्वामी महादेव की शिष्या एवं भीलवाड़ा स्थित मां इच्छापूर्णी मंदिर की महंत साध्वी पारो माता की की शिष्या साध्वी भगवती दीदी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए संत समाज ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी और मां गंगा से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। श्रवणनाथ नगर स्थित जय मां आश्रम में जय मां मिशन की अध्यक्ष शरण ज्योति मां एवं जीवन ज्योति मां के संयोजन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता करते हुए भारत माता मंदिर के महंत महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी ने कहा कि ब्रह्मलीन साध्वी भगवती दीदी दिव्य आत्मा थी। साध्वी भगवती दीदी बचपन से ही मां इच्छापूर्णि की परम भक्त थी। मां इच्छापूर्णि की आराधना करते हुए मधुर वाणी में प्रस्तुत उनके भजन सुनकर श्रद्धालु भक्ति भाव में विभोर हो जाते थे। समाज में धर्म प्रचार में भी उनका अहम योगदान रहा। उनके निधन से समाज को अपूर्णीय क्षति हुई है। साध्वी शरण ज्योति मां एवं जीवन ज्योति मां ने कहा कि साध्वी भगवती दीदी त्याग, तपस्या और सेवा की प्रतिमूर्ति थी। उनका पूरा जीवन मां इच्छापूर्णि की भक्ति और भक्तों की सेवा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने अपने लिए कभी कुछ नहीं चाहा, बल्कि आश्रम और मंदिर की सेवा को ही अपना जीवन धर्म बनाया। स्वामी रविदेव शास्त्री एवं स्वामी हरिहरानंद ने कहा कि ब्रह्मलीन साध्वी भगवती दीदी का भक्ति भाव और सेवा भाव सदैव सभी की स्मृतियों में जीवंत रहेगा और समाज को प्रेरणा देता रहेगा। साध्वी पारो माता ने सभी संत महापुरूषों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्वामी दिनेश दास, स्वामी गोपालानंद, साध्वी जीवन ज्योति, साध्वी पारो माता, साध्वी शरण ज्योति, साध्वी दिव्य ज्योति, साध्वी शरद ज्योति, साध्वी परम ज्योति, साध्वी राधा ज्योति, साध्वी रेणु ज्योति, सुभाष बहल, ठाकुर मानसिंह, जगदीश चावला, रामकुमार, पप्पी, चंदर, राजेश मेहता, वरूण, रमेश, रोहित, निशा, वंश आसनानी मौजूद रहे।

## डीपीएस दौलतपुर जूनियर में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** डीपीएस दौलतपुर जूनियर कनखल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्री-प्राइमरी एवं प्राइमरी कक्षाओं के छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए खेल भावना, टीमवर्क तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि पार्षद सुनील अग्रवाल गुड्डु, विशिष्ट अतिथि अंतरराष्ट्रीय केटलबेल खिलाड़ी एवं स्वर्ण पदक विजेता शालिनी सिंह, विकास गोयल एवं लवली दिलवारी ने छात्रों का उत्साहवर्द्धन किया। विभिन्न दौड़ प्रतियोगिताओं के साथ रंगारंग ड्रिल प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। फुटबॉल, कबड्डी (बालक एवं बालिका) तथा बैडमिंटन (बालिका) प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्री-प्राइमरी के नन्हे छात्रों का फुटबॉल मैच विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्कूल इंचार्ज अमिता ओहरी ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों और छात्रों का धन्यवाद किया।



## बिना सत्यापन के मंडी में काम कर रहे 32 लोगों को पकड़ा

### सब्जी मंडी में बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन न कराने वाले आढ़तियों का काटा चालान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शहर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और बाहरी व्यक्तियों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए शनिवार को सब्जी मंडी में सत्यापन अभियान चलाया गया है। एसएसपी हरिद्वार के आदेश पर की गई इस कार्रवाई से मंडी और आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने क्षेत्र में आसपास रेडी, ठेली और फड़ लगाने वाले के 34 संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़कर कोतवाली लेकर आई और आईसीजीएस पोर्टल के माध्यम से इन सभी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला गया। जांच के दौरान नियमों की अनदेखी करने वाले 50 लोगों के चालान काटकर 12,500 रुपये का संयोजन शुल्क भी वसूला गया। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि अभियान के दौरान यह बात सामने आई कि कई आढ़तियों ने अपने यहाँ काम करने वाले बाहरी मजदूरों का पुलिस सत्यापन नहीं कराया ऐसे आढ़तियों के विरुद्ध 83 पुलिस अधिनियम के तहत चालान कर मामला माननीय न्यायालय भेजा जाएगा। पुलिस ने सख्त हिदायत दी है कि मंडी में काम करने वाले हर बाहरी व्यक्ति का रिकॉर्ड थाने में दर्ज होना अनिवार्य है, अन्यथा भविष्य में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक खेमेन्द्र गंगवार, उप निरीक्षक रविंद्र जोशी, अपर उप निरीक्षक गंभीर तोमर, अपर उप निरीक्षक राकेश कुमार के साथ कांस्टेबल धर्मेंद्र राणा, दिनेश कुमार, मनोज डोभाल, जितेंद्र कुमार, राजपाल शामिल रहे।



## इब्राहिमपुर में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट, सात पर मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर में दो पक्षो में पुरानी रंजिश के चलते मारपीट हो गई। सूचना पर पहुची पुलिस से पहले ही मारपीट करने वाले भाग निकले। मामले में एक पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने महिला सहित सात लोगो के खिलाफ संबंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार शनिवार को गांव इब्राहिमपुर में दो पक्षों में पुरानी रंजिश के चलते गालीगलौज होने लगी। मामले ने धीरे धीरे तूल पकड़ लिया और मारपीट व धारधार हतियार से एक दूसरे पर प्रहार किया गया। सूचना पर पहुची पुलिस से पहले ही मारपीट कर रहे लोग भाग निकले। मामले में एक पक्ष के अशोक कुमार पुत्र प्यारे लाल व बसन्त लाल पुत्र हमकेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पड़ोस के ही रहने वाले नाथी राम,व सोनू पुत्र कीरत सिंह, अनुज पुत्र नाथी राम, वन्स, कार्तिक पुत्र सोनू, इंदु पत्नी सोनू, कौशल पत्नी नाथीराम निवासीगण सभी ग्राम इबरहिमपुर ने एक राय होकर घर मे प्रवेश करने के बाद लाठी डंडो व धारदार हतियार से परिवार के लोगो पर हमला किया है। मामले में कई लोगो को गंभीर चोट आई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया मारपीट के संबंध में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच कर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## जादू के दिखाने के बहाने 9.30 लाख की ठगी, तीन के खिलाफ मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र में जादू का खेल दिखाने के बहाने एक परिवार को झांसे में लेकर 9.30 लाख रुपये की ठगी कर दी गई। पुलिस ने तीन तीन आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र की लाल मंदिर कॉलोनी निवासी संतरी ने पुलिस को बताया कि वह मेहनत मजदूरी और ठेली लगाकर परिवार का भरण-पोषण करती हैं। दो वर्ष पूर्व पति राधेश्याम के निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारी उन्हीं पर है। आरोप है कि गुलाम निवासी अब्दुल्लापुर, मेरठ (उप्र) पहले से घर आता-जाता था। 26 जनवरी को वह अपने साथियों बाबू और गगन के साथ घर पहुंचा। तीनों ने खुद को जादू का खेल दिखाने वाला बताया और नोट बनाने की मशीन व कागज होने का दावा किया। आरोप है कि उन्होंने महिला और उसके अशिक्षित पुत्रों को अपने प्रभाव में लेकर मशीन और कच्चा माल लाने के नाम पर रकम मांगनी शुरू कर दी। 30 जनवरी की रात जटवाड़ा पुल पर 4.30 लाख रुपये नकद दिए गए, जबकि अगले दिन तीन लाख रुपये घर से ले लिए गए। इसके अलावा 1.30 लाख रुपये से अधिक की रकम विभिन्न माध्यमों से एक यूपीआई आईडी पर ट्रांसफर की गई। महिला ने बताया कि बच्चों के भविष्य की आस में उसने अपने जेवर बेचकर और रिश्तेदारों से उधार लेकर भी रुपये जुटाए। जब तीनों ने फोन उठाना बंद कर दिया तो बेटों को ठगी का अहसास हुआ और उन्होंने पूरी बात मां को बताई। इसके बाद पुलिस में शिकायत दी गई। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# सीमांत क्षेत्रों में रहने वाले जनजाति के भाई सीमा के प्रहरी : धामी

■ सरकार जनजाति के विकास के लिए संवे. दनशील, प्रधानमंत्री ने जनजाति के विकास के लिए बजट किया तिगुना, जनजाति समुदाय के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को जनपद चमोली के बिरही (बेडूबगड़) में नीति-माणा जनजाति कल्याण समिति चमोली की ओर से आयोजित 'तीन दिवसीय ष्जनजा. ति समागम 2026ष् के समापन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

इस अवसर मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलित करते हुए सभी का अभिनन्दन किया एवं भोटिया समुदाय की नीति माणा की महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि ये कार्यक्रम हमारी जनजातीय परंपराएं, सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम है।जनजातीय समाज ने सदियों से अपनी परंपराओं और प्रकृति संरक्षण की भावना को पहचान दिलाने का काम किया है कहा हमारे सीमांत क्षेत्रों में रहने वाले जनजातीय भाई देश के सजग प्रहरी भी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जनजातीय समाज के उत्थान के लिए निरंतर कदम उठाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री जी का मानना है कि समाज के अंतिम छोर पर रहने वाले व्यक्ति तक विकास पहुंचना चाहिए। माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान, एकलव्य आदर्श विद्यालय समेत जनजातीय समाज के लिए कई कल्याकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिससे जनजातीय समाज की आजीविका बढ़ी है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जनजातीय समाज के लिए आवंटित होने वाले बजट को बढ़ाकर 3 गुना कर दिया है। आज जनजातीय समुदाय को बुनियादी सुविधाओं का लाभ भी मिल रहा है वहीं विपक्ष ने जनजातीय समाज को हमेशा वोट बैंक समझा। लेकिन उन्होंने कभी भी जनजातीय समाज को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान नहीं किए। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के अंतर्गत प्रदेश में 128 गांवों को चिन्हित किया गया है जहां रोजगार के साथ ही बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य पर विशेष फोकस किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा जनजाति समाज के बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करने हेतु प्राइमरी से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। प्रदेश में 16 स्थानों में राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय भी संचालित किए जा रहे हैं। जनजाति समुदाय की बेटियों की शादी के लिए 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा जनजातीय समुदाय ने सदियों से अपनी परंप. राओं, लोकज्ञान और प्रकृति-संरक्षण की भावना से हमारी सभ्यता को मजबूती प्रदान की है। विशेषकर सीमांत क्षेत्रों में रहने वाले हमारे जनजातीय भाई-बहनों का जीवन हमेशा से संघर्ष, अनुशासन और सामूहिकता की अनुपम मिसाल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के तहत प्रदेश के 128 जनजातीयगांवों को चिन्हित किया है। जहाँ अब बुनियादी सुविधाओं के विकास के साथ -साथ रोजगार, बेहतर शिक्षा औरस्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।इस मौके पर थराली विधायक भूपाल राम टम्टा, कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल,

भाजपा जिला अध्यक्ष गजपाल बर्तवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष चमोली दौलत सिंह बिष्ट,पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र सिंह भंडारी, नगर पालिका अध्यक्ष गोपेश्वर संदीप रावत, नीति माणा जनजाति कल्याण समिति के अध्यक्ष हरीश परमार, मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार बीडी सिंह, दलबीर दानू, राज्य मंत्री हरक सिंह नेगी, भाजपा महामंत्री अरुण मैठाणी, विनोद कनवासी, बीकेटीसी के उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती, चंद्रकला तिवारी, नंदी राणा, जिलाधिकारी गौरव कुमार, पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार, मुख्य विकास अधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## कबड्डी प्रतियोगिता का 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर साहिया में सम्पन्न

■ उत्तराखंड राज्य अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिता 23 से 26 फरवरी तक पंतनगर में होगी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिया।** उत्तराखंड राज्य स्तरीय अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन 23 से 26 फरवरी, 2026 तक गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर में आयोजित किया जा है, इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय की पुरुष एवं महिला कबड्डी टीमें पूर्ण रूप से तैयार हैं।

दोनों टीमों का 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर 11 फरवरी से सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पीजी कॉलेज, साहिया में आयोजित किया गया, जो आज सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। शिविर के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासित वातावरण में नियमित अभ्यास, रणनीतिक सत्र, मैच प्रैक्टिस एवं सघन फिटनेस प्रशिक्षण प्राप्त किया। टीम कोच अंकित शर्मा के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों के तकनीकी कौशल, सामूहिक समन्वय एवं मानसिक दृढ़ता को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया। पुरुष वर्ग के कप्तान अभिनव शर्मा और महिला वर्ग की कप्तान दीक्षा रावत के नेतृत्व में चयनित दल 22 फरवरी को साहिया से पंतनगर के लिए रवाना होगा।प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग के 12 एवं महिला वर्ग की 11 खिलाड़ी भाग लेंगी। इन दोनों टीमों में विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-खिलाड़ियों का चयन विश्वविद्यालय स्तर पर किया गया है जिसमें महिला टीम में रितिशा, शालू, प्रीति, अमिशा उनियाल, अनुप्रिया पवार, कंचन रावत, खुशी रानी, स्मिता, किरन गौड़ एवं संजना शामिल हैं। पुरुष वर्ग में नीरज तोमर, रोहित नेगी, गोविंद चौहान, राहुल सिंह तोमर, नितेश, कृष सजवान, आयुष बगियाल, आशुतोष सिंह बिष्ट, युवराज वर्मा, शुभम कुमाई एवं रोहित नेगी टीम का हिस्सा हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर गूंजे स्थानीय भाषाओं के स्वर

**चकराता।** कैंट इंटर कॉलेज, चकराता में 26वां अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक वैज्ञानिक ओर सांस्कृतिक संगठन द्वारा घोषित इस दिवस के अवसर पर विद्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय भाषाओं, परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य वेदप्रकाश ने कहा कि मातृभाषा व्यक्ति की पहचान और संस्कृति की आधारशिला है। विद्यार्थियों को अपनी भाषा पर गर्व करने और अन्य भाषाओं का भी सम्मानपूर्वक अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक शूरव. ीर सिंह चौहान ने मौखिक, लिखित और सांकेतिक भाषा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए गढ़वाली, कुमाऊंनी और जौनसारी जैसी क्षेत्रीय बोलियों के संरक्षण की आवश्यकता बताई।

## सीडी बरकोटी में सजी पशुधन प्रदर्शनी पशुपालकों को मिला सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** विकासखंड चकराता के अंतर्गत सीडी बरकोटी में पशुपालन विभाग, उत्तराखंड की ओर से पशुधन प्रदर्शनी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में आसपास के गांवों से आए पशुपालकों ने अपने श्रेष्ठ पशुओं को प्रस्तुत कर भागीदारी निभाई। कार्यक्रम ने क्षेत्र में पशुपालन के प्रति नई ऊर्जा और जागरूकता का संचार किया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनजीत सिंह ने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनियों का उद्देश्य ग्रामीण पशुपालकों को वैज्ञानिक पशुपालन की आधुनिक तकनीकों से जोड़ना है।




उन्होंने पशुओं के नियमित टीकाकरण, संतुलित आहार, स्वच्छ वातावरण और रोगों की समय पर पहचान व उपचार की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर पशुपालक अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं और पशुपालन को स्वरोजगार का मजबूत माध्यम बना सकते हैं। ग्राम प्रधान सुभाष जोशी ने कार्यक्रम में पहुंचे अधिकारियों व पशुपालकों का स्वागत करते हुए विजेताओं को बधाई दी। इस अवसर पर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन असवाल, डॉ. राजवीर सहित विभागीय कार्मिक पूजा भट्ट, प्रशांत कुमार, अमित, प्रीति, प्रीतम और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में अलग-अलग वर्गों में उत्कृष्ट पशुओं का चयन कर पुरस्कार प्रदान किए गए। बद्री गाय वर्ग में प्रदीप चौहान (सीडी), भैंस वर्ग में धनीराम (सीडी), घोड़ा वर्ग में बचन सिंह (बरकोटी), खच्चर वर्ग में संजय जोशी (सीडी), शंकर गाय वर्ग में अर्जुन सिंह (सीडी), बकरी पालन वर्ग में विजयपाल (सीडी) सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आयोजन के अंत में पशुपालकों ने विभाग से भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की, ताकि क्षेत्र में पशुपालन को और अधिक प्रोत्साहन मिल सके।

## विश्वविद्यालय ने कृषकों को कृषि उपकरण वितरित किए

■ कुलपति ने जैविक खेती को बढ़ावा देने पर दिया बल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** विकासखंड चकराता के लाखामंडल क्षेत्र में वीर चंद्र सिंह गढ़वाली उत्तराखंड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की जनजातीय उपयोजना के अंतर्गत जनजातीय क्षेत्र के कृषकों को वर्मी कम्पोस्ट इकाइयों सहित विभिन्न कृषि उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्वतीय एवं जनजातीय क्षेत्रों में कृषि को सशक्त बनाना तथा किसानों को आधुनिक एवं उन्नत तकनीकों से जोड़ना है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. परविंदर कौशल एवं निदेशक अनुसंधान प्रो. केएस पंत के मार्गदर्शन में आयोजित इस किसानोन्मुख कार्यक्रम में तकनीकी सशक्तिकरण, टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रसार और जैविक खेती को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया। परियोजना अन्वेषक डॉ. योगेश कुमार नेगी ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों से जोड़ते हुए उनकी आय में वृद्धि करना है। डॉ. पदम सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय पर्वतीय क्षेत्रों में कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के लिए सतत प्रयासरत है, जिससे किसान अपने कार्यों को अधिक दक्षता और सरलता से कर सकें।

कार्यक्रम के दौरान कृषकों को पीठ पर धारण करने वाला छिड़काव यंत्र, कुदाल, फावड़ा, रेक सहित कुल नौ प्रकार के आवश्यक कृषि उपकरण प्रदान किए गए। साथ ही वर्मी कम्पोस्ट इकाइयों का भी वितरण किया गया। डॉ. पदम सिंह एवं डॉ. उदय भानु प्रताप ने किसानों को उपकरणों के उचित उपयोग, रख-रखाव एवं सुरक्षा उपायों की जानकारी दी तथा जैविक खेती के लाभों पर प्रकाश डाला। विशेषज्ञों के अनुसार वर्मी कम्पोस्ट के उपयोग से मिट्टी की उर्वरता बढ़ेगी, रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता घटेगी तथा उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार होगा। इससे खेती की लागत कम होने के साथ-साथ आय में भी वृद्धि संभव होगी।

इस अवसर पर स्थानीय कृषकों ने विश्वविद्यालय एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी योजनाएं जनजातीय क्षेत्रों में कृषि विकास को नई दिशा देंगी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं वैज्ञानिकगणों के साथ लाभार्थी रामकृष्ण शर्मा, अंकित गौड़, नरेश बहुगुणा, तिलक गौड़, सरोज देवी तथा ग्राम प्रधान बीना भट्ट सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## भाजयुमो ने राहुल गांधी के खिलाफ किया जोरदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने सेलाकुई में एक जोरदार और अनुशासित विरोध प्रदर्शन आयोजित किया, जिसमें कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी की गई।

जिला अध्यक्ष भाजपा मीता सिंह ने कहा यह प्रदर्शन भारत मंडपम, नई दिल्ली में चल रहे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान इंडियन यूथ कांग्रेस द्वारा की गई अराजकता और व्यवधान के कड़े विरोध में किया गया।

प्रदर्शन भाजपा कैंप कार्यालय सेलाकुई से शुरू होकर निगम रोड तक पहुंचा, जहां सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की। भाजयुमो जिला अध्यक्ष विनायक नौटियाल ने कहा, 'देश की प्रगति और तकनीकी विकास के इस ऐतिहा. सिक वैश्विक मंच पर यूथ कांग्रेस द्वारा की गई अराजक हरकतें- जिसमें शर्ट उतारकर हंगामा और प्रधानमंत्री के खिलाफ नारेबाजी शामिल थी लोकतंत्र और राष्ट्रीय गरिमा के खिलाफ हैं।




प्रदेश मीडिया प्रभारी संजय तोमर ने बताया कि यह स्पष्ट है कि कांग्रेस पार्टी विकास के मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने और भारत की अंत. रराष्ट्रीय छवि को खराब करने की साजिश रच रही है। इस अवसर पर राज्य मंत्री भुवन विक्रम, डबराल, प्रदेश प्रवक्ता नवीन ठाकुर, जिला महामंत्री अमित डबराल, यशपाल नेगी, सुनीता गुलेरिया, राजेश शर्मा, वीरता गुरुंग, अनिल कुमार, सिद्धार्थ तोमर, सुखदेव फर्स्वाण, अनुज गुलेरिया आदि लोग उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय डाकपत्थर में किया गया बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डाकपत्थर के क्रीड़ा विभाग के तत्वाधान में महिला एवं पुरुष बैडमिंटन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने अपनी चुस्ती-फुर्ती, सटीक स्मैश और रणनीतिक खेल से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. डी.एस. नेगी ने किया। उन्होंने कहा, खेल छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये अनुशासन, सहनशक्ति और टीम भावना विकसित करते हैं। महिला एकल वर्ग में सिमरन ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सभी को प्रभावित किया, स्नेहा द्वितीय तथा गीतांजलि तृतीय स्थान पर रहीं। पुरुष डबल्स में सूर्यांश-अंकित की जोड़ी ने शानदार समन्वय से प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि रोहन-मुक. ेश द्वितीय रहे। इस प्रतियोगिता में अंकित ने विशेष रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

क्रीड़ा प्रभारी डॉ. योगेश भट्ट ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, कि सभी विजेताओं को वार्षिक समारोह में सम्मानपूर्वक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

इस अवसर पर समिति सदस्य डॉ. अमित कुमार गुप्ता, डॉ. सीमा पुंडीर, डॉ. के.के. बंगवाल तथा महाविद्यालय मीडिया प्रभारी डॉ. राजकुमारी भंडारी चौहान, विक्की पंवार, विशाल वर्मा, आर्यन तोमर, प्रियांशु, अर्शी आलम, सूर्यांश, अंकित, शिवांश उपस्थित रहे। रेफरी सूर्यांश ने निष्पक्षता और कुशलता से सभी मैचों का संचालन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र, शिक्षक एवं स्थानीय निवासी शामिल हुए।

## शासकीय कार्यों में लापरवाही पर सख्ती, प्रभारी प्रधानाध्यापक का एक दिन का वेतन रोका

■ प्रभारी प्रधानाध्यापक को पत्र के माध्यम से किया गया था निर्देशित,निर्देश का पलन नही होने से काटा गया वेतन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** विकासखंड चकराता में शासकीय कार्यों में लापरवाही के मामले को गंभीरता से लेते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ने सख्त कार्रवाई की है। प्रभारी प्रधानाध्यापक का एक दिन का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोक दिया गया है।

जारी आदेश के अनुसार संबंधित प्रभारी प्रधानाध्यापक को 10 दिसंबर 2025 को प्रेषित पत्र के माध्यम से निर्देशित किया गया था कि अवमुक्त की गई धनराशि के उपयोग संबंधी पत्र में छात्र-छात्राओं की बैंक पास. बुक के प्रथम पृष्ठ तथा धनराशि अंकित पृष्ठ की प्रमाणित छायाप्रति दो प्रतियों में 23 दिसंबर 2025 तक अनिवार्य रूप से कार्यालय में उपलब्ध कराई जाए।

लेकिन निर्धारित तिथि बीत जाने के बावजूद अंतरण की गई धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध नहीं कराया गया। विभागीय स्तर पर दूरभाष के माध्यम से संपर्क स्थापित करने का प्रयास किया गया, लेकिन संबंधित अधिकारी द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया। प्रधान सहायक द्वारा भी कई बार संपर्क कर आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए, किंतु कोई संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं हुआ।आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि सीआरसी कोटीकनासर द्वारा वीडियो कॉल के माध्यम से विद्यालय की स्थिति की जानकारी ली गई। इस दौरान पाया गया कि प्रभारी प्रधानाध्यापक विद्यालय में उपस्थित नहीं थे तथा विद्यालय बंद मिला।

खंड शिक्षा अधिकारी ने इसे शासकीय दायित्वों एवं छात्र-छात्राओं के अध्यापन के प्रति गंभीर लापरवाही मानते हुए संबंधित प्रभारी प्रधानाध्यापक का 21 फरवरी 2026 का एक दिन का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकने के निर्देश जारी किए हैं।इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी बुशरा ने दूरभाष पर बताया कि शासकीय कार्यों में इस प्रकार की लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया इस प्रकार के अधिकारियों के विरुद्ध आगे भी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## रोटरी दून विकास ने किया सामुहिक विवाह उत्सव का आयोजन

■ 11 युगल परिणय सूत्र में बंधे




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सामाजिक संस्था रोटरी दून विकास, विकासनगर के तत्वाधान में आज त्रिशला देवी जैन अतिथि भवन में सामुहिक विवाह उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें 11 युगल परिणय सूत्र में बंधे। पंडित रामचंद्र पैन्युली के सानिध्य में सनातन पद्धति से विधि विधान के साथ विवाह संस्कार संपन्न हुए।

रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3080 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो. रवि प्रकाश, विधायक मुन्ना सिंह चौहान, रोटरी जोन 21 के असिस्टेंट गवर्नर तपन कौशिक, पूर्व विधायक कुलदीप पाराशर, समाजसेवी रूपा शर्मा, उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय गुप्ता और समाजसेवी रघुनाथ सिंह नेगी ने नव दम्पतियों को अपना आशीर्वाद दिया। शनिवार को बैंड बाजे की धुनों के बीच सभी युगलों का वरमाला कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, ग्यारह पुरोहितों द्वारा पाणिग्रहण संस्कार संपन्न कराए गए। सभी युगलों की ओर से उनके सैकड़ों रिश्तेदार और परिचित लोग भी इस पावन अवसर पर उपस्थित रहे।

रोटरी दून विकास की ओर से युगलों को गृहस्थ जीवन हेतु आवश्यक उपयोगी सामान भी उपहार स्वरूप भेंट किया गया। इस अवसर पर रोटरी दून विकास के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने बताया कि रोटरी पिछले 28 वर्षों से समाज के लोगों के सहयोग से यह सामा. जिक कार्य अनवरत कर रहा है। इस अवसर पर रोटरी दून विकास के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, सचिव दीपक मित्तल, पूर्व अध्यक्ष रोहित गुप्ता, कोषाध्यक्ष अजय धमीजा, डॉ. दिनेश भंडारी, प्रदीप पोत्रा, अनिल जैन, राजीव चावला, सुरेश रावत, प्रशांत जैन, दीपक मेहंदीरता, नितेश अरोड़ा, ज्ञानेंद्र सिंह रोहिला, राज कुमार जैन, तरुण अरोड़ा, अरुण मित्तल, अरुण शर्मा, सुमन भारद्वाज, कला रावत, अनीता रोहि. हला, मनजीत सलूजा सहित नगर के अनेकों गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## पूर्व प्रबंधक सुग्रीव राणा के निधन पर शोक व्यक्त

**जखोली।** नागेन्द्र इंका बजीरा के पूर्व प्रबंधक व ग्राम पंचायत बजीरा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता एवं रामलीला मंचन में कई दशकों तक हनुमान का किरदार निभाने वाले सुग्रीव सिंह राणा उम्र 71 वर्ष के असामयिक निधन पर ग्रामवासियों, क्षेत्रीय जनता, जनप्रतिनिधियों व नागेन्द्र इंका बजीरा के समस्त विद्यालय परिवार ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनके द्वारा समाज एवं शिक्षा के प्रति समर्पण और स्कूल के विकास में दिए गए योगदान को अविस्मरणीय बताया।

विद्यालय परिवार ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवार को इस कठिन समय में ढाढस बंधाते हुए उनके द्वारा समाज, विद्यालय एवं धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर दिये गये योगदान को याद किया।

## खाटू श्याम धाम विकासनगर में श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव भव्य रूप से संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** खाटू श्याम धाम विकासनगर में खाटू श्याम मंदिर समिति, विकासनगर द्वारा प्रथम श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। शुक्रवार देर रात तक चले इस आध्यात्मिक महोत्सव का शुभारंभ मंदिर के संस्थापक सुधीर महावर एवं समिति पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से अखंड ज्योति प्रज्वलित कर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया।

कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व ही नगर क्षेत्र एवं आसपास के ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंडाल में एकत्रित हो गए। भजन संध्या में गूंजते भक्तिमय सुरों से पूरा वातावरण श्याममय हो उठा। फूलों की होली, इत्र वर्षा एवं छप्पन भोग जैसे विशेष कार्यक्रमों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया और जयकारों से समूचा परिसर गूंज उठा। भजन प्रस्तुतियों की श्रृंखला में कोलकाता से पधारे सुप्रसिद्ध भजन गायक सौरभ शर्मा ने 'जब तक न सुनेगा तू, तब तक हम रो लेंगे', 'पानी है सर से ऊपर' एवं 'खाटू वाले श्याम तेरी शरण में आ गयो' जैसे भजनों से समां बांधा। इसके पश्चात जयपुर से आई ऋतु पांचाल ने 'जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे' एवं 'श्याम हमारा सबसे प्यारा' भजनों की प्रस्तुति दी। देहरादून के भजन गायक मयूर गुप्ता ने 'कीर्तन की है रात, छप्पन भोग', श्याम तेरे भरोसे, मेरा परिवार है श् तथा विकासनगर के अभिषेक राठौर ने 'मेरा बाबा रंग रंगीला, मैं तो नाचूंगा' और 'देना हो तो दीजिए जन्म-जन्म का साथ' भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। दिल्ली से आए प्रसिद्ध नरेश पुनिया म्यूजिकल ग्रुप ने भी अपनी मधुर प्रस्तुतियों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। कोलकाता का अलौकिक श्रृंगार महोत्सव का विशेष आकर्षण रहा। श्रद्धालु देर रात तक भजनों पर झूमते रहे।

महोत्सव में समिति के शिवांश महावर, कौशल गुप्ता, आनंद अरोड़ा, भानु गुप्ता, भूषण गुप्ता, विपिन महावर, हेमंत गुप्ता, जय प्रकाश महावर, अजय महावर, रतन गोयल, राहुल वर्मा, अभिषेक अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, दिनेश अरोड़ा, सविता महावर, प्रवाली गुप्ता, श्वेता सिंघल, अल्का महावर, नीरू गोयल, चांदनी गुप्ता, अंजलि गुप्ता, वैशाली महावर सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मेडिकल छात्र भी राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्वपूर्ण भागीदार: सीडीएस चौहान

■ सीडीएस ने छात्रों को दिया राष्ट्रीय सुरक्षा का संदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** श्रीनगर स्थित मेडिकल कॉलेज में देश के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान के आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में एमबीबीएस एवं पैरामेडिकल छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया और उन्हें सीडीएस को करीब से सुनने का अवसर मिला। मेडिकल कॉलेज के प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीडीएस जनरल अनिल चौहान, प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत तथा प्राचार्य आशुतोष सयाना ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

छात्रों को संबोधित करते हुए जनरल अनिल चौहान ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की सुरक्षा केवल सैनिकों की जिम्मेदारी नहीं होती, बल्कि जागरूक नागरिक भी राष्ट्र की पहली रक्षा पंक्ति होते हैं। उन्होंने कहा कि नागरिक खतरों की पहचान कर उन्हें रिपोर्ट करते हैं, राष्ट्रीय चेतना को मजबूत बनाते हैं और सरकार को जवाबदेह बनाए रखते हैं।

सीडीएस ने मेडिकल छात्रों को समाज का स्वास्थ्य रक्षक बताते हुए कहा कि आपदा, महामारी और आपात परिस्थितियों में उनकी भूमिका सीधे राष्ट्रसेवा से जुड़ी होती है। इस तरह वे भी राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्वपूर्ण भागीदार हैं। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रीय सुरक्षा का स्वरूप अधिक जटिल हो गया है और खतरे पारंपरिक सैन्य क्षेत्रों से आगे बढ़कर साइबर, आर्थिक, तकनीकी और जैविक क्षेत्रों तक फैल चुके हैं।

तेज तकनीकी प्रगति ने चुनौतियों को बहुआयामी बनाया है, इसलिए होल ऑफ नेशन एप्रोच के तहत हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। जनरल चौहान ने राष्ट्र-राज्य की अवधारणा को भूमि, लोग और विचारधारा एवं संस्थाओं पर आधारित बताते हुए कहा कि वैश्वीकरण और तकनीकी परिवर्तन के कारण पारंपरिक सुरक्षा अवधारणाएं बदल रही हैं।

उन्होंने वैज्ञानिक चार्ल्स डार्विन के प्राकृतिक चयन सिद्धांत का उल्लेख करते हुए कहा कि जो बदलाव के साथ अनुकूलित होता है वही आगे बढ़ता है। सीडीएस ने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि यह कार्रवाई प्रतिशोध नहीं बल्कि आतंकी ढांचों को निशाना बनाकर नई सामान्य स्थिति स्थापित करने की दिशा में उठाया गया कदम था। सीडीएस ने अंत में कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जागरूक नागरिक राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं और आप जैसे चिकित्सा छात्र राष्ट्र निर्माण और सुरक्षा के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं।

इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ आशुतोष सयाना ने कहा कि आपकी बहुमूल्य उपस्थिति हम सबको प्रेरणा देगी। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा देश के लिए दिया जा रहा योगदान हमें गौरवान्वित करता है और पूरे देश के युवा आज आपसे प्रेरणा लेकर देश के विकास में भागीदार बनेंगे। कार्यक्रम का संच. ालन डॉ दीपा हटवाल ने किया। इस मौके पर मेडिकल कॉलेज की तमाम फैकल्टी, अधिकारी और छात्र मौजूद रहें।

### नई पीढ़ी राज्य की सैन्य विरासत की परंपरा को आगे बढ़ा रही

**श्रीनगर।** देश के द्वितीय चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान ने कहा है कि उत्तराखंड की सैन्य पृष्ठभूमि अत्यंत गौरवशाली रही है और राज्य का भारतीय सशस्त्र बलों में योगदान ऐतिहासिक और उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि पहाड़ी प्रदेश की वीरभूमि ने सदैव देश की रक्षा के लिए साहसी और समर्पित जवान दिए हैं। सीडीएस चौहान ने कहा कि सीमांत राज्य होने के कारण उत्तराखंड के युवाओं में अनुशासन, साहस और राष्ट्रसेवा की भावना स्वाभाविक रूप से विकसित होती है। यहां के हजारों युवा भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में सेवाएं दे रहे हैं और कई वीर सैनिकों ने सर्वोच्च बलिदान देकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। सीडीएस ने कहा कि राज्य की सैन्य विरासत केवल इतिहास तक सीमित नहीं है, बल्कि आज भी नई पीढ़ी उसी परंपरा को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्रसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और सशस्त्र बलों में करियर बनाकर देश की सुरक्षा में योगदान दें। कहा कि केंद्र सरकार सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और सैनिकों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि देश की सीमाएं सुरक्षित रहें।

# गढ़वाल विवि में आठ विषयों पर होगा डिस्टेंस कोर्स संचालित : वीसी

■ कुलपति प्रो. श्री प्रकाश सिंह ने रखी विवि की उपलब्धियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के चौरास परिसर स्थित स्वामी मनमथन प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि वीर भूमि उत्तराखंड में देश के द्वितीय सीडीएस जनरल अनिल चौहान के आगमन से गौरवान्वित है। कहा कि इस पावन धरती ने देश को अनेक वीर सपूत दिए हैं। जनरल चौहान द्वारा विश्वविद्यालय के पुस्तकालय को प्रदत्त शोधपरक महत्वपूर्ण पुस्तकों के लिए विशेष धन्यवाद देते हुए उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विद्यार्थी इससे लाभान्वित होंगे। इस दौरान उन्होंने गढ़वाल विवि की उपलब्धियां सीडीएस अनील चौहान के सम्मुख रखी। उन्होंने बताया कि सेना के साथ अग्निवीर प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए एमओयू हुए हैं। साथ ही जल्द एसएसबी श्रीनगर एवं ग्वालदम के बीच एमओयू होना है उसके लिए विवि युद्ध स्तर पर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि सेना के अधिकारी भी यहां से कोर्स प्राप्त करे इसके लिए भी आईएमए देहरादून के साथ समझौता हस्ताक्षर हो इसके लिए भी पूरे प्रयास किए जा रहें है। उन्होंने बताया कि गढ़वाल विवि में आठ विषयों पर डिस्टेंस कोर्ससंचालित किए जाने को लेकर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को प्रस्ताव भेजा गया है। उम्मीद है कि अगले सत्र से गढ़वाल विवि में डिस्टेंस कोर्स संचालित हो जायेगा। कहा कि गढ़वाल विश्व. विद्यालय विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है।



### सीडीएस ने किया रणभूमि दर्शन पुस्तक का विमोचन

**श्रीनगर।** गढ़वाल विवि और गढ़वाल राइफल रेजिमेंट सेंटर के संयुक्त प्रयास से लिखित पुस्तक रणभूमि दर्शन पुस्तक का विमोचन किया गया। इस मौके पर सीडीएस अनील चौहान, कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, ब्रिगेडियर विनोद नेगी, कार्यक्रम समन्वयक प्रो. एमपीएस बिष्ट ने पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक में सीमांत गांवों के भ्रमण तथा सैन्य छावनी लैंसडाउन से संबंधित संस्मरणों का संकलन प्रकाशित किया गया है, जो क्षेत्रीय अनुभवों और सैन्य-सांस्कृतिक दृष्टि को समृद्ध रूप में प्रस्तुत करता है। वहीं सीडीएस अनील चौहान ने विवि के केंद्रीय पुस्तकालय को 227 पुस्तकों दान स्वरूप प्रदान कि। ये पुस्तके विभिन्न सामरिक, एतिहासिक एवं शोधपरक विषयों से सम्बंधित है। जो कि छात्र-छात्राओं एवं शोधार्थियों को अकादमिक रूप से विशेष लाभ प्राप्त होगा।

# आवास सचिव एमडीडीए ने तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का किया स्थलीय निरीक्षण

■ इंदिरा मार्केट, आढ़त बाजार और मल्टी लेवल कार पार्किंग से यातायात व व्यापार व्यवस्था को मिलेगी नई मजबूती: डॉ. आर. राजेश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों के क्रम में देहरादून शहर को सुनियोजित, आधुनिक एवं सुव्यवस्थित स्वरूप देने के उद्देश्य से मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) द्वारा संचालित प्रमुख परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है।

राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि शहरी आधारभूत संरचना को सुदृढ़ किया जाए तथा यातायात, पार्किंग और व्यापारिक गतिविधियों से जुड़ी समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसी क्रम में आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार लगातार विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं तथा समय-समय पर स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता और समयसीमा की निगरानी कर रहे हैं। शनिवार को आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार द्वारा मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) की तीन अति महत्वपूर्ण परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण सचिव मोहन सिंह बर्निया, अधिशासी अभियंता सुनील कुमार, अपर अभियंता नवीन चंद्र जुनेजा, नजीर अहमद, वास्तुविद प्रशांत नौटियाल एवं परियोजना निदेशक निर्माण इकाई सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सभी अधिकारियों को परियोजनाओं में गति लाने तथा मानकों के अनुरूप समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**इंदिरा मार्केट पुर्नविकास परियोजना**

इंदिरा मार्केट एवं टैक्सी स्टैंड क्षेत्र के प्रभावित दुकानदारों को एक सुव्यवस्थित और आधुनिक मार्केट में स्थानांतरित किए जाने के लिए यह परियोजना संचालित की जा रही है। परियोजना के प्रथम चरण का कार्य प्रगति पर है। वर्तमान में सी एवं डी ब्लॉक में दो तल का बेसमेंट निर्माण पूर्ण किया जा चुका है तथा शीर्ष तल का निर्माण कार्य गतिमान है।

परियोजना के अंतर्गत तीन तल के बेसमेंट का प्रावधान करते हुए कुल 1050 कार पार्किंग की व्यवस्था की गई है। बेसमेंट निर्माण पूर्ण होने के उपरांत दुकानों का निर्माण कार्य किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री ने दी विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 257 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

■ प्रदेश के विकास कार्यों में आएगी तेजी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के सडक सुधारीकरण कार्यो के साथ ही विभिन्न स्थानीय निकायों के तहत किये जाने वाले विकास कार्यो, जल उपचार संयत्रों की स्थापना, ड्राइविंग टेस्ट ट्रेक निर्माण आदि के लिये कुल 257 करोड की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री ने जनपद अल्मोडा के विधानसभा क्षेत्र जागेश्वर के अन्तर्गत मोरनौला जैती मोटर मार्ग का डामरीकरण एवं सुधारीकरण कार्य के लिए 4.26 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने राज्य योजना के अन्तर्गत नैनीताल के विधानसभा भीमताल में एनएच 87 पर कोठगोदाम बाईपास मोटर रोड (काठगोदाम से रानीबाग खंड) के निर्माण के लिए 4.70 करोड, पौड़ी गढ़वाल के विकासखण्ड कोट में व्यासघाट से ग्राम सिल्सू मोटर मार्ग के किमी 1 से किमी 5 में पुनः निर्माण एवं सुधारीकरण कार्य हेतु 3.86 करोड, जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र मसूरी के अन्तर्गत देहरादून-किमाड़ी-लम्बीधार-कार्ट मेकेन्जी कम्पनी गार्डन मोटर मार्ग के किमी 1 से 24 (सप्लाई कैल्ट से लम्बीधार, बासागाढ़ मसूरी तक सिंगल लेन से इण्टरमीडिएट लेन में परिवर्तन के लिए अतिरिक्त पहाड़ कटान क्रॉस ड्रेन एवं दीवारों का निर्माण के लिए 14.55 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। सीएम ने 15वें वित आयोग की संस्तुतियों के क्रम में समस्त शहरी स्थानीय निकायों को आबद्ध अनुदान/निर्दिष्ट अनुदान के अन्तर्गत शहरी स्थानीय निकायों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय किश्त के लिए 58.37 करोड़, शहरी विकास विभाग के अन्तर्गत 08 नगर निकायो, नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम, नगरपालिका परिषद गौचर, नगर पंचायत महुवाखेड़ागंज, नगर पंचायत चमियाला, नगरपालिका परिषद किच्छा, नगर पंचायत नन्दप्रयाग, नगरपालिका परिषद नरेन्द्रनगर एवं नगर पंचायत तपोवन में 'देवभूमि रजत जयंती पार्क' के निर्माण के लिए रू. 5.65 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। सीएम ने पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के क्रम में समस्त जिला पंचायतों को वित्तीय वर्ष 2025-26 की चतुर्थ त्रैमासिक किश्त रू. 79.09 करोड़ के साथ ही 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के क्रम में शहरी स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्र के लिए रू. 81. 57 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। सीएम ने पौड़ी गढ़वाल की पौड़ी शाखा के अन्तर्गत चिनवाड़ी डांडा में 1.53 एमएलडी जल उपचार संयंत्र के निर्माण के लिए रू. 3.72 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।



### मुख्यमंत्री ने किया लोकतंत्र सेनानी सम्मान पेंशन अनुमन्य किये जाने का अनुमोदन

मुख्यमंत्री ने लोकतंत्र सेनानी सम्मान राशि की आवेदिका श्रीमती प्रेमलता वर्मा पत्नी स्व. सुरेन्द्र मोहन वर्मा निवासी हीरानगर हल्द्वानी, नैनीताल को दिनांक 18.08.2025 से रू. 20,000 प्रतिमाह लोकतंत्र सेनानी सम्मान राशि अनुमन्य किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

### सीएम ने की आगामी कुम्भ मेले की अवस्थापना सुविधाओं को 90-36 करोड की धनराशि स्वीकृत

मुख्यमंत्री द्वारा कुम्भ मेला-2027 के प्रस्तावित विभिन्न विभागों के 40 कार्यों हेतु ₹90.36 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

### आपदा की दृष्टिगत प्रदान की गई रू. 4-00 करोड़ की धनराशि

मुख्यमंत्री ने जनपद अल्मोड़ा में प्राकृतिक आपदा से पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त 01 आवासीय भवन स्वामी को 3.00 लाख एवं प्राकृतिक आपदा से मृत 01 व्यक्ति के विधिक आश्रित को 1.00 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

### मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के लिए 3-47 करोड़ की धनराशि स्वीकृत

मुख्यमंत्री ने खेल विभाग के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में मा. मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के लिए 3.47 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

### दिव्यांग छात्रों को सिविल सेवा परीक्षा की निःशुल्क कोचिंग के लिए 19-75 लाख स्वीकृत

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान देहरादून द्वारा दिव्यांग छात्रों को सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क ऑनलाईन कोचिंग के लिए 19.75 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

# विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किए गए भारत श्री राष्ट्रीय रत्न पुरस्कार-2026

**शाह टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। यूजेवीएन लिमिटेड के मुख्यालय उज्ज्वल भवन स्थित परिसर में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में इंस्टीट्यूट फॉर सोशल रिफॉर्म्स एंड हायर एजुकेशन चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों को "भारत श्री राष्ट्रीय रत्न पुरस्कार ख्र 2026" से सम्मानित किया गया। आईएसआरएचई एक राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था है, जो शिक्षा, सामाजिक सुधार, महिला एवं बाल सशक्तिकरण, अनुसंधान, स्वास्थ्य तथा राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्यरत है।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार के वन एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री सुबोध उनियाल, अतिविशिष्ट अतिथि माननीय विधायक, कैंट विधानसभा सविता कपूर, विशिष्ट अतिथि यूजेवीएन लिमिटेड के प्रबंध निद. ेशक डॉ. संदीप सिंघल तथा इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियर्स इंडिया के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौहान द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि माननीय मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि आज का युग सूचना प्रौद्योगिकी और तकनीकी दक्षता का है तथा हमें पूर्ण विकसित राष्ट्र बनने के लिए नई तकनीकों और नवाचारों को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी का लक्ष्य देश को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और समृद्ध अर्थव्यवस्था में परिवर्तित करना है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आर्थिक विकास, तकनीकी उन्नयन, सामाजिक सशक्तिकरण और स्थिरता के माध्यम से ही इस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने सभी सम्मानित प्रतिभागियों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक प्रेरणा का संचार करते हैं। सविता कपूर ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इससे युवा पीढ़ी को भी प्रेरणा मिलती है और समाज में सकारात्मक सोच का विस्तार होता है। उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों को राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। डॉ. संदीप सिंघल ने अपने संबोधन में कहा कि यूजेवीएन लिमिटेड उत्तराखंड को ऊर्जा प्रदेश बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है और अपनी बेहतर कार्ययोजना, नवीन तकनीकों तथा कुशल प्रबंधन के बल पर हम 2030 तक ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लेंगे। कहा कि ऊर्जा उत्पादन के साथ ही निगम सदैव सामाजिक और राष्ट्रीय हित के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। उन्होंने सम्मान प्राप्त करने वाले व्यक्तियों को बधाई देते हुए कहा कि उनसे प्रेरणा लेकर निश्चित ही अन्य लोग भी राष्ट्र हित में अपना योगदान देने की दिशा में कार्य करेंगे। कार्यक्रम में इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियर्स इंडिया के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौहान ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करना समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

# भाजपा राज में सरकारी अधिकारी भी सुरक्षित नहीं: गरिमा

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** रायपुर विधानसभा से भाजपा विधायक उमेश शर्मा काऊ की और से निदेशक प्रारंभिक शिक्षा के कार्यालय में अपने समर्थकों के साथ घुसकर अभद्र व्यवहार, बहस और हाथापाई किए जाने की घटना अत्यंत निंदनीय, शर्मनाक और लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तार-तार करने वाली है, यह कहना है उत्तराखंड कांग्रेस नेत्री गरिमा मेहरा दसौनी का। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में निदेशक गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जो प्रशासनिक व्यवस्था पर सीधा हमला है। गरिमा ने कहा कि यह घटना न केवल एक वरिष्ठ प्रशास. निक अधिकारी की गरिमा पर आघात है, बल्कि पूरे शासन-प्रशासन के मनोबल को गिराने वाली है। जब जनप्रतिनिधि स्वयं कानून हाथ में लेकर इस प्रकार की हिंसक कार्रवाई करें, तो आम जनता से कानून के पालन की अपेक्षा कैसे की जा सकती है? दसौनी ने आईना दिखाते हुए कहा कि भाजपा के नेतृत्व में प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। यदि सत्ता पक्ष के विधायक ही सरकारी कार्यालयों में घुसकर मारपीट करेंगे, तो यह स्पष्ट संकेत है कि सरकार का संरक्षण अपराधियों को प्राप्त है।

# पतंजलि विश्वविद्यालय में अभ्युदय-2025-2026 योगधर्म से युगधर्म आयोजित

**नई दिल्ली।** हरिद्वार स्थित पतंजलि विश्वविद्यालय के भव्य सभागार में वार्षिक सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक महोत्सव अभ्युदय 2026 का आयोजन अत्यंत गरिमा, आध्यात्मिक उल्लास और राष्ट्रगौरव के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन प्राचीन गुरुकुल परंपरा और आधु. निक शिक्षा के सजीव समन्वय का प्रतीक बनकर उभरा।

इस वर्ष अभ्युदय कार्यक्रम की थीम ष्योगधर्म से युगधर्मष रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। पतंजलि विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने ष्योगधर्म से युगधर्मष नाटड प्रस्तुति प्रस्तुत कर कार्यक्रम में पधारे गणमान्य अतिथियों का मन मोह लिया। इस अवसर पर पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वामी रामदेव जी ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सब उस पतंजलि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी हैं जो पूरी दुनिया का संस्कृति का सबसे बड़ा केंद्र है। आप सभी इस ऋषि संस्कृति के ध्वजवाहक बनकर इस अनुष्ठान को आगे बढ़ा रहे हैं। स्वामी जी ने कहा कि जिन संकल्पों को लेकर हम जी रहे हैं, वे संकल्प आप आप सबके भीतर मूर्त रूप ले रहे हैं। नाटड



प्रस्तुति देखकर स्वामी जी ने कहा कि आज एक षडडंत्र के तहत विश्वगुरु भारत को लेकर कई भ्रामक रील्स चल रही हैं, लेकिन भारत विश्वगुरु था, है और हमेशा विश्वगुरु रहेगा।

वो शक्ति, शौर्य, वीरता, पराक्रम और हृदय की विकल्ता कि विकल्प रहित संकल्प, अखण्ड-प्रचण्ड पुरुषार्थ, बड़ी सोच, कड़ी मेहनत और पक्के इरादे के साथ चरैवेति-चरैवेति हम आगे बढ़ेंगे और भारत को इसका खोया हुआ गौरव दिलाकर रहेंगे। यह मात्र नाटक नहीं अपितु इन विद्यार्थियों के जीवन का यथार्थ है। ये उस यथार्थ के, धर्म के, अध्यात्म के, संस्कृति व संस्कारों के जीवंत विग्रहवान स्वरूप हैं।

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय दातनू के जर्जर भवन/सामग्री की खुली नीलामी दिनांक 28 फरवरी 2026 को विद्यालय प्रांगण में की जाएगी। नीलामी प्रक्रिया प्रारम्भ में हिस्सा लेने के लिए सभी प्रतिभागियों को दिनांक 28.02.2026 को प्रातः 10.00 से 12.00 बजे तक विद्यालय परिसर में उपस्थित होकर अपने पहचान पत्र (आधार कार्ड) व 25,000/= रूपये की अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाकर अपना पंजीकरण करवाना होगा। इसके उपरांत पहुंचने वाले प्रतिभागियों की अग्रिम राशि स्वीकार नहीं की जायेगी। नीलामी उसी दिन 1.00 बजे शुरू की जायेगी। नीलामी प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात सफल बोलीदाता के अतिरिक्त सभी को अग्रिम धरोहर राशि वापिस कर दी जाएगी। नीलामी की बाकि शर्तें नियुक्त अधिकारी द्वारा मौके पर नीलामी प्रक्रिया प्रारम्भ होने से पहले बता दी जायेगी।

**आज्ञा से :-**

**प्रधानाध्यापक, रा.उ.मा. विद्यालय दातन कालसी, देहरादून**

**फॉर्म संख्या आईएनसी-26**

खकंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसार,

**केंद्र सरकार के समक्ष (क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र निदेशालय II, चंडीगढ़)**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप-धारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के खंड (ए) के मामले में

**और**

**रंजना कॉस्मो केम प्राइवेट लिमिटेड** (सीआईएनः U52609UR2019PTC009443) के मामले में जिसका पंजीकृत कार्यालय **"एफ-104, सेलाकुई डीडीएन, सिडकुल औद्योगिक क्षेत्र, देहरादून, उत्तराखंड, भारत 248011"** में है

............आवेदक कंपनी / याचिकाकर्ता

आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि कंपनी, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत केंद्र सरकार को एकआवेदन देने का प्रस्ताव रखती है, जिसमें कंपनी को अपना पंजीकृत कार्यालय **"उत्तराखंड राज्य"** से **"हरियाणा राज्य"** में बदलने में सक्षम बनाने के लिए **03 जनवरी, 2026** को आयोजित असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी के एसोसिएशन के ज्ञापन में परिवर्तन की पुष्टि की मांग की गई है। कोई भी व्यक्ति जिसका हित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, वह या तो **एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निवेशक शिकायत फॉर्म** दाखिल करके या वितरित करवाकर या पंजीकृत डाक द्वारा अपने एतराज एक हलफनामे के साथ, अपने हित की प्रकृति और विरोध के आधार बताते हुए, **क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र निदेशालय II, चंडीगढ़, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय, तीसरी मंजिल, कॉर्पोरेट भवन, प्लॉट नंबर 4-बी, सेक्टर-27बी, चंडीगढ़ 160019** को इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से चौदह (14) दिनों के भीतर भेज सकता है, जिसकी एक प्रति आवेदक कंपनी को नीचे दिए गए पते पर उसके पंजीकृत कार्यालय में भेजी जाए:

**एफ-104, सेलाकुई डीडीएन,**
**सिडकुल औद्योगिक क्षेत्र,**
**देहरादून, उत्तराखंड, भारत 248011**

रंजना कॉस्मो केम प्राइवेट लिमिटेड
की ओर से और के लिए
हस्ताक्षर/-
रविंदर कुमार
निदेशक
डीआईएनः 10240817

दिनांकः 21.02.2026
स्थानः उत्तराखंड

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9**
**ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, देहरादून।**

**उपभोक्ता परिवाद संख्या: 24/2025**

Mr. Vilas Chintaman Pendse, A103 Tarangan Residency, Lane A19, Raikar Nagar, Dhayari Pune-411041, MAHARASHTRA & 4 Other.

**.....Complainants.**

1. The Trekveda, Address- Near 1 st Chowk, Shaheed Gate Near Haridwar Road, Joly Grant, Athhoorwala, Diowala, Uttarakhand-248140. 2. Mr. Atul Kukreti, The Chief Executive Officer, Trek Veda, Address- 1 st Floor, Hardik Enterprises Rajeshwari Puram, Mikhampur, Dehradun-248001, Uttarakhand.

**.....Opposite parties**

**नोटिस बनाम्-विपक्षीगण:-** 1. The Trekveda, Address- Near 1 st Chowk, Shaheed Gate Near Haridwar Road, Joly Grant, Athhoorwala, Diowala, Uttarakhand-248140. 2. Mr. Atul Kukreti, The Chief Executive Officer, Trek Veda, Address- 1st Floor, Hardik Enterprises Rajeshwari Puram, Mokhampur, Dehradun-248001, Uttarakhand.

आपको सूचित किया जाता है कि, उक्त परिवादिनी द्वारा आपके एवं आपके प्रतिष्ठान के विरुद्ध इस जिला आयोग में शिकायत दर्ज करायी गई है। अतः आप दिनांक 02.03.2026 को पूर्वाहन 11.00 बजे इस जिला आयोग में स्वयं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। ऐसा न करने पर आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जाकर उचित आदेश पारित कर दिये जायेंगे।

**( पुष्पेन्द्र खरे )**
**अध्यक्ष जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग देहरादून**

# निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप काम करना होगा

## सतत विकास लक्ष्यों और पीएम गति शक्ति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कार्यशाला




**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नियोजन विभाग द्वारा नैनीताल जिले के भीमताल स्थित विकास भवन सभागार में शनिवार को सतत विकास लक्ष्यों और पीएम गति शक्ति के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी।

कार्यशाला में स्थानीय अधिकारियों व प्रतिनिधियों को 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने तथा बुनियादी ढांचा विकास के लिए पीएम गति शक्ति के अंतर्गत समन्वित योजना बनाने पर केंद्रित प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डे ने कहा कि किसी भी लक्ष्य को प्राप्ति करने हेतु आपसी समन्वय होना आवश्यकीय है, मिलकर कार्य करेंगे तो तभी विकास होगा। उन्होंने कार्यशाला में विभिन्न विभागों से आए अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि नैनीताल जिले को अव्वल लाने एवं एसडीजी के सभी 17 लक्ष्यों की पूर्ति हेतु संजीदगी से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में सतत विकास हेतु जो भी जानकारी दी जा रही है उसे आत्मसात करते हुए फील्ड में जाकर क्रियान्वित कर समय पर लक्ष्य की पूर्ति हो। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि उत्तराखंड सेतु आयोग के निदेशक व अपर निदेशक अर्थ एवं संख्या मनोज पंत ने सतत विकास लक्ष्यों के 17 लक्ष्यों गरीबी, शिक्षा, लैंगिक समानता, स्वास्थ्य आदि लक्ष्यों की जनपद की वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए स्थानीय स्तर पर इसकी पूर्ति आदि के संबंध में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि फील्ड कर्मियों की मेहनत से ही लक्ष्य की पूर्ति होती है जिले की बेहतर प्रगति हेतु क्षेत्र की मेहनत महत्वपूर्ण होती है उनकी मेहनत से ही लक्ष्य पूर्ति समय पर हो पाती है। उन्होंने सरकार के विकसित भारत विजन के लक्ष्यों आदि के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जब विक. सित गांव होगा तभी विकसित जिला व राज्य एवं देश विकसित होगा। हमें सर्वप्रथम गांव को विकसित करने हेतु निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करना होगा। उन्होंने अवगत कराया कि बेहतर कार्यान्वस्यन हेतु जिले का एक विजन तैयार करना होगा। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड विजन 2047 के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया साथ ही लक्ष्यों की पूर्ति हेतु आने वाली विभिन्न चुनोतियों एवं बेहतर प्लानिंग के बारे में अवगत कराया। उन्होंने विकास के विभिन्न इंडिकेटर बताए गए। उन्होंने कहा कि पीएम गति शक्ति के माध्यम से लॉजिस्टिस व कनेक्टिविटी में तेजी लाना है। अंत में श्री पंत ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाओं का उद्देश्य समावेशी और टिकाऊ विकास सुनिश्चित करना है। कार्यशाला में जीआईएस विशेषज्ञ द्वारा जीआईएस मैपिंग एवं उसके महत्व के बारे में सभी को जानकारी दी। कार्यशाला में जनपद नैनीताल के एसडीजी अचीवर जिन्हें पूर्व में राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया है, उनके द्वारा भी अपने अनुभव कार्यशाला में साझा किए गए जिसमें चंदन सिंह नयाल द्वारा जल संरक्षण हेतु के कराए गए कार्य वहीं जगदीश नेगी द्वारा पौधों के संरक्षण एवं नदी संरक्षण हेतु कराए गए कार्यों व बच्चे सिंह बिष्ट द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु किए गए कार्यों व अपने अनुभव साझा किए। कार्यशाला में संयुक्त निदेशक अर्थ एवं संख्या कुमाऊं राजेंद्र तिवारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी मुकेश नेगी समेत एपीडी चंद्रा फर्त्याल सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## नशे में धुत पीआरडी जवान ने होमगार्ड से की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल स्थित मस्जिद तिराहा पर यातायात ड्यूटी पर तैनात एक होमगार्ड से नशे में धुत पीआरडी जवान ने मारपीट कर दी। मेडिकल परीक्षण कराने के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात मल्लीताल कोतवाली में संबद्ध एक होमगार्ड मस्जिद तिराहा क्षेत्र में यातायात ड्यूटी पर तैनात था। इस दौरान वहां शराब के नशे में उसका पूर्व परिचित पीआरडी जवान पहुंचा। इस दौरान अनावश्यक बहस करने के साथ वह उसको परेशान करने लगा। इस बीच मामला बढ़ा तो दोनों के बीच हाथापाई हो गई। सूचना पर कोतवाली से पुलिस कर्मियों ने पहुंचकर मामला शांत किया। पीआरडी जवान को कोतवाली लाकर मेडिकल परीक्षण कराया तो उसके शराब के नशे मे होने की पुष्टि हुई। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि पीआरडी आनंद सिंह बिष्ट के खिलाफ पुलिस एकट में चालानी कार्रवाई की गई है।

## एक नजर

### जैव विविधता का संरक्षण जरूरी: प्रो. तिवारी



**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय डीएसबी परिसर नैनीताल के वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने एमएमटीटीसी द्वारा आयोजित पर्यावरण विभाग के रिफ्रेशर कोर्स में पर्यावरण एवं जैव विविधता विषय पर व्याख्यान दिया। प्रो. तिवारी ने कहा कि जैव विविधता का संरक्षण जरूरी है, जिससे हमारा पर्यावरण संरक्षित रह सकेगा। उन्होंने कहा कि भारत 12 मेगा डायवर्सिटी देशों में शामिल है जहां 25 हॉट स्पॉट है तथा उत्तराखंड में 4 हजार आवृतबीजी पौधे मिलते हैं। जैव विविधता से हर वर्ष 26 ट्रिलियन डॉलर की आय होती है। विश्व में 34 बड़े हॉट स्पॉट है जहां इंडिमिक प्रजाति ज्यादा है। कहा कि जलवायु परिवर्तन से पौधों का रिजनरेशन प्रभावित हो रहा है। कहा कि पर्यावरण एवं जैव विविधता दोनों एक दूसरे के पूरक है तथा प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में 12 पेड़ आकसीजन हेतु जरूरी होते हैं इसलिए अपने जन्म दिन पर एक पेड़ का पौधा अवश्य लगाए। रिफ्रेशर कोर्स में अलग अलग प्रदेश के 120 प्राध्यापकों ने प्रतिभाग किया।

### शांतिपूर्ण शुरु हुई उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाएं

**नैनीताल।** नैनीताल में शनिवार से उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्ण शुरु हुई। बता दें शनिवार को इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों का ड्राइंग विषय का प्रश्नपत्र था। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। विद्यार्थियों में उत्साह के साथ हल्की घबराहट भी देखी गई। छात्रा नम्रता चंद्रा ने बताया आज का पेपर काफी अच्छा आया हुआ था सारे प्रश्नों का उत्तर लिखा है ऐसा लग रहा था पेपर कठिन आएगा जिसकी वजह से घबराहट हो रही थी लेकिन पेपर देखकर अच्छा आया था। खुशबू आर्य ने बताया पेपर काफी सरल आया हुआ था। पहले काफी घबराहट हो रही थी कि पेपर किस टाइप का आएगा, सभी प्रश्न काफी अच्छे आए हुए थे जबकि निहारिका सिंह ने बताया इंटर में ड्राईंग का एग्जाम है करके काफी घबराहट हो रही थी लेकिन जब पेपर पूरा पढ़ा देखकर काफी अच्छा लगा।

### शिक्षा निदेशक नौडियाल पर हमले की निंदा

**नैनीताल।** राजकीय शिक्षक संघ के कुमाऊं मंडल के पूर्व मंडलीय मंत्री डा.कन्नू जोशी ने शनिवार को देहरादून में सत्ता पक्ष के विधायक की मौजूदगी में विधायक के सामने ही प्रारंभिक शिक्षा निदेशक अजय कुमार नौडियाल और मिनिस्ट्रीयल स्टाफ के साथ मारपीट प्रकरण की घोर निंदा की है। डा. जोशी ने कहा कि ये निरंकुशता की चरम स्थिति है। इस घटनाक्रम में संलिप्त प्रत्येक दोषी व्यक्ति को कानून की सुसंगत धाराओं के तहत कठोर सजा दी जानी चाहिए।

### नैनी महिला समिति की होली कार्यशाला शुरू

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित नैनी महिला एवं बाल विकास समिति सूखाताल में रंगों के पर्व होली के मद्देनजर इन दिनों होली कार्यशाला का विशेष आयोजन किया जा रहा है। समिति के तत्वावधान में युवतियों व महिलाओं को होली के गीतों व नृत्य का बारिकी से अभयास कराया जा रहा है साथ हीं स्वांग का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला में रिद्धि के दाता विघ्न विनाशन..., होली खेले पशुपतिनाथ... आदि कई होली गीतों का अभयायास कराया जा रहा है। कार्यशाला में मीनाक्षी, रिया, बबिता, अनीता, मोहिनी, शालिनी, प्रेमा तथा गीता आदि भाग ले रहे हैं।

### लोसर पर्व के बाद खुली तिब्बती बाजार

**नैनीताल।** नैनीताल में तिब्बती समुदाय का तीन दिन नव वर्ष लोसर का पर्व धूमधाम से आयोजित होने के बाद शनिवार को तीन दिन से बंद तिब्बती बाजार खुल गया। बाजार खुलने से खूब रौनक देखने को मिली। बता दें 18 से 20 फरवरी तक तिब्बती समुदाय की ओर से अपना नव वर्ष लोसर मनाया गया था जिसकी वजह से समुदाय के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान पूरी तरह से बंद थे। बंद के दौरान तीनों दिन सुख निवास स्थित बौध मठ में विभिन्न धार्मिक व अन्य अनुष्ठानों का आयोजन किया गया।

### नर्सिंग की छात्राओं का कैंपस प्लेसमेंट

**नैनीताल।** जिले के भीमताल विकास खंड के ज्योलीकोट स्थित नैन्सी कालेज ऑफ नर्सिंग में शनिवार को यशोदा हॉस्पिटल गाजियाबाद द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में जीएनएम एवं बीएससी नर्सिंग की फाइनल ईयर की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कुल 78 छात्राओं का सफल चयन यशोदा हॉस्पिटल गाजियाबाद में हुआ जो संस्थान के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। कालेज के निदेशक डा. संजय कुमार सिंह ने सभी चयनित छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए प्लेसमेंट टीम के प्रयासों की सराहना की। प्रबंध निद. शक इंजीनियर आईपी सिंह ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभाशीष प्रदान किया। प्लेसमेंट समिति में शोभा, रेनू, अश्वनी, विवियन आदि सदस्यों ने इस ड्राइव को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कालेज प्रशासन की ओर से यशोदा हॉस्पिटल गाजियाबाद की टीम का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



## खाद्य सुरक्षा विभाग ने चलाया अभियान, विरोध में व्यापारी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** होली को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम न चैकिंग अभियान शुरू कर दिया है। इस दौरान सेंपल भरने के दौरान टीम को व्यापारियों का विरोध भी झेलना पड़ा। टीम ने शहर की तीन दुकानों से खाद्य सामग्रियों के सेंपल भरने के साथ ही अनियमितता पर दो को नोटिस देने की कार्रवाई की है। बता दें कि त्योहारी सीजन को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने निरीक्षण शुरू कर दिया है। शनिवार को सहायक आयुक्त अजब सिंह रावत के नेतृत्व में टीम ने शहर के रेस्टोरेंटों समेत मिठाई व परचून की दुकानों का निरीक्षण किया। इस बीच टीम तल्लीताल स्थित प्रकाश जनरल स्टोर पहुंची। टीम ने दुकान से सामान का सेंपल भरना शुरु किया तो कुछ व्यापारी इसके विरोध में उतर आए। व्यापारियों ने कहा कि पंजीकृत व्यापारियों की दुकानों से तो विभाग हमेशा सेंपल भरता है लेकिन शहर में खुले में खाद्य सामग्री बेच रहे लोगों के खिलाफ विभाग कार्रवाई कब करेगा? व्यापारियों ने बिना पंजीकरण खुले में खाद्य सामग्री बेच रहे लोगों पर भी कार्रवाई की किये जाने की बात कही। लंबी बहस के बाद आखिरकार टीम दुकान से पनीर का सेंपल लेकर ही लौटी। जिसके बाद मल्लीताल प्रतिदिन डेयरी से दही व साह जनरल स्टोर से टोजो के सेंपल भरे गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय सिंह ने बताया कि अनियमितता पाये जाने पर दो व्यापारियों को नोटिस भी जारी किया गया है। टीम का अभियान आगामी होली तक जारी रहेगा। इस दौरान कानूनगो एचआर ममगई शामिल थे।

# धर्म की रक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शनिवार को जजफार्म पीलीकोठी स्थित दुर्गापाल गार्डन रविवार बाजार में सकल सनातन समिति द्वारा एक विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को संगठित कर सकारात्मक दिशा में अग्रसर करना था। संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित इस सम्मेलन में प्रमुख वक्ताओं के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत बाल प्रमुख डा. शील निधि, मातृशक्ति के रूप डा. प्रोफेसर शुभ्रा काण्डपाल और आध्यात्मिक वक्ता डा. दुर्गेश्वर दत्त त्रिपाठी उपस्थित रहे। डा. शील निधि ने संघ की स्थापना और उसके उद्देश्य के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और स्वदेशी विचारों के माध्यम से भारत को एक अग्रणी राष्ट्र बनाया जा सकता है। उन्होंने हिंदू समाज को जातिवाद से ऊपर उठने और एकजुट रहने की अपील की। प्रोफेसर शुभ्रा काण्डपाल ने मातृशक्ति की भूमिका पर जोर दिया, खासकर राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका को लेकर उन्होंने कहा कि महिलाएं पांच महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कार्य करके समाज परिवर्तन में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। डा. दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने अनेकता में एकता की बात करते हुए समाज को जोड़ने और धर्म की रक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सनातन धर्म एक वैज्ञानिक प्रणाली है, जिसे हम सभी को बचाना चाहिए। सम्मेलन में विभिन्न स्कूलों और संस्थाओं के छात्रों द्वारा देशभक्ति गीत और कुमाऊंनी नृत्य की सुंदर प्रस्तुतियां दी गई। सिंथिया के बीजी. बिज स्कूल और हर गोविंद सुयाल इंटर कालेज के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिससे सम्मेलन की महत्ता और बढ़ गई। सम्मेलन में समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यवाह राहुल जोशी, नगर प्रचारक प्रभाकर, कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, मेयर गजराज बिष्ट, समाज सेवी मनोज पाठक, प्रो. नवीन शर्मा, पार्षद रेखा बिनवाल आदि थे।

# बनभूलपुरा में सुरक्षा रहेगी चाक-चौबंद

## रेलवे मामले पर सुप्रीम कोर्ट में 24 को होनी है सुनवाई, हिस्ट्रीशीटरों की होगी परेड



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रेलवे बनाम बनभूलपुरा अतिक्रमण मामले में फैसले की घड़ी एक बार फिर नजदीक आती दिख रही है। 24 फरवरी को मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। बनभूलपुरा में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर है। बड़ी बात यह है कि इस बार पुलिस इलाके में फ्लैग मार्च करने के बजाय ड्रोन की मदद से बनभूलपुरा की हलचल पर नजर रखेगी। उल्लेखनीय है कि रेलवे लाइन किनारे बसे बनभूलपुरा के एक बड़े हिस्से पर रेलवे का दावा है। हालांकि बनभूलपुरावासी इसे अपनी जमीन बता रहे हैं। इस मामले पर हाईकोर्ट फैसला सुना चुकी थी। जिसके बाद बनभूलपुरावासियों ने फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की। सुनवाई हुई और अब 24 फरवरी को इस मसले पर अंतिम फैसला प्रस्तावित है। फैसले से पहले पुलिस ने बनभूलपुरा इलाके में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करनी शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, बनभूलपुरा के आसमान पर 24 घंटे निगरानी के लिए 2 ड्रोन उड़ाए जाएंगे। इससे यह देखा जाएगा कि बनभूलपुरा में किस तरह की गति. विधियां चल रही हैं। इसके अलावा बनभूलपुरा कोतवाली के 31 हिस्ट्रीशीटर की तलाश शुरू कर दी गई है। सभी की परेड कराने की तैयारी की जा रही है। साथ ही उन 90 लोगों को भी तलाशा जा रहा है, जो लगभग दो साल पहले बनभूलपुरा हिंसा के आरोप में जेल गए थे। इस मामले में मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक अब भी जेल में हैं। इनके साथ हिंसा के कई आरोपी भी बंद हैं, जबकि कइयों की जमानत हो चुकी है। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल का कहना है कि ड्रोन से निगरानी के साथ हिस्ट्रीशीटर की परेड कराने के लिए कोतवाल बनभूलपुरा डीएस फर्त्याल को निर्देश दिए गए हैं। यह भी निर्देशित किया गया कि उन सभी की हिस्ट्री निकालें, जो बनभूलपुरा हिंसा के मामले में जेल से जमानत पर बाहर हैं।

## मोटर मार्ग के लिए धनराशि स्वीकृत: कैड़ा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**धारी।** भीमताल विधान सभा के विधायक राम सिंह कैड़ा ने कहा कि भीमताल विधानसभा के भीमताल ब्लॉक के बानना से पिंनशैला तक मोटर मार्ग का निर्माण पूर्व में विधायक निधि कराया था। चौड़ीकरण तथा डामरीकरण नहीं होने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का समाना करना रहा था। बताया कि किसानों को बरसात के दिनों अपने उत्पाद हल्द्वानी लाने में काफी परेशानियों का समाना करना पड़ता था। ग्रामीणों ने मोटर मार्ग पर सुधारीकरण, चौड़ीकरण व डामरीकरण करने मांग की थी। विधायक कैड़ा ने बताया कि मोटर मार्ग के चौड़ीकरण तथा डामरीकरण व सुधारीकरण करने हेतु पीएमजीएसवाई फेस 4 के अंतर्गत प्रस्ताव शासन को भेजा था। बताया कि उसके बाद शासन से 7 करोड़ 35 लाख स्वीकृति हो गये हैं जिसकी टैण्डर प्रक्रिया शुरू हो गई है, जल्दी ही मोटर मार्ग पर सुधारीकरणएडामरीकरण कार्य किया जायेगा। दूसरी ओर शनिवार को विधायक राम सिंह कैड़ा ने भीमताल विधानसभा के टांडा, खनश्यू, लेटीबुगा तथा सरना व धारी सहित आदि गाँवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना संबधित विभाग के अधिकारियो को ेन कर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिये।



# नैनीताल में 'स्नैप्स' की शूटिंग शुरू



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में शनिवार से हिंदी फिल्म स्नैप्स की शूटिंग शुरू हो गई है। पहले दिन मल्लीताल पंत पार्क में कई दृश्य फिल्माए गए। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में आगामी चार मार्च तक शूटिंग जारी रहेगी। बता दें शनिवार को पंत पार्क में दोपहर में शूटिंग शुरू हुई। नायक विक्रम के कई दृश्य फिल्माए गए। करीब घण्टेभर चली शूटिंग देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ लग गई। शूटिंग में फिल्म यूनिट के सुरक्षा कर्मियों का कड़ा पहरा रहा और लोगों को नजदीक नहीं जाने दिया गया। फिल्म के लाइम प्रोड्यूसर अमित मेहता ने बताया कि यह फिल्म अलग हटकर नजर आएगी। जिस कारण फिल्म की कहानी का सस्पेंस बनाकर रखा गया है। इसका लुत्फ सिनेमा हाल में ही लिया जा सकता है। फिल्म में रोमांस, ड्रामा व संगीत और सस्पेंस देखने को मिलेगा। फिल्म की कहानी इस हिल स्टेशन को शूट करती है। फिल्म में यहां के सभी खुबसूरत स्थानों को शूट किया जा रहा है। स्थानीय कलाकार मदन मेहरा भी इस फिल्म में नजर आएंगे जबकि कई अन्य स्थानीय कलाकारों को फिल्म में अभिनय करने का मौका दिया गया हैं। मालरोड, रैमजे अस्पताल, नैनी झील तथा डिग्री कालेज रोड समेत स्नोव्यू समेत कई अन्य हिस्सों में शूटिंग की जाएगी। स्थानीय कलाकार मदन मेहरा ने बताया कि फिल्म में अभिनय कर वह उत्साहित हैं। नगर में होने वाली शूटिंग में स्थानीय कलाकारों को मौका मिलना चाहिए। यह फिल्म गर्मियों में रिलीज की जाएगी।

## खाद्य विभाग ने उठाए सैंपल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तराखंड और जिला. धिकारी के निर्देश पर कालाढूंगी, नयागांव और चकलुआ में खाद्य सुरक्षा जांच की गई। इस दौरान दूध के 02 नमूने और 04 दाल नमूने संदेह के आधार पर लिए गए, जो राज्य खाद्य विश्लेषण प्रयोगशाला भेजे गए। खाद्य प्रतिष्ठान मालिकों को गुणवत्तापूर्ण सामग्री बेचने, बिना बिल खरीदारी न करने, और स्टॉक का विवरण रखने के निर्देश दिए गए। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी असलम खान ने बताया कि आगामी त्योहारों को देखते हुए मिलावटी खाद्य सामग्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने खाद्य कारोबारियों से लाइसेंस अनिवार्य रूप से दिखाने की अपील की। अन्यथा एफएसएस एक्ट 2006 के तहत 10 लाख रुपए जुर्माना लगाया जाएगा। संयुक्त टीमों द्वारा प्रतिदिन कार्रवाई की जा रही है, और रिपोर्ट आयुक्त कार्यालय को भेजी जा रही है।



## भाजपाइयों ने फूंका राहुल गांधी का पुतला



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** भारतीय जनता पार्टी ने मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की के नेतृत्व में राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा एआई समिट में अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पंत पार्क मल्लीताल में कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी का पुतला दहन किया। पुतला दहन से पूर्व हुई सभा में भाजपा के मण्डल अध्यक्ष नितिन कार्की ने कहा के भारत में चल रहे अंतरराष्ट्रीय एआई समिट 2026 में भारत दुनिया के सामने अपनी प्रतिभा बिखेर रहा है वहीं दूसरी ओर कांग्रेस राहुल गांधी के नेतृत्व में पाकिस्तानी एजेंट के रूप में काम कर रही है और भारत की छवि को धूमिल करने की लगातार कोशिश करती आ रही है। हम सभी लोग जानते है कि एआई समिट 2026 भारत में एआई क्षेत्र में काम करने वाले डेवलपर्स और हमारे इंजीनियरों के लिए एक बहुत बड़ा प्लेटफार्म है जिसको केवल अपनी संकीर्ण मान. सिकता के कारण कांग्रेस पार्टी किल करने में लगी हुई है जिस कारण शनिवार को भाजपा नैनीताल द्वारा कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन कर उन्हें देश विरोधी कृत्यों का विरोध किया गया। पुतला दहन के दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट, सलाहकार मंडी परिषद मनोज जोशी समेत विक्रम राठौर, आयुष भंडारी, विकास जोशी, भरत महरा, हेमंत बेदी, अमिता साह, रेखा जोशी, शैलेंद्र बरगली, विक्रम रावत, संतोष कुमार, मनोज पवार तथा नीरज साह थे।

## श्री श्याम कीर्तन 27 मार्च को



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर के हट गार्डन में समस्त श्याम प्रेमियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें शहर के अनेक श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर एकजुटता का परिचय दिया। बैठक का आयोजन आगामी 27 मार्च को प्रस्तावित श्री श्याम कीर्तन की तैयारियों के संबंध में किया गया। श्री श्याम युवा मित्र मंडली के अध्यक्ष अंकित पाल ने बताया कि 27 मार्च को आयोजित होने वाले कीर्तन को भव्य एवं सफल बनाने के लिए सभी श्याम प्रेमी सक्रिय रूप से योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं के एकजुट होने और आपसी सहयोग की भावना को सुदृढ़ करने का अवसर भी है। बैठक के दौरान आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में कीर्तन आयोजक अशोक गोयल, पल्लवी गोयल, शशि भूषण अग्रवाल, सनी कपूर, ललित पांडेय, संजीव कश्यप, हन्नी अग्रवाल, कमल पाल, अनिल पाल, हर्षित पाल, सचिन गुप्ता, रतन चौहान समेत दर्जनों श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

# श्री राम सेवक सभा परिवार कल से शुरु करेगा फागोत्सव




**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा द्वारा शनिवार को 23 फरवरी से शुरु होने जा रहे दस दिवसीय 30वें फागोत्सव की कामयाबियों को लेकर पत्रकार वार्ता की। पत्रकार वार्ता में सभा के महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी ने बताया फागोत्सव 23 फरवरी (सोमवार) से शुरु होकर आगामी 4 मार्च (बुधवार) तक आयोजित किया जाएगा। बवाड़ी के मुताबिक 23 फरवरी को महिला होली जुलूस एवं स्वांग तल्लीताल से प्रारंभ होगा। 24 फरवरी को विभिन्न महिला दलों की प्रस्तुतियां होंगी जबकि 25 फरवरी को महिला होली वहीं 26 फरवरी को स्वर्गीय नवीन लाल साह की स्मृति में स्कूली बच्चों की प्रस्तुतियां आयोजित होंगी। बताया कि 27 फरवरी को रंग धारण तथा चीर बंधन एवं आमल एकादशी कार्यक्रम होगा। कहा कि 28 फरवरी को स्वर्गीय लेफ्टिनेंट अंशुमन नयाल की स्मृति में बाल कलाकारों की प्रस्तुति व पुरुष होली आयोजित की जाएगी। दो दिन बाल कलाकारों द्वारा तल्लीताल व मल्लीताल चाट पार्क में अपनी प्रस्तुति दी जाएगी। बवाड़ी के मुता. बिक 1 मार्च को स्वर्गीय चंद्रशेखर साह की स्मृति में होली एकल गायन होगा जबकि 2 मार्च को होली रंग जुलूस व चीर दहन तथा 4 मार्च को सभा भवन में होली आशीष कार्यक्रम होगा। फागोत्सव में कुल 24 टीमें प्रतिभाग करेंगे। स्वांग प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिए जाएंगे। फागोत्सव में कुर्मांचल बैंक द्वारा प्रायोजित फोटोग्राफी प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। पत्रकार वार्ता के दौरान सभा के अध्यक्ष मनोज साह, पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी मंटू समेत विमल चौधरी, राजन लाल साह, अशोक साह, मोहित लाल साह, प्रो. ललित तिवारी, ललित मोहन साह, कैलाश बोरा, आनंद बिष्ट, हिमांशु जोशी तथा राजेंद्र लाल साह आदि भी मौजूद रहे।

## चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी के छात्रों का दल पहुंचा नैनीताल




**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी जींद (हरियाणा) के एमएससी वनस्पति विज्ञान के विद्यार्थियों ने शनिवार को नैनीताल के कुविवि के डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग का शैक्षिक भ्रमण किया तथा हर्बेरियम तथा हाइड्रो फोनिक्स, जैव विविधता तथा ग्लास हाउस गार्डन की महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की। विद्यार्थियों ने नैनीताल तथा उत्तराखंड की प्रजातियों के बारे में भी जानकारी दी गई। 25 विद्यार्थियों की साथ उनके प्राध्यापक भी शैक्षिक भ्रमण में शामिल रहे। विद्यार्थियों को विभाग के शोध कार्यों की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर प्रो. ललित तिवारी, प्रो. सुषमा टम्टा, प्रो. नीलू लोधियाल, डा. नवीन पांडे, डा. प्रभा पंत तथा डा. हेम जोशी ने विश्वविद्यालय तथा विभाग की महत्वपूर्ण जानकारी मुहैया कराई। दल की तरफ से डा. अजय कुमार, डा. दीपक बामाल, डा. पवन, मोनिका, भारती तथा सुमन सहित अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।

CMYK



# खतीब अहमद मलिक दोबारा बने राज्य हज समिति के चेयरमैन

## हज यात्रियों की सुविधा के लिए किया जाएगा ईमानदारी-जिम्मेदारी से कामः खतीब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** उधम सिंह नगर के कद्दावर नेता व दो बार पूर्व राज्य मंत्री रहे खतीब अहमद मलिक को एक बार फिर से दोबारा राज्य हज समिति के चेयरमैन की कमान सौंपी गई है हज कमेटी के अध्यक्ष पद पर दोबारा नियुक्ति के बाद खतीब अहमद ने शनिवार को हजौस पिरान कलियर पहुंचकर विधिवत दोबारा से उत्तराखंड राज्य हज कमेटी चेयरमैन का पदभार भी ग्रहण कर लिया है

उत्तराखंड हज समिति के पुनः अध्यक्ष नियुक्त होने पर हाजी खतीब अहमद का हज हाउस पहुंचने पर वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स अधिशासी अधिकारी मो आरिफ,हज अधिकारी मोहम्मद अहसान सहित हज समिति कर्मचारियों ने फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया।उसके बाद उन्होंने दरगाह साबिर पाक में चादर और फूल पेश कर अमनो अमान की दुआ की।इस अवसर पर समिति सदस्यों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके नेतृत्व में हज व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने की उम्मीद जताई।अध्यक्ष खतीब अहमद ने मुख्यमंत्री पूष्कर सिंह धामी कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा , भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट् तथा संगठन महामंत्री अजय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें दोबारा हज यात्रियों की सेवा का अवसर देकर सरकार ने उनके कार्यों पर विश्वास जताया है।वह पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। 2026 की हज यात्रा पर जाने वाले किसी भी यात्री को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए विशेष तैयारी की जाएगी। जो कमियां रह गई है उन्हें दूर किया जाएगा।व्यवस्थाओं को पारदर्शी और सूचारू बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस मौके पर हज अधिकारी मो. अहसान, पूर्व सदस्य अकरम साबरी, अब्दुल कादिर,इजहार, शाहिद अली,रफत ,बहरोज आलम, अजहर प्रधान, निसार हुसैन साबरी, शाकिर, डॉ शहजाद खालिद साबरी,गुलजार चौधरी, तौफीक,हसीन,सईद हसन आदि मौजूद रहें। खतीब अहमद मलिक की उत्तराखंड राज्य हज कमेटी अध्यक्ष पद पर दोबारा से नियुक्ति के बाद हज हाउस पिरान कलियर में भी खुशी का माहौल है। हज कमेटी अध्यक्ष पद पर दोबारा से नियुक्ति के बादखतीब अहमद मलिक का कहना है कि वह हज यात्रा की बाबत हाजियों की सुविधा के लिए बेहतर से बेहतर इंतजाम करेंगे और हर सफर को आसान बनाने के लिए भी पूरी ईमानदारी जिम्मेदारी से प्रयास किया जाएगाऔर वह हाजियों की खिदमत सुविधा के लिए भी ईमानदारी से प्रयास करेंगे।

गौरतलब है कि खतीब अहमद मलिक उधमसिंह नगर के कद्दावर नेताओं में शुमार हैं भाजपा सरकार में भी उनका अच्छा सियासी सलूख है वह दो बार पहले भी राज्य मंत्री रह चुके हैं तो अब फिर से दूसरी बार उत्तराखंड राज्य हज कमेटी अध्यक्ष पद पर उनकी नियुक्ति से उनके सियासी वजूद मैं और इजाफा हो गया है।



❖खतीब अहमद ने हज हाउस पहुंचकर संभाला अध्यक्ष का कार्यभार

❖अधिकारियों व समर्थकों ने फूलमाला पहनाकर किया इस्तकबाल

❖अब से पूर्व दो बार राज्य मंत्री भी रह चुके हैं खतीब



# गंगनहर रजवाहे में गिरी कार, दो की दर्दनाक मौत

## राना स्टील फैक्ट्री के पास हुआ हादसा, पुलिस ने शवों को निकालकर पीएम को भिजवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर मोड़ स्थित राणा स्टील फैक्ट्री के पास नहर पटरी किनारे शनिवार को एक सफेद रंग की कार क्षतिग्रस्त अवस्था में झाड़ियों में पड़ी मिली, जिसमें दो युवक मृत पाए गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर सरकारी अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया।

जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह कांस्टेबल दिनेश चौहान को स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दी गई कि नहर किनारे एक कार दुर्घटनाग्रस्त हालत में पड़ी है और उसमें दो व्यक्ति मृत अवस्था में हैं। इसके बाद 112 पर भी उक्त दुर्घटना की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राकेश डिमरी मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। दोनों मृतकों को 108 एंबुलेंस की सहायता से सरकारी अस्पताल रुड़की की मोर्चरी में रखवाया गया तथा शिनाख्त के लिए सीसीआर/डीसीआर को अवगत कराया गया कुछ ही देर बाद मृतकों के परिजन अस्पताल पहुंचे। रूबी पत्नी सचिन धीमान निवासी गणेशपुर रुड़की ने एक मृतक की पहचान अपने पति सचिन धीमान पुत्र सुरेंद्र धीमान के रूप में की। वहीं विकास त्यागी पुत्र ब्रजभूषण त्यागी निवासी गली नंबर 10, राजेंद्र नगर रुड़की ने दूसरे मृतक की पहचान अपने भाई अमन त्यागी के रूप में की। पुलिस ने उच्चाधिकारियों को घटना की सूचना देते हुए पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है। उपनिरीक्षक राकेश डिमरी व कांस्टेबल पुनीत को आवश्यक कागजात के साथ पोस्टमार्टम एवं अग्रिम वैधानिक कार्रवाई हेतु मोर्चरी भेजा गया है।प्रारंभिक रूप से मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।



❖ मृतक की पहचान सचिन धीमान पुत्र सुरेंद्र धीमान व विकास त्यागी पुत्र ब्रजभूषण त्यागी रुड़की के रूप में हुई

# सीज की गई राशन की दुकान तहसीलदार की मौजूदगी में खुली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर गांव के वार्ड नंबर 8 में लंबे समय से बंद पड़ी राशन की दुकान को लेकर आज प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। उच्च अधिकारियों के आदेश के बाद लक्सर तहसीलदार श्रीमती सुभागिनि रिलकोटिया ने स्वयं मौके पर पहुँचकर सीज की गई दुकान को खुलवाया और वहां मौजूद राशन की सामग्री का मिलान करने के निर्देश दिए।क्या है पूरा मामला? जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर 8 के राशन डीलर के खिलाफ मिली शिकायतों के आधार पर पूर्ति अधिकारी द्वारा पूर्व में दुकान को सीज कर दिया गया था। इसके बाद डीएसओ हरिद्वार ने इस दुकान का प्रभार रायसी के राशन डीलर को सौंपने के आदेश जारी किए। इसी आदेश के अनुपालन में आज तहसीलदार लक्सर पुलिस बल और संबंधित अधिकारियों के साथ मौके पर पहुँचीं।अधिकारियों का रुख तहसीलदार श्रीमती सुभागिनि रिलकोटिया ने बताया किडीएसओ हरिद्वार के आदेशानुसार वार्ड नंबर 8 की राशन दुकान को नए डीलर के सुपुर्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दुकान खुलवा दी गई है और पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि दुकान के अंदर रखे राशन की सटीक गिनती (काउंटिंग) की जाए ताकि पारदर्शिता बनी रहे। पूर्तिअधिकारी ने मौखिक रूप से केवल इतना कहा कि काउंटिंग पूरी कर ली गई है और इसकी विस्तृत रिपोर्ट कल तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी।

# कार की चपेट में आकर बाइक सवार चाचा भतीजा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ग्राम गोकुलपुर के पास कार की चपेट में आने से शनिवार को बाइक सवार दो व्यक्ति चाचा भतीजा घायल हो गए। एक घायल की हालत गंभीर होने पर उसे परिजनों द्वारा मेरठ डॉक्टर के यहां ले जाया गया है।

ग्राम राजू पूर थाना देवबंद जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश निवासी शौकत अली अपने भतीजे शराफत के साथ बाइक से अपनी किसी रिश्तेदारी में मंगलौर आ रहा था ।जैसे ही वह ग्राम गोकुलपुर के पास आए उसी समय पीछे से तेज गति से आ रही कार द्वारा ओवरटेक करते समय बाइक उसकी चपेट में आ गई। बाइक कार की चपेट में आते ही बाइक सवार बाइक सहित सड़क पर दूर जा गिरे तथा घायल हो गए ।वहां से आने जाने वाले दूसरे लोगों द्वारा घायलों को उठाकर गांव में डॉक्टर के यहां ले जाया गया तथा घायलों के परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों के आने पर शराफत अली को अधिक चोट आने से उसे मेरठ डॉक्टर के यहां उसके परिजन ले गए। कार चालक कार सहित भागने में सफल रहा।

## रमजान माह में दरगाह साबिर पाक में रोजाना लंगर के साथ-साथ

# रोजेदारों के लिए इफ्तार व सहरी की व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** रमजान माह में दरगाह साबिर पाक में रोजाना लंगर के साथ-साथ रोजेदारों के लिए विशेष इफ्तार और सहरी की व्यवस्था की गई है। दरगाह प्रशासन की ओर से हर साल की तरह इस बार भी दरगाह परिसर में ठहरने वाले तथा बाहर से आने वाले रोजेदारों को दस्तरखान बिछाकर सामूहिक रूप से रोजा इफ्तार कराया जा रहा है।दरगाह परिसर में अमीर-गरीब सभी वर्गों के लोग एक साथ बैठकर इफ्तार करते हैं, जो आपसी भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश करता है। सज्जादानशीन शाह अली एजाज साबरी की और से साहिबजादा शाह यावर ऐजाज साबरी दरगाह परिसर में रोजेदारों को रोजा इफ्तार कराते है।इसके अलावा क्षेत्र में अन्य स्थानों पर भी सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों की रोजा इफ्तार का आयोजन किया जा रहा है। तहसीलदार एवं दरगाह प्रबंधक विकास अवस्थी ने बताया कि दरगाह की ओर से आयोजित इफ्तार में प्रतिदिन केला, पपीता, संतरा, खजूर और अन्य मौसमी फलों के साथ चना परोसा जा रहा है। रोजेदारों की संख्या में वृद्धि होने पर फलों और अन्य खाद्य सामग्री की मात्रा भी उसी के अनुसार बढ़ाई जाएगी।उन्होंने बताया कि रात में सहरी के लिए दाल-रोटी तथा शाम की इफ्तारी में दाल-चावल की व्यवस्था की गई है।वहीं शाह यावर अली ऐजाज साबरी ने बताया कि रमजान के पूरे महीने रोजेदारों को सज्जादानशीन शाह अली ऐजाज साबरी की और से रोजाना रोजा इफ्तार कराया जाता है।



# लापता बहनों की गुमशुदगी अपहरण में बदली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** दस दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में लापता युवती व उसकी छोटी बहन का कोई सुराग नहीं लगने पर पुलिस ने दोनों बहनों की गुमशुदगी को अपहरण की धारा में तरमीम करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

लंढौरा के मोहल्ला मीरासीयान निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री मानसिक रूप से कमजोर है। जो बीती 11 फरवरी को घर में बिना किसी को बताए अपने साथ अपनी सात वर्षीय छोटी बहन को लेकर कही चली गई है। परिजनों ने दोनों बहनों की काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कहीं सुराग नहीं लगा। इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह ने बताया कि शुरुआत में पुलिस ने पिडित पिता की तहरीर पर दोनों बहनों की गुमशुदगी दर्ज कर आसपास के थाना क्षेत्रों को सूचित करते हुए दोनों की तलाश शुरू कर दी। मगर दोनों बहनों का कोई सुराग नहीं लगा। फिलहाल गुमशुदगी को अपहरण की धाराओं में तरमीम कर नए सिरे से जांच शुरू कर दी गई है।

# गंगनहर पुलिस ने दो वारंटी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** न्यायालय द्वारा जारी वारण्टों की तामील कर अभियुक्तगण के विरुद्ध गंगनहर पुलिस की निरन्तर प्रभावी कार्यवाही में दो वारंटी को धर दबोचा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये दिशा निर्देश एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी रुड़की के कुशल नेत्तृव में वारन्टियो की शत प्रतिशत तामील व वारन्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर द्वारा पुलिस टीमे गठित की गई है। गठित टीम द्वारा फरार चल रहे 02 वारंटीयों को ग्राम रामपुर रुड़की जनपद हरिद्वार से गिरफ्तार किया गया। दोनों वारंटीयों को समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। गिरफ्तारशुदा वारण्टीयों के नाम साहिल पुत्र मोमीन निवासी ग्राम रामपुर वार्ड नं0- 03 थाना कोतवाली गंगनहर रुड़की, जनपद हरिद्वार, उम्र-26 वर्ष व इकरार उर्फ सोनू पुत्र तौसीफ उर्फ लतीफ निवासी हसन कॉलोनी रामपुर थाना कोतवाली गंगनहर रुड़की, जनपद हरिद्वार है।

# विधायक शहजाद ने आर्य समाज मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य का किया लोकार्पण

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**लक्सर।** शनिवार को आर्य समाज मंदिर लक्सर के 91वें वार्षिकोत्सव के प्रथम दिवस का शुभारंभ वैदिक रीति-रिवाज और धार्मिक उल्लास के साथ हुआ।

:कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद ने अपनी विधायक निधि से स्वीकृत ₹10,80,000 की लागत से हुए मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्यों के शिलापट्ट का अनावरण करते हुए कहा मेरे द्वारा विकास कार्यों में कभी कोई भेदभाव नहीं किया जाता है। यदि मैंने मंदिर में कार्य कराया है, तो मस्जिद में भी विकास कार्य कराए हैं। वर्तमान में शिव मंदिर में भी कार्य प्रगति पर है। मैं भविष्य में भी बिना किसी भेदभाव के क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर रहूँगा इस अवसर पर बड़ी तादाद में श्रद्धालु वह मौजूद लोग मौजूद रहे।



# पुलिस ने पांच वारण्टी किये गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार के द्वारा न्यायालय से प्राप्त गैर जमानती वारंट की तामील किए जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम मे प्रभारी निरीक्षक द्वारा उपनिरीक्षक चंद्रमोहन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर वारंटियों की धर पकड हेतु आदेशित किया गया। पुलिस टीम के द्वारा न्यायालय से प्राप्त गैर वारण्ट की तामील कर 05 वारंटियों 1.नसीम पुत्र तहसीन निवासी ग्राम हदों वाली कॉलोनी के सामने ग्राम जोरासी थाना रूड़की जिला हरिद्वार उम्र-28 वर्ष 2.शुभम पुत्र उदय निवासी जोरासी थाना रूड़की जिला हरिद्वार उम्र-21 वर्ष 3.उदयभान पुत्र चेतराम निवासी ग्राम जोरासी को0 रुड़की जिला हरिद्वार उम्र-48 वर्ष 4.सुमित पुत्र रामनाथ निवासी जोरासी थाना को0 रुड़की जिला हरिद्वार उम्र-25 वर्ष 5.रामनाथ पुत्र चेतराम निवासी ग्राम जोरासी थाना कोतवाली रूडकी गिरफ्तार किया गया।

## चमनलाल विद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर

# डॉ. नीशू कुमार को शिक्षा मंत्री ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** चमन लाल महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नीशू कुमार को हल्द्वानी में आयोजित एक कार्यक्रम में राज्य के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने देवभूमि शिक्षा उत्कृष्टता अवार्ड से सम्मानित किया।

हल्द्वानी में एम.आई.टी. कुमाऊं एवं एस.आई.सी. देवभूमि फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के 13 जिलों से चयनित 50 विद्यालय शिक्षकों, 15 उच्च शिक्षा संस्थानों के प्रोफेसरों तथा 10 वैज्ञानिक शोधार्थियों को उनके शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार एवं सामाजिक योगदान के लिए "देवभूमि शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। इन्हीं सम्मानित शिक्षकों में डॉ. नीशू कुमार को भी विशेष रूप से उनके बहुआयामी शैक्षणिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा, प्रयोगात्मक शिक्षण और नवाचार की संस्कृति विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने हेतु शोध आधारित और प्रयोगशाला आधारित शिक्षण को प्राथमिकता दी जा रही है। डॉ. कुमार ने विद्यार्थियों में शोध प्रवृत्ति विकसित करने, प्रोजेक्ट आधारित अधिगम, सेमिनार एवं कार्यशालाओं के आयोजन तथा समाज सेवा से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को जागरूक एवं सक्षम बनाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। इससे पूर्व उन्हें मुख्यमंत्री द्वारा "टीचर ऑफ द ईयर" सम्मान से नवाजा जा चुका है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर नवीन चंद्र लोहनी, कुलपति, उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय तथा प्रोफेसर दीवान सिंह बिष्ट, कुलपति, कुमायूं विश्वविद्यालय उपस्थित रहे। चमनलाल महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने डॉ. नीशू कुमार को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।




# उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाएं शुरू, एमके इंटर कॉलेज में फ्लाइंग टीम का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मूलराज कन्या इंटर कॉलेज में आज बोर्ड परीक्षाएं आरंभ होने के प्रथम दिन जनपदीय फ्लाइंग टीम नंबर 2 ने परीक्षा केंद्र का औचक निरक्षण किया। टीम का नेतृत्व प्रधानाचार्य नारायण दत्त शर्मा राजेश सैनी और श्रीमती कंचन मल्होत्रा ने किया टीम ने विद्यालय की व्यवस्थाओ पर संतोष प्रकट किया कोई अवैध सामग्री बरामद नहीं हुई।

केंद्र व्यवस्थापक श्रीमती पुष्पा रानी ने बताया कि बोर्ड परीक्षा अपने मूल्यांकन का सबसे बेहतर अवसर माना जाता है हमारे विद्यालय की सभी बालिका परीक्षार्थी अनुशासन और शांति के साथ परीक्षा दे रहे हैं परीक्षा केंद्र में सभी व्यवस्थाएं और सुविधाएं उपलब्ध है। कस्टोडियन ताजीम अली ने कहा कि परीक्षा केंद्र में कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई नहीं दी गई है मेरे द्वारा पूरी सतर्कता बरती जा रही है परीक्षा केंद्र में सन्नाटा छाया है और परीक्षार्थी अपने परीक्षा मंथन में व्यस्त है किसी भी घटना की सूचना तुरंत कंट्रोल रूम को दी जाएगी। परीक्षा प्रभारी महिमा चौहान ने बताया कि सभी परीक्षा कक्ष में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं रामनगर बोर्ड के सभी नियमों का पालन किया जा रहा है। परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी देने वाले शिक्षकों में संदीप कुमार दिनेश कुमार तरु गोयल अंबिका दत्त गुरप्रीत कौर नेहा जैन सुमन नीलिमा सिन्हा पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे है।



CMYK

# 86 देशों और दो वैश्विक संस्थाओं ने 'नई दिल्ली घोषणा' का किया समर्थन

## शिखर सम्मेलन के समापन पर अपनाई गई इस घोषणा को वैश्विक एआई सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया गया

**नई दिल्ली।** इलैक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में अपनाई गई 'नई दिल्ली घोषणा' का 86 देशों और दो अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने समर्थन किया है। केन्द्रीय मंत्री ने सम्मेलन के समापन पर शनिवार को मीडिया संबोधित करते हुए कहा कि यह सहयोगात्मक, विश्वसनीय और समावेशी कृत्रिम बुद्धिमत्ता ढांचे के लिए भारत के दृष्टिकोण को मजबूत वैश्विक समर्थन है।

शिखर सम्मेलन के समापन पर अपनाई गई इस घोषणा को वैश्विक एआई सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया गया है। इसमें भाग लेने वाले देशों ने समान और न्यायसंगत पहुंच, जिम्मेदार नवाचार तथा सुदृढ़ एआई प्रणालियों के लिए साझा रोडमैप का समर्थन किया। वैष्णव ने कहा कि घोषणा पर हस्ताक्षर करने वाले देशों ने 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' के सिद्धांत को स्वीकार किया है। घोषणा का समर्थन करने वालों में अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, चीन, डेनमार्क और जर्मनी सहित कई बडे देश शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि एआई इम्पैक्ट समिट की घोषणा पर कुल 88 देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने हस्ताक्षर किए हैं। इनमें से 86 देशों और दो अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' के सिद्धांत को औपचारिक रूप से स्वीकार किया है।

■ 86 देशों और दो अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' के सिद्धांत को औपचारिक रूप से स्वीकार किया है

'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' वैश्विक दक्षिण में आयोजित पहला वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन था, जिसमें एआई की परिवर्तनकारी क्षमता पर विचार किया गया। यह 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' और 'मानवता के लिए एआई' के वैश्विक सिद्धांत के अनुरूप रहा। इस शिखर सम्मेलन ने समानता, पहुंच और साझा समृद्धि पर आधारित 'सभी के लिए एआई' के भारत के आह्वान को आगे बढ़ाते हुए वैश्विक एआई शासन में भारत को अग्रणी स्थान पर स्थापित किया। घोषणा में सात स्तंभों पर आधारित कार्य एजेंडा प्रस्तुत किया गया है, जिसमें एआई संसाधनों का लोकतांत्रिकरण, आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण, सुरक्षित और विश्वसनीय एआई, विज्ञान के लिए एआई, सामाजिक सशक्तिकरण, जन संसाधन विकास तथा सुदृढ़ और नवोन्मेषी एआई प्रणालियां शामिल हैं। साथ ही 'चार्टर फॉर डेमोक्रेटिक डिफ्यूजन ऑफ एआई', 'ग्लोबल एआई इम्पैक्ट कॉमन्स', 'ट्रस्टेड एआई कॉमन्स' और 'एआई वर्कफोर्स डेवलपमेंट प्लेबुक' जैसी वैश्विक पहलों की भी घोषणा की गई है। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मानव-केंद्रित एआई दृष्टिकोण को पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि सभी ने एआई संसाधनों का लोकतांत्रिकरण करने पर सहमति जताई है ताकि इसके लाभ और तकनीक दुनिया भर में, समाज के हर वर्ग तक पहुंच सकें। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 16 से 20 फरवरी तक यहां भारत मंडपम में आयोजित किया गया। इसमें नवाचार और कुशल मानव संसाधन विकास को भविष्य के सहयोग के प्रमुख स्तंभों के रूप में चिन्हित किया गया है। उन्होंने कहा कि केवल आर्थिक विकास ही नहीं, बल्कि सामाजिक सद्भाव को भी ध्यान में रखना होगा। सुरक्षा और विश्वास को केंद्रीय बिदु बनाया गया है। वैष्णव ने शुक्रवार को कहा था कि इस शिखर सम्मेलन में 250 अरब डॉलर से अधिक के अवसंरचना निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में पांच लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया, विश्व की प्रमुख एआई कंपनियों और अनेक स्टार्टअप ने अपने कार्य का प्रदर्शन किया तथा चर्चाओं की गुणवत्ता अत्यंत उत्कृष्ट रही।



जम्मू-कश्मीर। गांदरबल में सफापोरा-गांदरबल सड़क पर संदिग्ध वस्तु का पता चलने के बाद इलाके को घेरते सुरक्षाबल।

## एआई का विकास मानवाधिकारों की नींव पर होः संयुक्त राष्ट्र

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने कहा है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की तकनीक का संचालन एक ऐसे मानवाधिकार ढांचे के माध्यम से किया जाना चाहिए जो पारदर्शिता, जवाबदेही और समावेशिता सुनिश्चित करे। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र समाचार संकलन सेवा को दिए एक साक्षात्कार में एआई को एक शक्तिशाली तकनीकी उपकरण बताते हुए कहा कि इसका विकास 'जोखिम मूल्यांकन' के आधार पर होना चाहिए। उन्होंने तर्क दिया कि चूंकि तकनीक का उपयोग सत्ता के प्रयोग के लिए किया जाता है, चाहे वह अच्छे के लिए हो या बुरे के लिए, इसलिए इसे मानवाधिकारों के दायरे में लाना आवश्यक है।

## संक्षिप्त समाचार

### दुनिया भर के स्कैम केंद्रों में यातना, यौन शोषण: संरा

**न्यूयॉर्क/जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय की एक नई रिपोर्ट में दक्षिण-पूर्व एशिया और अन्य क्षेत्रों में संचालित बहु-अरब डॉलर के ऑनलाइन स्कैम केन्द्रों के भीतर हो रहे भीषण मानवाधिकार उल्लंघनों का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन केन्द्रों में हजारों लोगों को मानव तस्करी के जरिए लाया जाता है और उन्हें यातना, यौन उत्पीड़न, जबरन श्रम तथा साइबर अपराधों में शामिल होने के लिए मजबूर किया जाता है।

### इजरायली हवाई हमलों में मारे गए तीन हिजबुल्लाह कमांडर

**बेरूत।** इजरायल की ओर से लेबनान के पूर्व में किए गए हवाई हमलों में हिजबुल्लाह समूह के तीन कमांडर और आठ सैनिक मारे गए, जबकि 35 अन्य घायल हो गए। सरकारी और लेबनानी सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। लेबनान की सरकारी नेशनल न्यूज एजेंसी ने शुक्रवार को शुरुआती आंकड़ों की रिपोर्ट दी, जिसमें कहा गया कि पूर्वी लेबनान के रियाक में एक बिल्डिंग पर हुए हवाई हमलों में 10 से ज्यादा लोग मारे गए और 30 से ज्यादा घायल हो गए।

### कथित ड्रग तस्कर नाव पर अमेरिका का हमला, तीन की मौत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की दक्षिणी कमान ने कहा है कि अमेरिकी सैन्य बलों ने पूर्वी प्रशांत महासागर में एक संदेहास्पद ड्रग बोट पर हमला किया, जिसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई। कमान ने एक्स पर कहा कि खुफिया सेवाओं ने पुष्टि की है कि जहाज पूर्वी प्रशांत में सर्वविदित मादक पदार्थ तस्करी रास्ते से जा रहा था और तस्करी अभियान में लगा हुआ था। कमान ने अपने दावे का कोई सबूत नहीं दिया। बयान में बताया गया कि किसी भी अमेरिकी सैन्य बल को कोई नुकसान नहीं हुआ। फॉक्स न्यूज के मुताबिक, पेंटागन ने कैरिबियन और पूर्वी प्रशांत महासागर में कथित मादक पदार्थ तस्कर जहाजों पर कम से कम 43 हमले किए हैं, जिनमें कम से कम 148 लोगों की जान गई हैं।

# भारतवंशी वकील नील कात्याल ने पलटा ट्रम्प का टैरिफ खेल

## बने ऐतिहासिक फैसले का चेहरा, कहाः टैरिफ दरअसल टैक्स होते हैं और टैक्स लगाने का अधिकार केवल अमेरिकी कांग्रेस को

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा लगाए गए व्यापक वैश्विक टैरिफ को असंवैधानिक करार देकर बड़ा फैसला सुनाया। इस ऐतिहासिक फैसले के केंद्र में एक भारतीय मूल का नाम उभरा, नील कात्याल। नील ने ही अदालत में ट्रम्प के उस कदम को चुनौती दी, जिसमें 1977 के इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनामिक पावर्स एक्ट यानी आईईईपीए का इस्तेमाल कर लगभग सभी व्यापारिक साझेदार देशों पर टैरिफ लगाए गए थे।

नील कात्याल ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि राष्ट्रपति ने आपात आर्थिक शक्तियों का गलत इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि टैरिफ दरअसल टैक्स होते हैं और टैक्स लगाने का अधिकार केवल अमेरिकी कांग्रेस को है, न कि राष्ट्रपति को। कात्याल ने इन टैरिफ को अन्यायपूर्ण और असंवैधानिक टैक्स बताया। सुप्रीम कोर्ट ने छह-तीन के बहुमत से कहा कि संविधान के तहत टैक्स लगाने की शक्ति कांग्रेस के पास है। सुप्रीम कोर्ट ने कानून के शासन और आम अमेरिकियों के अधिकारों की रक्षा की है। अदालत ने हमारी कानूनी दलीलों को पूरी तरह स्वीकार किया। अदालत ने वही फैसला दिया जिसकी मांग की गई थी। यह मामला किसी एक राष्ट्रपति के खिलाफ नहीं है। ये मामला शक्तियों के संतुलन और संवैधानिक व्यवस्था की रक्षा से जुड़ा था। यह मामला छोटे अमेरिकी कारोबारियों द्वारा दायर किया गया था, जिन्हें लगा कि टैरिफ से उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है। ट्रम्प प्रशासन ने टैरिफ को राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक दबाव का जरूरी कदम बताया था।



■ सुप्रीम कोर्ट ने कानून के शासन और आम अमेरिकियों के अधिकारों की रक्षा की है
■ अदालत ने वही फैसला दिया जिसकी मांग की गई थी

लेकिन अदालत ने साफ कहा कि आपात शक्तियों के नाम पर राष्ट्रपति व्यापक टैक्स नहीं लगा सकते। नील कात्याल का जन्म शिकागो में भारतीय प्रवासी माता-पिता के घर हुआ। उनके पिता इंजीनियर और माता डाक्टर थीं। उन्होंने डार्टमाउथ कालेज और येल ला स्कूल से पढ़ाई की। वह अमेरिका के कार्यवाहक सालिसिटर जनरल रह चुके हैं और सुप्रीम कोर्ट में 50 से अधिक मामलों में पैरवी कर चुके हैं। वह कई बड़े संवैधानिक मामलों में अहम भूमिका निभा चुके हैं। कात्याल वर्तमान में मिलबैंक एलएलपी में साझेदार हैं और जार्जटाउन यूनिवर्सिटी लॉ सेंटर में प्रोफेसर हैं। उन्होंने 1965 के वोटिंग राइट्स एक्ट की संवैधानिकता का बचाव किया, ट्रम्प के 2017 ट्रैवल बैन को चुनौती दी और कई राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों में सरकार का प्रतिनिधित्व किया।

वह जार्ज फ्लायड हत्या मामले में मिनेसोटा राज्य के विशेष अभियोजक भी रह चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला भविष्य में किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति की आपात आर्थिक शक्तियों के इस्तेमाल पर सीमा तय करता है। कात्याल ने कहा कि एक प्रवासी परिवार का बेटा अदालत में खड़ा होकर कह सकता है कि राष्ट्रपति कानून तोड़ रहे हैं, और अदालत उसे सुनती है, यही लोकतंत्र की ताकत है। यह फैसला अमेरिकी संविधान और शक्तियों के संतुलन के लिए एक मील का पत्थर माना जा रहा है।

## टैरिफ से वसूला हुआ पैसा वापस होना चाहिएः अमेरिकी सांसद

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रम्प की व्यापार नीति पर सियासी घमासान और तेज हो गया है। अमेरिकी सीनेटर चक शूमर ने ट्रम्प द्वारा लगाए गए टैरिफ को गैरकानूनी बताते हुए साफ कहा है कि जो पैसा वसूला गया है, वह लौटाया जाना चाहिए। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 20 फरवरी 2026 को ट्रम्प की व्यापक वैश्विक टैरिफ नीति को 6-3 के बहुमत से अवैध करार दिया है। अदालत ने कहा कि राष्ट्रपति ने अपने अधिकारों से आगे जाकर फैसला लिया। सीनेटर शूमर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने वही किया जो कानून के अनुसार सही था। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रम्प ने देश से जो वादे किए थे, वे पूरे नहीं हुए। मैन्युफैक्चरिंग नौकरियां बढ़ने के बजाय घटी हैं। कीमतें कम होने की जगह बढ़ी हैं। शूमर के अनुसार, टैरिफ के कारण आम लोगों पर महंगाई का बोझ बढ़ा है। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रम्प ने अपने भाषण में बढ़ती कीमतों पर कोई बात नहीं की और न्यायाधीशों पर व्यक्तिगत टिप्पणी की, जो गलत है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम के तहत ट्रम्प ने जो व्यापक टैरिफ लगाए, वह उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर था। अदालत ने स्पष्ट किया कि टैरिफ लगाने का अधिकार कांग्रेस के पास है, न कि राष्ट्रपति के पास। इस फैसले को ट्रम्प की व्यापार नीति के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। जब शूमर से पूछा गया कि अगर पैसा वापस नहीं किया गया तो क्या होगा, तो उन्होंने कहा कि अदालत में मिलेंगे। उनका कहना है कि अगर टैरिफ अवैध हैं तो उससे वसूला गया पैसा भी अवैध है और उसे लौटाना ही होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रम्प कई मामलों में कानून की अनदेखी करते रहे हैं, लेकिन अदालतों ने उन्हें कई बार जिम्मेदार ठहराया है। इस फैसले के बाद अमेरिका में व्यापार नीति, महंगाई और राष्ट्रपति की शक्तियों की सीमा को लेकर नई बहस शुरू हो गई है। कई सांसदों ने फैसले का स्वागत किया है, जबकि कुछ ने चिंता जताई है कि इससे बाजार में अस्थिरता बढ़ सकती है। अब सबकी नजर इस बात पर है कि क्या सरकार टैरिफ से वसूली गई रकम लौटाएगी और आगे की नीति क्या होगी। यह मामला आने वाले समय में अमेरिकी राजनीति और अर्थव्यवस्था दोनों पर असर डाल सकता है।

## निक्सन ने 55 साल पहले लगाया था 10 प्रतिशत ग्लोबल टैरिफ

**वाशिंगटन।** साल 1971 में अमेरिका और दुनिया के बीच व्यापार और भुगतान संतुलन (बैलेंस आफ पेमेंट) में भारी असंतुलन हो गया था। अमेरिका लगातार ज्यादा आयात कर रहा था और निर्यात कम कर पा रहा था, जिससे डॉलर पर दबाव बढ़ रहा था। इसके बाद निक्सन ने दुनियाभर के देशों पर 10 प्रतिशत का ग्लोबल टैरिफ लगा दिया था। इसके बाद यह महसूस किया गया कि भविष्य में अगर ऐसी आर्थिक आपात स्थिति आती है, तो राष्ट्रपति के पास ऐसी चीजों से निपटने के लिए कानूनी अधिकार होने चाहिए। इसी मकसद से 1974 में 'ट्रेड एक्ट 1974' पारित किया गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक सेक्शन 122 का पहले कभी इस्तेमाल नहीं किया गया है। इसलिए यह भी साफ नहीं है कि अगर इसे अदालत में चुनौती दी गई, तो अदालतें इसकी व्याख्या किस तरह करेंगी।

# ईरान जल्द परमाणु समझौते का मसौदा तैयार करेगाः अराघची

## दोनों पक्षों को एक अच्छे निष्कर्ष की ओर काम करने से पहले एक और चर्चा के दौर की जरूरत

**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा है कि ईरान अमेरिका के साथ संभावित परमाणु समझौते का मसौदा दो-तीन दिन में तैयार कर लेगा, जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह ईरान पर 'सीमित सैन्य हमले' करने पर विचार कर रहे हैं।

अराघची ने एमएसएनबीसी चैनल को दिए गए एक साक्षात्कार में कहा कि मेरा अगला कदम एक संभावित समझौते का मसौदा अपने अमेरिकी समकक्षों को सौंपना है। यह मसौदा अगले दो से तीन दिनों में तैयार हो जाएगा। एक बार तैयार हो जाने पर मसौदा पश्चिमी एशिया में अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ को सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को एक अच्छे निष्कर्ष की ओर काम करने से पहले एक और चर्चा के दौर की जरूरत होगी। उल्लेखनीय है कि अराघची ने मंगलवार को हुए अप्रत्यक्ष वार्ता के दूसरे दौर में कहा था कि ईरान ने अपने देश में यूरेनियम संवर्धन खत्म करने का प्रस्ताव नहीं रखा है, न ही अमेरिका ने ऐसी कोई मांग की है। अराघची ने कहा कि एक 'न्यायपूर्ण और बराबरी वाला' समझौता हो सकता है, लेकिन पश्चिमी एशिया में अमेरिकी सेना की बढ़ती उपस्थिति 'बिल्कुल अनावश्यक और अस्वस्थ' है। दूसरी ओर, ट्रम्प ने कहा कि वह ईरान पर समझौता करने के लिए दबाव बनाने की खातिर सीमित हमला करने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा कि ऐसा कह सकते हैं कि मैं इसपर विचार कर रहा हूं। अराघची ने शुक्रवार को ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के बारे में नवीनतम जानकारी देने के लिए अपने मिस्र और रूसी समकक्षों के साथ अलग-अलग फोन कॉल किए। मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती ने ईरान और अमेरिका के बीच चल रही कूटनीतिक प्रक्रिया का स्वागत किया। उन्होंने आग्रह किया कि शामिल पार्टियों के लिए एक 'स्वीकार्य' खाका हासिल करने के लिए बातचीत जारी रहें। एक अलग फोन कॉल में, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि वह ऐसी बातचीत का समर्थन करते हैं, जिसका मकसद 'अप्रसार संधि के सिद्धांतों के तहत ईरान के वैध अधिकारों के सम्मान के आधार पर बराबर राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान ढूंढना' है। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र (संरा) महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शुक्रवार को कहा कि संरा ईरान के हालात को लेकर बहुत चिंतित है। ईरान के संरा राजदूत आमिर सईद इरावानी ने कहा कि देश किसी भी सैन्य हमले का 'दृढ़ता से और उसी हिसाब से' जवाब देगा। उन्होंने सुरक्षा परिषद और संरा महासचिव से 'बिना देर किए कार्रवाई करने' की अपील की।

■ एक बार तैयार हो जाने पर मसौदा पश्चिमी एशिया में अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ को सौंपा जाएगा

# हिंसक कार्यकर्ता समूहों पर फ्रांस की बड़ी कार्रवाई

**ल्योन।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों अगले सप्ताह हिंसक कार्यकर्ता समूहों की समीक्षा के लिए बैठकें करेंगे। यह बैठक ल्योन में एक धुर दक्षिणपंथी छात्र की पिटाई से हुई मौत के बाद आयोजित की जा रही है।

इस घटना ने अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले गहरे राजनीतिक तनाव के माहौल को उजागर किया है। पेरिस कृषि मेले में बोलते हुए मैक्रों ने शनिवार को दक्षिणपंथी समूहों द्वारा आयोजित क्वेंटिन डेरांके को श्रद्धांजलि देने के कार्यक्रम से पहले सभी से शांत रहने का आह्वान किया। क्वेंटिन डेरांके 23 वर्षीय युवक था, जिसकी पिछले सप्ताह अस्पताल में दिमाग की चोटों के कारण मृत्यु हो गई थी। ये प्रदर्शन कड़ी पुलिस निगरानी में होंगे। इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि यह उस शहीद युवा



■ इस घटना ने अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले गहरे राजनीतिक तनाव के माहौल को उजागर किया

देशवासी के उसके परिवार और प्रियजनों के प्रति स्मरण और सम्मान का क्षण है। यह सर्वोपरि है। यह दृढ़ता और जिम्मेदारी का क्षण है। क्वेंटिन डेरांके की मौत के मामले में सात लोगों पर प्रारंभिक आरोप लगाए गए हैं। ल्योन के लोक अभियोजक कार्यालय ने अनुरोध किया है कि उनमें से प्रत्येक पर जानबूझकर हत्या, गंभीर हिंसा और आपराधिक साजिश का आरोप लगाया जाए। आरोपियों में से छह पर तीनों आरोप लगाए गए थे। सातवें पर जानबूझकर हत्या में मिलीभगत, गंभीर हिंसा और आपराधिक साजिश का आरोप लगाया गया था। डेरांके पर हमला एक छात्र सम्मेलन के दौरान धुर वामपंथी और धुर दक्षिणपंथी समर्थकों के बीच झड़प में हुआ था। इस कार्यक्रम में धुर वामपंथी सांसद रीमा हसन मुख्य वक्ता थीं। मैक्रों ने कहा कि वे मंत्रियों के साथ बैठक करेंगे ताकि राजनीतिक दलों से जुड़े सभी हिंसक कार्यकर्ता समूहों की व्यापक समीक्षा की जा सके। उन्होंने संकेत दिया कि कुछ समूहों को भंग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश में किसी भी प्रकार की हिंसा जायज नहीं है।

# यूक्रेन ने रूस की मिसाइल फैक्टरी पर किया ड्रोन हमला

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच बीते चार वर्षों से जंग जारी है। इसी कड़ी में यूक्रेनी ड्रोन ने रूस के अंदर एक औद्योगिक ठिकाने को निशाना बनाया। एक रूसी समाचार चैनल ने बताया कि यह जगह एक प्रमुख सरकारी मिसाइल फैक्टरी थी।

स्थानीय स्वास्थ्य मंत्री सर्गेई बागिन ने अपने टेलीग्राम पोस्ट में बताया, यह हमला रूस के उडमर्ट गणराज्य में हुआ। हमले में 11 लोग घायल हुए। इनमें से तीन को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, क्षेत्रीय प्रमुख अलेक्जेंडर ब्रेचालोव ने एक अन्य टेलीग्राम पोस्ट में कहा, उडमर्ट गणराज्य की एक सुविधा पर यूक्रेन की ओर से ड्रोन से हमला किया गया। उन्होंने कहा कि हमले में लोगों को चोटें आईं और नुकसान हुआ। हालांकि, उन्होंने हमले के स्थल का नाम या और कोई विवरण साझा नहीं किया। टेलीग्राम पर एक रूसी समाचार चैनल 'एस्ट्रा' ने बताया कि यूक्रेनी ड्रोन ने वोटकिन्स्क मशीन बिल्डिंग प्लांट को निशाना बनाया, जो एक प्रमुख सरकारी रक्षा उद्यम है। एस्ट्रा ने कहा कि उनका यह दावा स्थानीय निवासियों के फुटेज के विश्लेषण पर आधारित है। वहीं, यूक्रेनी अधिकारियों की ओर से तुरंत कोई टिप्पणी नहीं आई। वोटकिन्स्क फैक्टरी यूक्रेन से 1400 किलोमीटर से अधिक की दूरी पर है। यह फैक्टरी इस्कंदर बैलिस्टिक मिसाइलें बनाती है, जिन्हें अक्सर यूक्रेन के खिलाफ हमलों में इस्तेमाल किया जाता है। यह फैक्टरी परमाणु क्षमता वाली अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलें भी बनाती है। एक अन्य रूसी समाचार चैनल ने वीडियो और तस्वीरें साझा कीं। इन फुटेज में औद्योगिक स्थल से काला धुंआ उठता हुआ दिखाई दे रहा था और भवनों के शीशे टूटे हुए थे। एक अन्य रूसी टेलीग्राम चैनल 'शॉट' ने कहा कि वोटकिन्स्क के निवासियों ने रात के दौरान तीन विस्फोटों की आवाजें सुनी।

■ वहीं, यूक्रेनी अधिकारियों की ओर से तुरंत कोई टिप्पणी नहीं आई

## क्रीट द्वीप के पास प्रवासियों की नाव पलटी 5 की मौत, 20 लापता

**एथेंस।** यूनान के सबसे बड़े द्वीप क्रीट के दक्षिण में शनिवार तड़के दर्जनों लोगों को ले जा रही एक लकड़ी की नाव के पलट जाने से पांच प्रवासियों की मौत की पुष्टि हो गई है और कम से कम 20 अन्य अभी भी लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब प्रवासी समुद्र के रास्ते यूरोप में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। यूनानी तटरक्षक बल द्वारा बड़े पैमाने पर खोज और बचाव अभियान चलाया जा रहा है ताकि लापता लोगों का पता लगाया जा सके। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि नाव पर कुल कितने लोग सवार थे, लेकिन प्रारंभिक सूचनाओं के अनुसार नाव में क्षमता से अधिक लोग भरे हुए थे। शनिवार शाम तक जारी बचाव कार्य में खराब मौसम और समुद्री लहरों के कारण बाधाएं आ रही हैं।

# जयशंकर ने की राष्ट्रपति दा सिल्वा से मुलाकात

## भारतीय विदेश मंत्री ने रणनीतिक साझेदारी में ब्राजीली राष्ट्रपति के मागदर्शन की सराहना की

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा से मुलाकात की और भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए उनके मार्गदर्शन की सराहना की।

जयशंकर ने मुलाकात के बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत की राजकीय यात्रा पर आए ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा से मिलकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। हमारी रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए उनके गर्मजोशी भरे विचारों और मार्गदर्शन की सराहना करता हूं। मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ उनकी बैठक से द्विपक्षीय संबंधों को नई गति मिलेगी। राष्ट्रपति दा सिल्वा अपने अब तक के सबसे बड़े प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत आए हैं। इसमें 11 कैबिनेट मंत्री, 300 से अधिक कारोबारी और विभिन्न कंपनियों के 50 मुख्य कार्यकारी अधिकारी शामिल हैं, जो व्यापार वाताओं में भाग लेंगे। दा सिल्वा की यह यात्रा जुलाई 2025 में मोदी की ब्राजील की यात्रा के बाद हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा 50 से अधिक वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली ब्राजील यात्रा थी। इस प्रतिनिधिमंडल से द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी सहयोग को नई दिशा मिलने की उम्मीद है, जिससे भारत-ब्राजील संबंधों में एक नया अध्याय जुड़ेगा। इससे पहले आज सुबह दा सिल्वा का राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने औपचारिक रूप से स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद थे। राष्ट्रपति दा सिल्वा बुधवार को भारत यात्रा पर पहुंचे थे। उन्होंने भारत एआई इम्पैक्ट सम्मेलन में भाग लिया और शुक्रवार को नई दिल्ली में ब्राजील की ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट प्रमोशन एजेंसी (एपेक्स) के पहले कार्यालय का उद्घाटन किया, जिसका उद्देश्य ब्राजील के उत्पादों और सेवाओं को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देना तथा ब्राजील की अर्थव्यवस्था के रणनीतिक क्षेत्रों में विदेशी निवेश आकर्षित करना है। भारत में ब्राजील के राजदूत केनेथ दा नोब्रेका ने राष्ट्रपति दा सिल्वा और प्रधानमंत्री मोदी के बीच मजबूत व्यक्तिगत तालमेल की सराहना करते हुए इसे ग्लोबल साउथ के दो देशों के बीच ऐतिहासिक शिखर बैठक बताया और कहा कि दोनों नेता केवल सहयोगी ही नहीं, बल्कि मित्र भी बन चुके हैं।



■ मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ उनकी बैठक से द्विपक्षीय संबंधों को नई गति मिलेगी



# ओ रोमियो के बाद तृप्ति डिमरी के खाते में मेगा प्रोजेक्ट्स

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी इस वक्त अपने करियर की पीक पर हैं। हाल ही में उन्होंने शाहिद कपूर के साथ ओ रोमियो में जादू बिखेरा। इसी के बाद अब वो स्पिरिट से लेकर मां-बहन तक कई बड़े प्रोजेक्ट्स में दिखाई देनी वाली हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी इस समय सुर्खियों में बनी हुई हैं।

एक्ट्रेस एक के बाद एक कई हिट दे रही हैं। रणबीर कपूर के साथ फिल्म एनिमल के बाद से ही तृप्ति डिमरी अपने करियर की पीक पर हैं। हाल ही में उन्होंने शाहिद कपूर के साथ फिल्म ओश रोमियो में गजब का काम किया।

बॉलीवुड सेंसेशन तृप्ति डिमरी ओ रोमियो के अलावा अपनी अपक मिंग फिल्म को लेकर भी सुर्खियों में हैं। एक्ट्रेस के पास अब कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। कॉमेडी से लेकर बायोपिक तक में अब वो नजर आएंगी। तृप्ति की मोस्ट अवेटेड फिल्म की बात करें, तो वो प्रभास के साथ की फिल्म स्पिरिट है। इस पैन-इंडिया फिल्म से उनके करियर को नई ऊंचाई मिलेगी। इस फिल्म में वो सुपरस्टार प्रभास के साथ नजर आएंगी। तृप्ति डिमरी और प्रभास की फिल्म स्पिरिट 5 मार्च 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह एक एक्शन पैक फिल्म होगी, जिसको पैन-इंडिया रिलीज किया जाएगा। एक्शन थ्रिलर होगी, जिसे हिंदी के साथ-साथ तेलुगु और अन्य भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा। अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स में तृप्ति कॉमेडी में भी डेब्यू करने वाली हैं। वो माधुरी दीक्षित के साथ मां बहन फिल्म में नजर आएंगी। यह एक कॉमेडी-ड्रामा है, जिसे नेटफ्लिक्स पर ही रिलीज किया जाएगा। मां बहन में तृप्ति का एक अलग अंदाज दिखेगा, जो लोगों को काफी पसंद आने वाला है। फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है, इसमें माधुरी दीक्षित के अलावा रवि किशन भी शामिल हैं। फिल्म की रिलीज डेट अभी सामने नहीं आई है। 70-80 के दशक की मशहूर एक्ट्रेस परवीन बॉबी पर एक बायोपिक प्लान की जा रही है। रिपोर्ट्स की मानें तो इस बायोपिक में तृप्ति डिमरी नजर आ सकती हैं। तृप्ति फिल्म में परवीन बॉबी की जिंदगी को पर्दे पर उतार सकती हैं। इस बायोपिक को नेटफ्लिक्स के लिए एक लिमिटेड सीरीज की तरह बनाया जा सकता है।

**यह एक एक्शन पैक फिल्म होगी, जिसको पैन-इंडिया रिलीज किया जाएगा। एक्शन थ्रिलर होगी, जिसे हिंदी के साथ-साथ तेलुगु और अन्य भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा। अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स में तृप्ति कॉमेडी में भी डेब्यू करने वाली हैं। वो माधुरी दीक्षित के साथ मां बहन फिल्म में नजर आएंगी।**

# सरगुन मेहता ने अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी, रवि दुबे संग बेबी प्लानिंग खबरों को बताया झूठ

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस सरगुन मेहता और उनके पति अभिनेता रवि दुबे के बारे में हाल ही में चल रही प्रेग्नेंसी अफवाहों ने मीडिया और सोशल मीडिया पर तूल पकड़ लिया था। कई न्यूज पोर्टल्स पर दावा किया कि यह कपल अपनी शादी के 12 साल बाद अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाला है। हालांकि, अब खुद सरगुन ने इसपर सख्त प्रतिक्रिया दी है और इन सभी अफवाहों को पूरी तरह से खारिज कर दिया है।

शनिवार को सोशल मीडिया पर एक लंबा नोट साझा करते हुए सरगुन ने लिखा कि यह बिना चीजों की खबरें बहुत पहले से वायरल हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, ह्लोगों को कैसे पता कि हम दोनों (मैं और रवि) के बारे में हमसे पहले ही प्रेग्नेंसी का पता चल गया है? कृपया इसे बंद करें। सरगुन ने अपने नोट में यह भी मजाकिया लहजे में लिखा कि अगर मीडिया की बात मानी जाए तो वे पिछले दो साल से प्रेग्नेंट हैं- इतनी लंबी प्रेग्नेंसी? जो कि सच से कोसों दूर है।'' उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी में अपनी नाराजगी जताते हुए कहा कि कभी-कभी उनकी कैफे या सलून की फोटो को देखकर भी लोग यह मान लेते हैं कि वे प्रेग्नेंट हैं। सरगुन ने सवाल उठाया, क्या वे मेरे डाक्टर्स को जानते हैं? या सिर्फ कुछ तस्वीरें देखकर अनाप-शनाप बातें बना रहे हैं? उन्होंने लोगों से विनती की कि वे ऐसी अफवाहें फैलाने से पहले किसी विश्वसनीय स्रोत से पुष्टि करें। इससे पहले भी सरगुन ने एक इंटरव्यू में कहा था कि शादी का मतलब हमेशा बच्चों की उम्मीद नहीं होती। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति की जिंदगी की प्राथमिकताएं अलग होती हैं। कुछ लोग जल्दी माता-पिता बनते हैं, कुछ बाद मे, यह व्यक्ति के निर्णय पर निर्भर करता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की अफवाहें शादी की पवित्रता को छोटा कर देती हैं, जबकि हर रिश्ते की अपनी एक अलग यात्रा होती है। बता दें कि सरगुन मेहता और रवि दुबे ने टीवी शो '12824 करोल बाग' की शूटिंग के दौरान एक-दूसरे को डेट किया और 7 दिसंबर 2013 को शादी रचाई। रवि दुबे जल्द ही फिल्म 'रामायण' में लक्ष्मण के रोल में दिखाई देंगे, जबकि सरगुन ने हाल ही में पंजाबी फिल्म 'सौंकन सौंकने 2' में काम किया है।

# कहीं आपके भी होश न उड़ा दे धुरंधर 2 का टीजर!

**मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाने के बाद, धुरंधर के प्रोड्यूसर ने हाल ही में धुरंधर: द रिवेंज का टीजर जारी किया। टीजर को अच्छा रिएक्शन मिला है। वहीं अब फिल्म मेकर फिल्म के रोमांच को बरकरार रखने के लिए एक्शन से भरपूर ट्रेलर रिलीज करने तैयार हैं।

धुरंधर के ब्लॉकबस्टर प्रदर्शन को देखते हुए फिल्म के ट्रेलर से उम्मीदें आसमान छू रही हैं। एक रिपोर्ट के मुता. बिक, रणवीर सिंह स्टारर इस फिल्म का ट्रेलर मार्च के पहले सप्ताह में रिलीज होगा। 5 मार्च की संभावना सबसे ज्यादा है। फिल्म को ईद पर रिलीज से पहले माहौल बनाने के लिए ट्रेलर को एकदम सही टाइम पर जारी किया जाएगा। इशका सावधानीपूर्वक सिलेक्शन किया जा रहा है।

खबरों के मुताबिक, ट्रेलर को भव्यता और रोमांच के बीच बैलेंस बनाए रखने के लिए एडिट किया गया है, जिसमें मूवी की कहानी को दिखाते हुए नए सीन और नए एंगल दिखाए गए हैं। मार्च की शुरुआत में रिलीज करने की स्ट्रेटजी के साथ, मेकर अब त्योहारी रिलीज के समय तक दर्शकों में उत्साह बनाए रखने का लक्ष्य रख रहे हैं।



सीक्वल में रणवीर सिंह का जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन देखने को मिलेगा। वे लयारी के किंग के रूप में वापसी कर रहे हैं और ट्रेलर के शुरुआती पार्ट देखने वालों का कहना है कि उनका बदला हुआ रूप और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस सबसे अलग है। बताया जा रहा है कि एक्टर ने इस किरदार को निभाने के लिए खूब तैयारियां की हैं।

# बॉबी देओल की फिल्म बंदर की रिलीज डेट हुई अनाउंस



**मुंबई।** बॉबी देओल फिल्म एनिमल के बाद से ही चर्चा में है। इस फिल्म में वह अबरार के रोल में दिखे थे और उन्होंने अपने इस किरदार से तहलका मचा दिया। वहीं, इसके बाद अब वह फिर से धांसू रोल में नजर आने वाले हैं। दरअसल, बॉबी देओल फिल्म बंदर मंकी इन ए केज में नजर आएंगे। आज मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी है। तो चलिए जानते हैं मूवी किस दिन सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

दरअसल, अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी बॉबी देओल, सान्या मल्होत्रा, सबा आजाद और सपना पब्बी स्टारर फिल्म बंदर का हाल ही में मेकर्स ने नया पोस्टर रिलीज करते हुए फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया है। इस पोस्टर में बॉबी अग्रेसिव लुक में दिख रहे हैं और उन्होंने सन ग्लासेस पहने हैं। वही, कैप्शन में लिखा, 22 मई 2026 को सिनेमा हॉल में मिलते हैं। बता दें कि फिल्म बंदर को निखिल द्विवेदी ने प्रोड्यूस किया है और बीते साल ही इस मूवी का पहला पोस्टर भी तभी अनाउंस किया था। 2025 की जुलाई में ही फिल्म को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए चुना गया था।जहां पर इसे अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। इसके बाद अब यह बॉलीवुड सिनेमा में धूम मचाने को तैयार है। वहीं, पोस्टर को लेकर भी लोग तारीफ कर रहे हैं, द गेम चेंजिंग मूवी। दूसरे ने लिखा, बॉबी देओल की नियमित खलनायक भूमिकाओं से कुछ अलग देखने को मिलेगा। उम्मीद है कि यह सिनेमाघरों में हमें चौंका देगा।

# मॉडर्न लव स्टोरी में छा गई मृणाल-सिद्धांत की जोड़ी

**मुंबई।** सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर स्टारर रोमांटिक ड्रामा फिल्म दो दीवाने सहर में आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म के साथ अनुराग सिन्हा के डायरेक्शन में बनी तापसी पन्नू स्टारर फिल्म अस्सी भी रिलीज हुई है।

वहीं, दो दीवाने सहर में मृणाल और सिद्धांत की रोमांटिक लव स्टोरी दिखाई गई है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे एक अरेंज मैरिज के लिए मिले एक लड़का और लड़की की कहानी किस मोड़ पर जाती है। तो चलिए फिल्म को लेकर एक नजर डालते हैं दर्शकों के रिएक्शन पर कि उन्हें यह फिल्म कैसी लगी है।

ट्विटर पर दो दीवाने सहर में को लेकर लोग रिएक्ट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, दो दीवाने शहर में के स्पेशल फैन प्रीव्यू में दर्शकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया देखने को मिली, जहां सिद्धांत और मृणाल दर्शकों के पसंदीदा बन गए।

मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी की उपस्थिति ने फिल्म के प्रति उत्साह को और बढ़ा दिया। सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर स्टारर रोमांटिक ड्रामा फिल्म दो दीवाने सहर में सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। एक अन्य यूजर ने फिल्म को लेकर लिखा, इस वैलेंटाइन डे पर, प्यार की गूंज सुनाई देगी 'आस्मा'। मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी अभिनीत फिल्म 'दो दीवाने शहर में' आधुनिक प्रेम कहानी को वास्तविक रोमांस के सार के साथ प्रस्तुत करती है। तीसरे यूजर ने लिखा, यह पहले से ही ट्रेंड कर रहा है।

कोई शोर-शराबा नहीं।

बस भावनाएं और

अब BookMyShow पर भी ट्रेंड कर रहा है।'दो दीवाने सहर में' यह साबित कर रहा है कि एक अपूर्ण रूप से परिपूर्ण प्रेम कहानी, जिसे ईमानदारी से बताया जाए, असरदार है।



**सिद्धांत और मृणाल की यह फिल्म सबसे चर्चित रोमांटिक ड्रामा है, रवि उदयवार द्वारा निर्देशित यह फिल्म समकालीन शहरी जीवन की पृष्ठभूमि पर आधारित एक मार्मिक प्रेम कहानी में युवा सितारों की एक नई जोड़ी को पर्दे पर पेश करती है। फिल्म दिखाती है कि किस तरह आधुनिक रिश्तों की उलझनों और खामियों से जूझते हुए परीकथाओं वाले रोमांस के बजाए साझा कमजोरियों के माध्यम से जुड़ाव पाते हैं।**

# प्रियंका ने किया बॉलीवुड छोड़ने का खुलासा

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा, जिन्होंने ग्लोबल लेवल पर भारत का मान बढ़ाया है, अब लंबे इंतजार के बाद बॉलीवुड में धमाकेदार वापसी करने के लिए तैयार हैं। प्रियंका जल्द ही दिग्गज निर्देशक एसएस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' में नजर आएंगी। इस कमबैक की खबरों के बीच प्रियंका ने उन कड़वे अनुभवों और वजहों को साझा किया है, जिसके चलते उन्हें बॉलीवुड छोड़कर हॉलीवुड का रुख करना पड़ा था। प्रियंका ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि वे कभी भी बॉलीवुड छोड़ना नहीं चाहती थीं, लेकिन उन्हें इंडस्ट्री में एक कोने में धकेला जा रहा था। उन्होंने बताया कि वे उस समय फिल्म इंडस्ट्री में खुद को काफी 'सीमित' महसूस कर रही थीं। वे ऐसे मौकों की तलाश में थीं जो उन्हें एक कलाकार के तौर पर नई ऊर्जा दें। जब बॉलीवुड में उन्हें सीमित महसूस होने लगा, तब प्रियंका ने अमेरिका का रुख किया। वहां उन्होंने संगीत और फिर 'क्वांटिको' जैसी सीरीज के जरिए अपनी नई पहचान बनाई। प्रियंका के अनुसार, उन्होंने किसी एक इंडस्ट्री को नहीं चुना, बल्कि जहां उन्हें बेहतर काम मिला, वे वहां चली गईं। आज वे दोनों ही इंडस्ट्रीज हॉलीवुड और बॉलीवुड में संतुलन बनाकर काम करना पसंद करती हैं।





